शनिवार, 28 मार्च 2026

मौसम

तापमान 22 – 32
आर्द्रता 67%
सूर्योदय: 05:35 सूर्यास्त: 17:50

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, चैत्र शुक्लपक्ष दशमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



राहुल जगह-जगह जाकर देश की अर्थव्यवस्था के बारे में गलत बोलते हैं, उन्हें ट्यूशन दिया जाए: कंगना पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : बुरे को हमेशा बुरा और अच्छे को अच्छा कहो।

# सरकार ने पेट्रोल, डीजल पर उत्पाद शुल्क 10-10 रुपये घटाया

## तेल कंपनियों को सरकार ने दी बड़ी राहत



**नयी दिल्ली :** सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10–10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। इस कदम से पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे तेल की बढ़ी वैश्विक कीमतों से घरेलू उपभोक्ताओं को राहत दी गयी है। बृहस्पतिवार देर रात जारी एक अधिसूचना के अनुसार इसके साथ ही सरकार ने डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर शुल्क लगा दिया है। सरकार ने डीजल के निर्यात पर 21.5 रुपये प्रति लीटर और विमान ईंधन पर 29.5 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया है। पेट्रोल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क 13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर तीन रुपये कर दिया गया है, जबकि डीजल पर इसे 10 रुपये से घटाकर शून्य कर दिया गया है। रूस–यूक्रेन युद्ध के बाद रिफाइनरी कंपनियों के 'अप्रत्याशित लाभ' (विंडफॉल टैक्स) पर लगाम लगाने के लिए जुलाई 2022 में पहली बार यह कर लगाया गया था। 'अप्रत्याशित मुनाफा' उस अतिरिक्त लाभ को कहते हैं जो कंपनियों को बिना किसी निवेश या प्रयास के केवल वैश्विक परिस्थितियों के कारण अचानक मिलता है। इस कर को दिसंबर 2024 में हटा लिया गया था, जिसे अब दोबारा लागू किया गया है। हालांकि, पिछली बार के विपरीत ओएनजीसी जैसी घरेलू कच्चा तेल उत्पादक कंपनियों पर कोई अप्रत्याशित लाभ कर नहीं लगाया गया है। उत्पाद शुल्क में इस कटौती के बाद पेट्रोल पर प्रभावी उत्पाद शुल्क 11.9 रुपये प्रति लीटर होगा (जिसमें 1.40 रुपये मूल उत्पाद शुल्क, 3 रुपये विशेष अतिरिक्त शुल्क, 2.50 रुपये कृषि उपकर और 5 रुपये सड़क बुनियादी ढांचा उपकर शामिल है)। वहीं, डीजल पर प्रभावी शुल्क 7.80 रुपये प्रति लीटर (1.80 रुपये मूल शुल्क, 4 रुपये कृषि उपकर और 2 रुपये सड़क उपकर) रह जाएगा। सालाना 175 अरब लीटर ईंधन की बिक्री (115 अरब लीटर डीजल और 60 अरब लीटर पेट्रोल) को देखते हुए, इस शुल्क कटौती का राजकोषीय प्रभाव सालाना 1.75 लाख करोड़ रुपये होगा। यह कटौती अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में उछाल के कारण तेल कंपनियों को हो रहे रिकॉर्ड नुकसान के बाद की गई है। ईरान पर अमेरिका–इजराइल के हमले और ईरान की जवाबी कार्रवाई के कारण वैश्विक आपूर्ति बाधित होने से कच्चे तेल की कीमतें इस महीने लगभग 50 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं।

### सरकारी खजाने पर 15 दिन में 5,500 करोड़ रुपये का बोझ

पेट्रोल और डीजल पर 10–10 रुपये प्रति लीटर की उत्पाद शुल्क कटौती और विमान ईंधन (एटीएफ) तथा डीजल के निर्यात शुल्क में बढ़ोतरी से पखवाड़े में शुद्ध रूप से 5,500 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान होगा। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन विवेक चतुर्वेदी ने शुक्रवार को बताया कि उत्पाद शुल्क में कटौती से करीब 7,000 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान होगा, जबकि डीजल तथा एटीएफ के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क में बढ़ोतरी से पखवाड़े में 1,500 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय होगी।

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार 11.41 अरब डॉलर घटकर 698.346 अरब डॉलर पर

**मुंबई :** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 मार्च को समाप्त सप्ताह में 11.413 अरब डॉलर घटकर 698.346 अरब डॉलर रह गया। मुख्य रूप से स्वर्ण भंडार में भारी गिरावट की वजह से विदेशी मुद्रा भंडार घटा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 7.05 अरब डॉलर घटकर 709.76 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार में 27 फरवरी को समाप्त हुए सप्ताह में 4.88 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी और यह अब तक के सबसे उच्चतम स्तर 728.49 अरब डॉलर पर पहुंच गया था।

### रुपया 89 पैसे लुढ़ककर अब तक के सबसे निचले स्तर 94.85 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई :** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 89 पैसे लुढ़ककर 94.85 प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और वृहद आर्थिक परिदृश्य पर इसके दुष्प्रभाव की आशंका से घरेलू मुद्रा पर दबाव बना हुआ है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी निवेशकों की निरंतर बिकवाली और पश्चिम एशिया संघर्ष पर अनिश्चितताओं के बीच मजबूत डॉलर के दबाव के कारण रुपया कमजोर हो रहा है।

### लॉकडाउन पर कोई चर्चा नहीं, इसे लागू करने जैसे कोई हालात नहीं: सरकार

सरकार ने शुक्रवार को कहा कि भारत के पास पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का कम से कम दो महीने तक का पर्याप्त भंडार है और पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण ऊर्जा आपूर्ति में आई बाधाओं के बावजूद लॉकडाउन लगाने की कोई संभावना नहीं है। एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि भारत के पास करीब 60 दिन का तेल भंडार उपलब्ध है और एक महीने की एलपीजी आपूर्ति की व्यवस्था की गई है। पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पश्चिम एशिया में युद्ध से उत्पन्न स्थिति पर संवाददाता सम्मेलन में कहा, '' लॉकडाउन जैसी कोई स्थिति नहीं है। इस पर विचार भी नहीं किया जा रहा है।''

#### क्या होता है उत्पाद शुल्क

पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी (उत्पाद शुल्क) केंद्र सरकार द्वारा लगाया जाने वाला एक टैक्स है। इसे लगाने के पीछे मुख्य उद्देश्य राजस्व इकट्ठा करना है, जिसका उपयोग देश के विकास, बुनियादी ढांचे, रक्षा और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लिए किया जाता है।

# मुर्शिदाबाद में रामनवमी शोभायात्रा पर पथराव के बाद भड़कीं हिंसा, कई लोग घायल

## मुर्शिदाबाद जिले के जंगीपुर के रघुनाथगंज इलाके की घटना

- स्थिति नियंत्रित करने के लिए विशाल पुलिस वाहिनी व रैफ के साथ केंद्रीय बल तक को उतारना पड़ा



**कोलकाता :** विधानसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच बंगाल में इस बार भी रामनवमी की शोभायात्रा पर शुक्रवार को पथराव की घटना के बाद हिंसा भड़क उठी। घटना बांग्लादेश की सीमा से सटे मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले के जंगीपुर अनुमंडल के रघुनाथगंज थाना इलाके की है। रामनवमी की शोभायात्रा पर पथराव के बाद वहां दो समुदायों के बीच हिंसक संघर्ष में एक दर्जन से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए विशाल पुलिस वाहिनी व रैपिड एक्शन फोर्स (रैफ) के साथ केंद्रीय बल तक को उतारना पड़ा। घटना रघुनाथगंज के फूलतला इलाके की है। स्थिति को काबू में करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया।

भाजपा का आरोप है कि जब उसकी रामनवमी शोभायात्रा फूलतला मोड़ से गुजर रही थी तभी मुस्लिम समुदाय के लोगों ने उसपर अचानक ईंट व पत्थर बरसाना शुरू कर दिया। दूसरी ओर, मुस्लिम समुदाय का कहना है कि शोभायात्रा में शामिल लोगों में से पहले हमला किया गया। जिसके बाद संघर्ष शुरू हो गया। इस दौरान जमकर पत्थारबाजी के साथ लाठी–डंडों से हमला किया गया। भाजपा का दावा है कि हमले में उसके 10–12 कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मुस्लिम समुदाय के युवकों पर कई दुकानों में तोडफ़ोड़ व आगजनी का भी आरोप है। घटना की खबर मिलते ही खुद मुर्शिदाबाद रेंज के डीआइजी अजय सिंह यादव भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने दावा किया कि स्थित फिलहाल नियंत्रण में है।

**घटना से इलाके में व्यापक तनाव, कई गिरफ्तार**

डीआइजी ने बताया कि घटना के सिलसिले में कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि इसकी संख्या फिलहाल उन्होंने नहीं बताई। घटना से इलाके में व्यापक तनाव है। हिंसा के बाद इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस बलों को तैनात किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि उपद्रवियों को पकडऩे के लिए पुलिस इलाके में गहन तलाशी अभियान चला रही है। घटना के कारणों की जांच के लिए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

**मुर्शिदाबाद में पिछले साल हुई थी हिंसा**

वहीं, मुर्शिदाबाद जिले में पिछले साल मार्च में केंद्र के नए वक्फ बिल के खिलाफ आंदोलन के दौरान जबर्दस्त हिंसा भड़की थी। इस दौरान शमशेरगंज इलाके में उपद्रवियों ने दो लोगों (पिता–पुत्र) की निर्मम तरीके से हत्या कर दी थी। हिंसा से बड़ी संख्या में हिंदू परिवार प्रभावित हुए थे। इसके बाद कुछ माह पहले झारखंड में एक बंगाली प्रवासी श्रमिक की हत्या की घटना के बाद मुर्शिदाबाद के बेलडांगा इलाके में जबर्दस्त हिंसा हुई थी। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने दो दिनों तक राष्ट्रीय राजमार्ग भी बाधित कर दिया था।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

### रैपर से नेता बने 'बालेन' ने नेपाल के 47वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली

**काठमांडू :** नेपाल में 'जेन जेड' के विरोध प्रदर्शन के कारण के पी शर्मा ओली नीत सरकार के सत्ता से अपदस्थ होने के छह महीने बाद शुक्रवार को बालेंद्र शाह 'बालेन' ने नेपाल के लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। रैपर से नेता बने राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के 35 वर्षीय नेता ने शीतल निवास स्थित राष्ट्रपति कार्यालय में अपराह्न 12 बजकर 34 मिनट पर 'शुभ मुहूर्त' में शपथ ली।

## बंगाल में उत्पादित रसोई गैस को देश के अन्य हिस्सों में नहीं भेजा जाना चाहिए: ममता बनर्जी

बंगाल में उत्पादित रसोई गैस को देश के अन्य हिस्सों में नहीं भेजा जाना चाहिए: ममता बनर्जी

कोलकाता, 27 मार्च (भाषा) पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच एलपीजी की संभावित कमी की आशंकाओं का हवाला देते हुए कहा कि राज्य में उत्पादित रसोई गैस को देश के अन्य हिस्सों में नहीं भेजा जाना चाहिए। केंद्र सरकार द्वारा तेल विपणन कंपनियों को वैश्विक कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से निपटने में मदद करने के लिए पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये की कटौती करने के फैसले पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में, बनर्जी ने सवाल उठाया कि क्या इसका लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कोलकाता हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा, उन्होंने पहले ईंधन की कीमतें चिंत–ाजनक स्तर तक बढ़ा दीं और अब शुल्क में मामूली कटौती कर रहे हैं। मैं चाहती हूं कि लोगों को इसका



लाभ मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि चुनाव ड्यूटी के लिए राज्य में तैनात सरकारी कर्मचारियों और अर्धसैनिक बलों के लिए एलपीजी आवंटन के कारण आम नागरिकों को परेशानी न हो। मुख्यमंत्री ने कहा, पेट्रोल और गैस सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं लेकिन हल्दिया और राज्य के अन्य हिस्सों में उत्पादित रसोई गैस को बाहर नहीं भेजा जाना चाहिए, खासकर तब जब हमारे राज्य के पुलिस अधीक्षक (एसपी) और जिलाधिकारी को निर्वाचन आयोग द्वारा हटा दिया गया है। उन्होंने कहा, राज्य के बाहर से 10 लाख से अधिक लोगों को चुनाव ड्यूटी पर यहां तैनात किया जाएगा। उन्हें रसोई गैस उपलब्ध करानी होगी लेकिन इससे आम नागरिकों को सिलेंडर की आपूर्ति में कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से केरोसिन की आपूर्ति बढ़ा दी है ताकि उन लोगों को सहायता मिल सके जो अब भी इस पर निर्भर हैं, हालांकि अधिकांश परिवार एलपीजी का उपयोग करने लगे हैं। इससे पहले, 12–13 मार्च को राज्य सचिवालय में तेल विपणन कंपनियों और गैस वितरकों के साथ अपनी बैठक के दौरान, बनर्जी ने राज्य में गैस भंडार की निगरानी और आपूर्ति संबंधी बाधाओं को दूर करने के लिए 24 घंटे चलने वाले एलपीजी नियंत्रण कक्ष का उद्घाटन किया। उन्होंने एलपीजी सिलेंडर को राज्य से बाहर भेजने पर रोक और जमाखोरी तथा कालाबाजारी से निपटने के लिए 10 सूत्रीय सलाह और मानक संचालन प्रक्रिया भी जारी की थी।

### इजराइल ने ईरान पर नये सिरे से हमले शुरू किए, ट्रंप ने तेहरान को दी गई समयसीमा बढ़ाई

**ईरान ने अपने परमाणु केंद्रों को निशाना बनाए जाने की बात कही**

**दुबई (यूएई) :** इजराइल ने शुक्रवार को ईरान पर नये सिरे से हमले शुरू किए जबकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि युद्ध खत्म करने के लिए सार्थक बातचीत जारी है। ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने के लिए ईरान को दी गई समय–सीमा आगे बढ़ा दी, हालांकि ईरान के झुकने के कोई संकेत नहीं मिले हैं। इजराइल की सेना ने कहा कि शुक्रवार को तेहरान में हमले करते हुए बैलिस्टिक मिसाइल और अन्य हथियार बनाने के ठिकानों को निशाना बनाया गया। सेना ने कहा कि इसके अलावा पश्चिमी ईरान में मिसाइल लॉन्चर और भंडारण स्थलों पर भी हमले किए गए। इजराइल में भी हवाई हमले के सायरन बजे और सेना ने कहा कि वह ईरान की मिसाइलों को रोकने की कोशिश कर रही है। वहीं, ईरान ने खाड़ी देशों पर मिसाइल और ड्रोन हमले जारी रखे, जिसकी वजह से बहरीन, कतर और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अलर्ट जारी किया गया।

# भारत की सैन्य ताकत में होगा इजाफा

## एस–400 की अतिरिक्त खरीद

## सरकार ने रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए 2.38 लाख करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एस–400 मिसाइल प्रणाली और परिवहन विमान सहित 2.38 लाख करोड़ रुपये के हथियारों और सैन्य उपकरणों की खरीद को मंजूरी दे दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) ने इन प्रस्तावों को मंजूरी दी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि डीएसी ने एस–400 मिसाइल प्रणालियों और सैन्य परिवहन विमानों की खरीद को मंजूरी दे दी है, लेकिन उसने सटीक संख्या का उल्लेख नहीं किया। हालांकि, विश्वसनीय सूत्रों ने बताया कि इस मंजूरी में पांच एस–400 इकाइयां और 60 परिवहन विमान शामिल हैं। माना जा रहा है कि 12 विमान उड़ान भरने की स्थिति में खरीदे जाएंगे जबकि 48 विमानों का उत्पादन भारत में होगा। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय वायुसेना के लिए



मध्यम परिवहन विमान, सतह से हवा में मार करने वाली लंबी दूरी की एस–400 मिसाइल प्रणाली, ड्रोन की खरीद और एसयू–30 एयरो इंजन की मरम्मत के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। इसने कहा कि एएन32 और आईएल76 परिवहन विमानों के बेड़े को बदलकर मध्यम परिवहन विमानों को शामिल करने से सेवाओं की रणनीतिक, सामरिक और परिचालन हवाई परिवहन आवश्यकताओं को पूरा किया जा सकेगा। मंत्रालय ने कहा, ''एस–400 प्रणाली महत्वपूर्ण क्षेत्रों को निशाना बनाने वाले दुश्मन के लंबी दूरी के हवाई हमलों का मुकाबला करेगी, जबकि ड्रोन जवाबी कार्रवाई और समन्वित हवाई अभियानों को अंजाम देने में मददगार होंगे।

# ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना और नागरिकों के हितों की रक्षा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताएं: मोदी

- मोदी ने मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की, 'टीम इंडिया' की भावना पर जोर दिया

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न वैश्विक स्थिति गतिशील बनी हुई है, और इस बात पर जोर दिया कि आर्थिक और व्यापारिक स्थिरता बनाए रखना, ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना, उद्योग एवं आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करना तथा नागरिकों के हितों की रक्षा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं। मुख्यमंत्रियों के साथ डिजिटल माध्यम से बैठक की अध्यक्षता करते हुए मोदी ने कहा कि स्थिति के लिए निरंतर निगरानी और अनुकूल रणनीतियों की आवश्यकता है। उन्होंने केंद्र और राज्यों के बीच निरंतर संचार और समन्वय के साथ–साथ समय पर सूचनाओं के आदान–प्रदान एवं संयुक्त निर्णय लेने का आह्वान किया, ताकि प्रतिक्रियाएं त्वरित और सुव्यवस्थित हों। मुख्यमंत्रियों से आपूर्ति शृंखलाओं के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने और जमाखोरी और मुनाफाखोरी के खिलाफ सख्त उपाय करने का



आग्रह करते हुए मोदी ने गलत सूचनाओं और अफवाहों के प्रसार के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने इस पर भी जोर दिया कि सटीक और विश्वसनीय जानकारी का समय पर प्रसार आवश्यक है। पश्चिम एशिया की स्थिति का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को इसी तरह की वैश्विक बाधाओं से निपटने का पूर्व अनुभव है, और उन्होंने कोविड–19 महामारी के दौरान की गई सामूहिक प्रतिक्रिया को याद किया, जब केंद्र और राज्यों ने आपूर्ति शृंखलाओं, व्यापार और दैनिक जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने के लिए साथ मिलकर काम किया था।

बैठक में भाग लेने वाले मुख्यमंत्रियों में एन चंद्र बाबू नायडू (आंध्र प्रदेश), योगी आदित्यनाथ (उत्तर प्रदेश), रेवंत रेड्डी (तेलंगाना), भगवंत मान (पंजाब), भूपेन्द्र पटेल (गुजरात), उमर अब्दुल्ला (जम्मू कश्मीर), सुखविंदर सिंह सुक्खू (हिमाचल प्रदेश) और पेमा खांडू (अरुणाचल प्रदेश) समेत अन्य थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे।

## निर्वाचन आयोग ने बंगाल में दूसरी पूरक मतदाता सूची प्रकाशित की

**कोलकाता :** निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार रात पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत दूसरी पूरक सूची प्रकाशित की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। हालांकि, निर्वाचन आयोग ने दूसरी सूची में हटाए गए या शामिल किए गए नामों की कुल संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने कहा, ''दूसरी सूची प्रकाशित हो चुकी है। हम इससे अधिक जानकारी नहीं दे सकते।'' उन्होंने बताया कि बूथवार सूचियां रात करीब 11:30 बजे निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गईं, लेकिन कुछ 'तकनीकी खराबी' के कारण हटाए गए या शामिल किए गए नामों से संबंधित डेटा वाले वेब पेज तक पहुंचा नहीं जा सका।

## अयोध्या में धूमधाम से मनाई गई रामनवमी, 'सूर्य तिलक' बना आकर्षण का केंद्र

**प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या के राम मंदिर में 'सूर्य तिलक' समारोह को ऑनलाइन माध्यम से देखा**

**अयोध्या :** भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी का पर्व शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के अयोध्या में लाखों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में अत्यधिक भव्यता और श्रद्धा के साथ मनाया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार इस अवसर पर 10 लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, राम मंदिर में दोपहर 12 बजे वैज्ञानिक तकनीक की मदद से रामलला का 'सूर्य तिलक' किया गया। इस दौरान करीब नौ मिनट तक सूर्य की किरणें सीधे भगवान के ललाट पर पड़ीं। गर्भगृह में 14 पुजारियों ने वैदिक परंपरा के अनुसार अनुष्ठान संपन्न किए। समारोह के उपरांत मंदिर के कपाट कुछ समय के लिए बंद कर भगवान को 56 व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया। श्रीराम की प्रतिमा की स्थापना के बाद यह दूसरा 'सूर्य



तिलक' समारोह था। रामनवमी का पर्व चैत्र नवरात्र के नौवें दिन मनाया जाता है, यह भगवान श्रीराम के जन्म का प्रतीक पर्व है। सुबह सूर्योदय के साथ ही उत्सव की शुरुआत सूर्य आराधना से हुई, जबकि दोपहर में भगवान के जन्म के समय सभी मंदिरों में विशेष पूजन और अनुष्ठान आयोजित किए गए।



## गैरजरूरी खींचतान में फंसे पंजाब-हिमाचल

सही मायनों में पंजाब तथा हिमाचल प्रदेश में सीमा प्रवेश शुल्क को लेकर जारी विवाद ने देश के संघीय ढांचे में व्याप्त एक गहरी खामी को ही उजागर किया है। जो बताता है कि देश के राज्यों की राजस्व जरूरतों तथा अंतर्राज्यीय आवागमन के सिद्धांतों के बीच टकराव के कारण मौजूद हैं। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि हिमाचल प्रदेश फिलहाल वित्तीय संकट की चुनौती से रूबरू है। उसने अपने वित्तीय संसाधन बढ़ाने के लिये दूसरे राज्यों से आने वाले वाहनों पर राज्य में प्रवेश करने का शुल्क लगभग दोगुना करने का निर्णय लिया है। हालांकि, हिमाचल प्रदेश ने यह फैसला अपने आय के स्रोतों को बढ़ाने के लिए लिया था। लेकिन यह वित्तीय फैसला बाद में हिमाचल प्रदेश व पंजाब में राजनीतिक व आर्थिक विवाद का रूप ले चुका है। यही वजह है इस फैसले से ज्यादा प्रभावित राज्य पंजाब ने भी हिमाचल प्रदेश के वाहनों पर ऐसे ही कर बढ़ाने की धमकी दे दी है। वास्तव में हिमाचल सरकार का यह फैसला दूरगामी दृष्टिकोण को नहीं दर्शाता है। यह सर्वविदित है कि हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था बहुत अधिक हद तक पर्यटन उद्योग पर ही निर्भर है। ऐसे में इस कदम का राज्य के पर्यटन उद्योग पर नकारात्मक असर भी पड़ सकता है। यह बढ़ाया गया प्रवेश शुल्क पर्यटकों पर अतिरिक्त बोझ डाल सकता है। खासकर पड़ोसी राज्य पंजाब से आने वाले कम बजट के साथ यात्रा पर निकले पर्यटकों के लिये, जो कि सप्ताहांत में आने वाले पर्यटकों का एक बड़ा हिस्सा है। निस्संदेह, इस फैसले से ऐसे पर्यटक हत-ोत्साहित हो सकते हैं। इस समस्या का एक पहलू यह भी है कि मौजूदा प्रतिस्पर्धी पर्यटन के परिदृश्य में टैक्स बढ़ाए जाने पर पर्यटक वैकल्पिक पहाड़ी पर्यटक स्थलों की ओर रुख कर सकते हैं। राज्य द्वारा बाद में इस कर-वृद्धि के फैसले की समीक्षा करने का निर्णय लेना, निश्चित रूप से इस मुद्दे की आर्थिक संवेदनशीलता को ही दर्शाता है।

यह भी एक हकीकत है कि दो राज्यों के बीच लिए गए कर बढ़ाने के ऐसे फैसलों पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत होनी चाहिए। यह जानते हुए कि हिमाचल प्रदेश गंभीर आर्थिक चुनौती का सामना कर रहा है, पंजाब की प्रतिक्रिया संवेदनशील ढंग से सामने आनी चाहिए थी। ऐसे में पंजाब की हिमाचल की तर्ज पर कर बढ़ाने की चेतावनी प्रतिशोधात्मक नीति पर चलने के अप्रिय फैसले को ही उजागर करती है। इस तरह की बदले में कर लगाने की नीति राजनीतिक दृष्टि से भले ही सुविधाजनक लगती हो, लेकिन आम लोगों को इसका खमियाजा भुगतना पड़ता है। ऐसे निर्णय से दैनिक यात्रियों, परिवहन उद्योग से जुड़े लोगों और छोटे व्यवसायियों की आवाजाही बाधित हो सकती है। इनकी यात्रा की सुगमता सीमा पार सुचारू आवागमन पर निर्भर करती है। निर्विवाद रूप से दोनों राज्यों के बीच अंतर्राज्यीय गलियारे व्यापार, श्रम गतिशीलता और क्षेत्रीय एकीकरण की जीवन रेखा के पर्याय होते हैं। यदि हम व्यापक स्तर पर इस समस्या को देखें तो यह घटनाक्रम देश के संघवाद की भावना पर भी प्रश्न उठाता है। यह एक हकीकत है कि वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी ढांचे द्वारा समर्थित हमारी आर्थिकी की संरचना का लक्ष्य आंतरिक व्यापार बाधाओं को कम करना है। दूसरे अर्थों में देखें कि बाहरी राज्यों से आने वाले वाहनों पर असमान रूप से लक्षित करके अतिरिक्त प्रवेश-कर लगाना, इस उद्देश्य को कमजोर कर सकता है। जो अतीत की उस दोषपूर्ण 'चेक पोस्ट' अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित कर सकती है, जो तमाम विसंगतियों को लिए हुए थी। निर्विवाद रूप से ऐसे मामलों में अधिक संतुलित दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत होगी। यदि राज्य का राजस्व वृद्धि ही लक्ष्य है तो इसके लिये तर्कसंगत टोल प्रणाली को अपनाना होगा। वहीं दूसरी ओर बुनियादी ढांचे के रखरखाव से जुड़े लक्षित उपयोगकर्ता शुल्क जैसे विकल्पों पर भी विचार करना होगा। साथ ही अंतर्राज्यीय संबंधों को टकराव की बजाय संवाद के माध्यम से सुलझाने की जरूरत है। वह भी तब जब हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्र और पंजाब के मैदानी इलाके आर्थिक रूप से एक-दूसरे पर निर्भर हैं। पड़ोसी को साझेदार की बजाय राजस्व स्रोत के रूप में देखने की प्रवृत्ति दोनों के लिये नुकसान दायक साबित होगी।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 28 मार्च, शनिवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, चैत्र शुक्लपक्ष दशमी, 08:47 तक, नक्षत्र : पुष्य, 14:50 तक, योग : सुकर्माण, 20:06 तक, सूर्योदयः 05:35, सूर्यास्तः 17:50, चन्द्रोदय : 13:32, चन्द्रास्तः 02:21, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : कर्क, राहू काल : 08:39 से 10:10

## राशिफल

**मेष :** आज आप पूरी लगन और मेहनत के साथ अपने कामों में जुटे रहेंगे, जिसका परिणाम भी आपको अच्छा मिलेगा। आपके अधूरे काम आसानी से पूरे हो सकते हैं।

**वृष :** आज का दिन आपके जीवन स्तर में सुधार लेकर आने वाला है। कार्यक्षेत्र में किसी काम को पूरा करने के लिए आपको अपने जूनियर की मदद लेनी पड़ सकती है।

**मिथुन :** आज का दिन आर्थिक दृष्टि से आपके लिए काफी अच्छा रहने वाला है। आय के नए रास्ते खुल सकते हैं और आपके मन में काम को लेकर नए-नए विचार भी आएंगे।

**कर्क :** आज का दिन थोड़ा चिंता भरा रह सकता है। आप अपने कामों में बदलाव करने की सोचेंगे, लेकिन फिलहाल वह निर्णय ज्यादा लाभदायक नहीं रहेगा। लेन-देन करने से बचना ही समझदारी होगी।

**सिंह :** आज का दिन आपको अपने कामों में पूरी एकाग्रता के साथ जुटने की सलाह देता है। कुछ खास लोगों से आपकी मुलाकात हो सकती है, जो भविष्य में आपके लिए लाभदायक साबित होगी।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए काफी व्यस्तता भरा रहने वाला है। एक साथ कई काम आने से थोड़ी बेचैनी और भागदौड़ बढ़ सकती है। मिलन समारोह की योजना बना सकते हैं।

**तुला :** आज आपके विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन आप अपनी समझदारी से परिस्थितियों को संभाल लेंगे। आपकी आय के नए स्रोत बन सकते हैं।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह खोलने वाला है। एक के बाद एक अच्छी खबरें मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। योजनाओं को लेकर बिल्कुल भी लापरवाही नहीं करेंगे।

**धनु :** आज का दिन खर्चों से भरा रह सकता है, इसलिए आपको अपने बजट का खास ध्यान रखना होगा। यदि आपका कहीं धन अटका हुआ था, तो उसके वापस मिलने की संभावना बन रही है।

**मकर :** व्यापार से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन काफी अच्छा रहने वाला है। किसी दूर रह रहे रिश्तेदार से खुशखबरी मिलने के संकेत हैं। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी।

**कुम्भ :** आज यदि आपका कोई काम लंबे समय से रुका हुआ है तो उसे पूरा करने में थोड़ी मुश्किल आ सकती है। नौकरी में भी कुछ चुनौतियां सामने आ सकती हैं, लेकिन धैर्य बनाए रखें।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए आध्यात्मिक कार्यों से जुड़कर सम्मान और पहचान प्राप्त करने वाला है। अपने आसपास के लोगों को समझने और छिपे हुए विरोधियों को पहचानने की जरूरत है।

# फिर याद आये मिसाइल मैन डॉ. कलाम



राज मिठौलिया

इस समय इजराइल, अमेरिका और ईरान के बीच चले रहे घातक जंग के मद्देनजर हमें हमारे हर दिल अजीज पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे कलाम (स्वर्गीय) बहुत याद आ रहे हैं क्योंकि वे ताउम राष्ट्रहित के पक्ष में अपनी आवाज बुलंद करते रहे। भारत के मिसाइलमैन नाम से प्रसिद्ध डॉ0 कलाम ने अपनी सकारात्मक सोच और भारत की सांस्कृतिक परम्परा को मजबूती प्रदान करने में अहम भूमिका सकुशल निभाते हुए दुनिया में देश का नाम रोशन किया। इसमें कोई दो राय नहीं कि जिन्दगी की इस आपाधापी में कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो अपने मानव कल्याण, ज्ञान, समाज सुधार व रास्ट्रनिष्ठा जैसे पावन कार्यों की वजह से. मृत्यु के बादभी जिंदा रहते हैं। कहते हैं न जीवन मिलना भाग्य की बात है, मृत्यु होना समय की बात है पर मृत्यु के बाद भी, लोगों के दिलों में जीवित रहना, यकीनन कर्मो की बात है। डॉ0 कलाम के बारे में ये सारे विचार बिल्कुल सठीक बैठते हैं। डॉ0 कलाम की एक से बढ़कर एक उपलब्धियों को बड़े आदर और सम्मान के साथ हम सामने रख सकते हैं। इस तमाम उपलब्धियों के बीच भारत को परमांणु संपन्न देश बनाकर डॉ0 कलाम ने अपनी रास्ट्रभक्ति का परिचय बखूबी दिया। यकीनन डॉ0 काम की इस अपरिग्रही राष्ट्रसेवा ने उन्हें देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न के मुकाम तक पहुंचा दिया।

अपनी लंबी पत्रकारिता के दरमियान मुझे देश के कई रास्ट्रपति, प्रधानमंत्री राज्यपाल, मुख्यमंत्री समेत शीर्ष नेताओं से रूबरू होने का मौका मिला। सभी की अपनी अपनी खुबियां रही है लेकिन इनमें से जनता के दिलो में हमेशा के लिए बस जाने का सौभाग्य भी कम हस्तियों को नसीब हुआ। जी हाँ अपनी बात में एक शायर के इस शेर से शुरू करना चाहता हूँ।

कुछ लोग हैं जो वक्त के सांचे में ढल गये
कुछ लोग थे जो वक्त का सांचा बदल गये

सौ फीसदी ऐसे ही थे हमारे हर दिल अजीज दिवंगत राष्ट्रपति डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम जिनका सन् 2015 में 27 जुलाई को शिलांग में आकस्मिक निधन हो गया था।दरअसल समाज में कुछ शख्स ऐसे होते हैं जो कम मुलाकातों में भी निहायत अपने हो जाते हैं। पहली मुलाकात में उनके प्यार, विद्वता, सौजन्य की सुगंध में व्याप्त हो जाती है। इसका जिक्र हमारे दिवंगत राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी ने भी अपने संस्मरण में विस्तार से किया है। प्रणव मुखर्जी ने तो यहां तक लिख दिया है कि किसी अन्य राष्ट्रपति को इतना स्नेह नहीं मिला जितना डॉ.कलाम को मिला। ऐसा लगता था कि वह पंड़ित जवाहरलाल नेहरू का दूसरा रूप हैं। नेहरू को बच्चों और लोगों से गहरा लगाव था। बच्चों व छात्रों को देख कर डॉ. कलाम आनंदित होते थे। जिसे देखकर ऐसा लगता था कि नेहरू वहां दूसरे रूप में मौजूद है। वास्तव में उनका व्यक्तित्व स्वनिर्मित था। श्री प्रणव मुखर्जी ने अपने संस्मरण में इस तथ्य का भी खुलासा किया है कि किताबों के लिए या किताबों के प्रति प्रेम के कारण ही डॉ. कलाम के साथ उनकी दोस्ती पुख्ता हुई। उनकी दुनिया पुस्तकों के इर्द- गिर्द ही घूमती थी। प्रणव मुखर्जी के व्यक्त किये गये उद्गारों से ही यह साबित हो जाता है कि डॉ. कलाम की सख्सियत हिमालय समान थी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी समेत देश के लगभग सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी इस तरह के उद्गार व्यक्त किये हैं।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि देश को पहली बार ऐसा राष्ट्रपति मिला था जिसने नई पीढ़ी के दिल को स्पर्श और प्रेरित करने में अभूतपूर्व सफलता पायी।दरअसल समाज में कुछ शख्स ऐसे होते हैं जो कम मुलाकातों में भी निहायत अपने हो जाते हैं। पहली मुलाकात में उनके प्यार, विद्वता, सौजन्य की सुगंध में व्याप्त हो जाती है। इसका जिक्र हमारे दिवंगत राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी ने भी अपने संस्मरण

### पुण्यतिथि पर विशेष



**कोलकाता प्रेस क्लब के कार्यक्रम में डॉ. कलाम का स्वागत करते वरिष्ठ पत्रकार पूर्व क्लब के अध्यक्ष राज मिठौलिया**

में विस्तार से किया है। प्रणव मुखर्जी ने तो यहां तक लिख दिया है कि किसी अन्य राष्ट्रपति को इतना स्नेह नहीं मिला जितना डॉ.कलाम को मिला। ऐसा लगता था कि वह पंड़ित जवाहरलाल नेहरू का दूसरा रूप हैं। नेहरू को बच्चों और लोगों से गहरा लगाव था। बच्चों व छात्रों को देख कर डॉ. कलाम आनंदित होते थे। जिसे देखकर ऐसा लगता था कि नेहरू वहां दूसरे रूप में मौजूद है। वास्तव में उनका व्यक्तित्व स्वनिर्मित था। श्री प्रणव मुखर्जी ने अपने संस्मरण में इस तथ्य का भी खुलासा किया है कि किताबों के लिए या किताबों के प्रति प्रेम के कारण ही डॉ. कलाम के साथ उनकी दोस्ती पुख्ता हुई। उनकी दुनिया पुस्तकों के इर्द- गिर्द ही घूमती थी। प्रणव मुखर्जी के व्यक्त किये गये उद्गारों से ही यह साबित हो जाता है कि डॉ. कलाम की सख्सियत हिमालय समान थी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी समेत देश के लगभग सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी इस तरह के उद्गार व्यक्त किये हैं।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि देश को पहली बार ऐसा राष्ट्रपति मिला था जिसने नई पीढ़ी के दिल को स्पर्श और प्रेरित करने में अभूतपूर्व सफलता पायी।दरअसल समाज में कुछ शख्स ऐसे होते हैं जो कम मुलाकातों में भी निहायत अपने हो जाते हैं। पहली मुलाकात में उनके प्यार, विद्वता, सौजन्य की सुगंध में व्याप्त हो जाती है। इसका जिक्र हमारे दिवंगत राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी ने भी अपने संस्मरण में विस्तार से किया है। प्रणव मुखर्जी ने तो यहां तक लिख दिया है कि किसी अन्य राष्ट्रपति को इतना स्नेह नहीं मिला जितना डॉ.कलाम को मिला। ऐसा लगता था कि वह पंड़ित जवाहरलाल नेहरू का दूसरा रूप हैं। नेहरू को बच्चों और लोगों से गहरा लगाव था। बच्चों व छात्रों को देख कर डॉ. कलाम आनंदित होते थे। जिसे देखकर ऐसा लगता था कि नेहरू वहां दूसरे रूप में मौजूद है। वास्तव में उनका व्यक्तित्व स्वनिर्मित था। श्री प्रणव मुखर्जी ने अपने संस्मरण में इस तथ्य का भी खुल-ासा किया है कि किताबों के लिए या किताबों के प्रति प्रेम के कारण ही डॉ. कलाम के साथ उनकी दोस्ती पुख्ता हुई। उनकी दुनिया पुस्तकों के इर्द- गिर्द ही घूमती थी। प्रणव मुखर्जी के व्यक्त किये गये उद्गारों से ही यह साबित हो जाता है कि डॉ. कलाम की सख्सियत हिमालय समान थी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी समेत देश के लगभग सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी इस तरह के उद्गार व्यक्त किये हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि देश को पहली बार ऐसा राष्ट्रपति मिला था जिसने नई पीढ़ी के दिल को स्पर्श और प्रेरित करने में अभूतपूर्व सफलता पायी। पहली मुलाकात में वहां उपस्थित हम सभी पुस्तक प्रेमी डॉ. कलाम के व्यक्तित्व के कायल हो गये थे। दरअसल हुआ यूं कि कोलकाता प्रेस क्लब के डायमंड जुबली समापन कार्यक्रम में जब डॉ. कलाम पधारे तो अध्यक्ष होने के नाते मैनें ही उनका स्वागत किया। मेरी उनसे कई विषयों पर बातचीत हुई। डॉ. कलाम ने न्यूज संप्रेशन की नई तकनीकी के बारे में जानकारी ली और खास बात यह है कि उन्होंने स्वस्थ पत्रकारिता के मामले में कई सुझाव भी दिये।पहली मुलाकात में वहां उपस्थित हम सभी पुस्तक प्रेमी डॉ. कलाम के व्यक्तित्व के कायल हो गये थे।

दरअसल हुआ यूं कि कोलकाता प्रेस क्लब के डायमंड जुबली समापन कार्यक्रम में जब डॉ. कलाम पधारे तो अध्यक्ष होने के नाते मैनें ही उनका स्वागत किया। मेरी उनसे कई विषयों पर बातचीत हुई। डॉ. कलाम ने न्यूज संप्रेशन की नई तकनीकी के बारे में जानकारी ली और खास बात यह है कि उन्होंने स्वस्थ पत्रकारिता के मामले में कई सुझाव भी दिये। यहां उल्लेखनीय है, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने अगले चार दशकों तक मुख्य रूप से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन . (डीआरडीओ) में वैज्ञानिक और वैज्ञानिक प्रशासक के रूप में काम किया। इसके अलावा, उन्होंने भारत की सैन्य मिसाइल प्रौद्योगिकी के साथ-साथ इसके नागरिक अंतरिक्ष कार्यक्रमों को विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। परिणामस्वरूप, एपीजे अब्दुल कलाम ने प्रक्षेपण वाहनों और बैलिस्टिक मिसाइल प्रौद्योगिकी के विक अपने योगदान के लिए 'भारत के मिसाइल मैन' का अर्जित किया।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि डॉ. कलाम ने 21 वीं सदी के भारत का जो सपना देखा था उसे पूरा करने की जिम्मेदारी अब देश के नीति नियंताओं पर है। यहां विशेषरूप से ध्यान देनेवाली बात यह है कि डॉ. कलाम के अंदर शिक्षत्व राष्ट्रपति बनने के बाद ताउम्र रहा। इस लिहाज से हम निःसंकोच कह सकते हैं कि सही मायने में वे राष्ट्रीय शिक्षक थे। इस समय जब दुनिया में तीसे विश्व युद्ध की आशंकाएं बढ़ गयी है और हमारे पड़ोसी देश विशेषकर पाकिस्तान और बांग्लादेश के हालात सही नहीं है ऐसे में हमारे मिसाइमैन डॉ. कलाम के बताये गये मार्ग पर चलना हर मायने में राष्ट्रहित में होगा। इसलिए इस समय हमें डॉ. कलाम की याद बार बार आ रही है.

# सर्वाइकल कैंसर के उन्मूलन की दिशा में बहुत बड़ा कदम



नीरजा भटला

प्रोफेसर हैराल्ड ज़ुर हाउज़ेन को 2008 में उनकी इस खोज के लिए नोबेल पुरस्कार मिला कि ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) के हाई-रिस्क स्ट्रेन से लगातार होने वाला संक्रमण ही सर्वाइकल कैंसर का मूलभूत कारण है। यह दुनिया भर में रुग्णता और मृत्यु का एक महत्वपूर्ण कारण है, लेकिन कम और निम्न-मध्यम आय वाले देशों (एलएमआईसी) में इसका प्रभाव अधिक है। उनकी इस खोज ने रोगनिरोधी टीकों के साथ-साथ संक्रमण फैलाने वाले एजेंट का पता लगाने वाले परी-क्षणों के विकास का भी मार्ग प्रशस्त किया। एक दशक बाद, 2018 में, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने सर्वाइकल कैंसर के उन्मूलन की दिशा में एक पहल की घो-षणा की, और 17 नवंबर 2020 को इस संबंध में एक वैश्विक रणनीति औपचारिक रूप से शुरू की गई, जिसे भारत सहित 194 देशों ने समर्थन दिया।

कैंसर का उन्मूलन! वह भी कोई साधारण कैंसर नहीं, बल्कि सर्वाइकल कैंसर का उन्मूलन, जो अत्यधिक शारीरिक पीड़ा, भावनात्मक संघर्ष और आर्थिक कठिनाइयों का सबब है। भारत में महिलाओं में यह में दूसरा सबसे आम कैंसर है। हर साल इसके लगभग एक लाख नए मामले सामने आते हैं और इनमें से करीब आधे मामलों में मौत हो जाती है, जो दुनिया भर के कैंसर के बोझ का लगभग एक-चौथाई है। सर्वाइकल कैंसर में जीवन के खोए हुए वर्ष, अन्य कैंसरों की तुलना में अधिक होते हैं, क्योंकि पीड़ित महिलाएँ अपेक्षाकृत कम उम्र की होती हैं और परिवार व समाज महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही होती हैं। कैंसर विशेषज्ञ के रूप में, मैंने उनकी तकलीफों को करीब से देखा है.. ऐसी महिलाएँ जिनमें चौथी स्टेज में इस रोग का पता चला, उनमें यूरिनरी फिस्टुला विकसित हो चुका था और कंसल्टिंग रूम में उनके दाखिल होने से पहले ही बदबू आने लगती थी; ऐसी महिलाएँ जो रजोनिवृत्ति के बाद होने वाले रक्तस्राव का जिक्र करने में तब तक हिचकिचाती रहीं, जब तक कि बहू ने उनकी साड़ी पर दाग नहीं देख लिया; ऐसी महिलाएँ जो अत्यधिक सायटिक और कमर दर्द, मूत्रवाहिनी या यूरेटर में रुकावट और गुर्दे फेल होने जैसी स्थितियों से जूझ रही थीं फिर कुछ अपेक्षाकृत भाग्यशाली महिलाएँ भी थीं, जिन्हें शुरुआती अवस्था ही इस रोग से ग्रसित होने के बारे में पता चल गया और जब यह बीमारी ठीक हो सकती थी, लेकिन सिर्फ़ रेडिकल सर्जरी या कीमो- और रेडिएशन थेरेपी से ऐसे में गहन या एग्रेसिव सर्जरी का शरीर पर असर हुआ, लंबे समय तक चले रेडिएशन उपचार के कारण देखभाल करने वालों को पढ़ाई या काम से वंचित रहना पड़ा, और महंगी कीमो व इम्यूनोथेरेपी हुई इसके अलावा, हमारे हरसंभव प्रयासों के बावजूद कुछ मामलों में कैंसर दोबारा लौट आया, जिसके लिए और भी जटिल प्रक्रियाओं, जैसे एक्सेंटेरेशन सर्जरी और स्टोमा आदि की आवश्यकता पड़ी। हाँ, हम इलाज कर सकते थे, लक्षणों में राहत दे सकते थे, यहां तक कि हार्मोन रिप्लेसमेंट और अन्य सहायक देखभाल भी दे सकते थे, लेकिन इसकी शारीरिक, भावनात्मक और आर्थिक कीमत चुकानी होती।

और भी दुखद बात यह थी कि इस बीमारी की रोकथाम की जा सकती थी। 1940 के दशक से ही पश्चिमी देशों में नियमित पैप स्मीयर जांच के माध्यम से द्वितीयक रोकथाम की व्यवस्था की गई थी, जिससे न केवल कैंसर का पता लगाया जा सकता था, बल्कि रोग की प्रारंभिक अवस्थाओं का भी पता लगाया जा सकता था। सर्वाइकल कैंसर की नेचुरल हिस्ट्री को एक सदी से अधिक समय से अच्छी तरह से दर्ज किया गया है। इसमें 10-15 वर्षों का लंबा प्रीकैंसरस चरण होता है, जिसे

### एचपीवी टीकाकरण : लड़कियों के लिए एक साधारण सा टीका


सर्वाइकल इंट्राअपिथीलियल नियोप्लासिया (सीआईएन) कहा जाता है, गर्भाशय ग्रीवा या सर्विक्स को ब्रश करके स्लाइड पर इकट्ठा की गई कोशिकाओं की माइक्रोस्कोप से जांच करके जिसका पता लगाया जा सकता है। इस अवस्था में इस रोग का उपचार सरल डे-केयर प्रक्रियाओं के जरिए आसानी से किया जा सकता है, जिनमें गर्भाशय निकालने की आवश्यकता नहीं होती। भारत और अन्य निम्न-मध्यम आय वाले देशों (एलएमआईसी) में हमारे पास इतनी बुनियादी सुविधाएँ और प्रशिक्षित जनशक्ति नहीं थी कि 30 वर्ष से अधिक आयु की सभी महिलाओं की जीवन में एक बार भी जांच की जा सके, जबकि हर 3 साल के अंतराल पर यह जांच कराने की सलाह दी गई थी। यहाँ तक कि अच्छे तृतीयक केंद्रों में भी प्रयोगशालाएँ प्रतिदिन सीमित संख्या में ही महिलाओं की जांच कर पाती थीं। देशभर में स्त्रीरोग विशेषज्ञों और पैथोलॉजिस्ट द्वारा नियमित रूप से आउटरीच कैंप आयोजित किए जाते थे, ताकि वंचितों की मदद की जा सके, लेकिन ये प्रयास समुद्र में एक बूंद के समान थे। यहाँ तक कि आज भी, विज़ुअल इंस्पेक्शन (वीआईए) के माध्यम से राष्ट्रीय स्क्रीनिंग कार्यक्रम होने के बावजूद, स्क्रीनिंग कवरेज 5% से अधिक नहीं है, और जिन महिलाओं का टेस्ट पॉजिटिव पाया जाता है, उन्हें अस्पताल लाकर रोग की पुष्टि के लिए बायोप्सी और उपचार कराना भी बेहद कठिन होता है।

सर्वाइकल कैंसर की प्राथमिक रोकथाम के लिए एचपीवी टीकाकरण ने 2006 में एक उम्मीद भरे सुपरहीरो की तरह इस परिदृश्य में प्रवेश किया। शुरुआत में यह तीन खुराक वाला टीका था, लेकिन लगातार शोध से यह साबित हुआ कि इसे दो खुराक तक घटाया जा सकता है, और आगे चलकर यह भी पाया गया कि केवल एक खुराक ही 85-90% कैंसर से सुरक्षा देने के लिए पर्याप्त है। एक साधारण सा इंट्रामस्क्युलर इंजेक्शन इतनी बड़ी तकलीफ से बचा सकता है?! यह वास्तव में बेहद उत्साहजनक संभावना थी। रोकथाम के लिए टीकाकरण में सुरक्षा सबसे पहली प्राथमिकता है। अब तक 500 मिलियन से अधिक खुराकें दुनिया भर में और लगभग 4 मिलियन खुराकें भारत में दी जा चुकी हैं। व्यवस्थित परीक्षणों और पोस्ट-मार्केटिंग सर्विलांस से प्राप्त समेकित आंकड़ों से यह स्पष्ट है कि टीका लगवाने वाली महिलाओं में सामान्य आबादी की तुलना में प्रतिकूल प्रभावों में कोई वृद्धि नहीं हुई है। उनमें क्षणिक हल्की प्रतिक्रियाएँ देखी गई हैं, जो सभी टीकों में सामान्य होती हैं। इन टीकों का प्रजनन क्षमता, जन्म दर, जन्मजात विकृतियों या मासिक धर्म के पैटर्न पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पाया गया है। एच-पीवी टीकों की प्रभावशीलता बहुत अच्छी है, क्योंकि ये टीके उनमें शामिल वायरस के प्रकारों से लगभग पूरी तरह सुरक्षा प्रदान करते हैं। पहली पीढ़ी के टीके एचपीवी के दो सबसे खतरनाक प्रकारों - एचपीवी 16 और 18-के खिलाफ बनाए गए थे, जो वैश्विक स्तर पर सर्वाइकल कैंसर के 70% और भारत में लगभग 85% मामलों के लिए जिम्मेदार हैं। ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन जैसे देशों, जिन्होंने 2007-08 में इस टीके के शुरू होने के तुरंत बाद ही एचपीवी टीकाकरण लागू कर दिया था, वहाँ प्रीकैंसर तथा कैंसर के मामलों में महत्वपूर्ण कमी देखी गई है। स्वीडन, डेनमार्क, कनाडा और अमेरिका जैसे अन्य देशों से भी इसी तरह के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।

डब्ल्यूएचओ की सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन पहल का लक्ष्य सर्वाइकल कैंसर को एक दुर्लभ कैंसर बनाना है, जिसके होने की दर प्रति 1 लाख में केवल 4 मामलों तक सीमित हो। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए 2030 तक : 15 वर्ष की आयु से पहले 90% लड़कियों का एचपीवी टीकाकरण, 35 और 45 वर्ष की आयु में 70% महिलाओं की एचपीवी परीक्षण द्वारा स्क्रीनिंग, और जिन महिलाओं में रोग के लक्षण पाए जाएं, उनमें से 90% का उपचार - जैसे कुछ महत्वपूर्ण उद्देश्यों को हासिल करना आवश्यक है। वैश्विक घोषणा के शुरू होने के बाद से हम आधे से अधिक रास्ता पार कर चुके हैं, लेकिन अभी भी इन लक्ष्यों की प्राप्ति से काफी दूर हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, फेडरेशन ऑफ ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी ऑफ इंडिया (एफओजीएसआई) और इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) जैसे संगठनों के प्रतिनिधित्व वाला चिकित्सा समुदाय लंबे अरसे से एचपीवी टीकाकरण को सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल किए जाने की मांग कर रहा है। आखिरकार, अब उम्मीद की किरण दिखाई दे रही है- माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 28 फरवरी 2026 को राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान को देशव्यापी स्तर पर लॉन्च किया जाना- महिलाओं के स्वास्थ्य और प्रजनन अधिकारों को महत्व दिलाने की दिशा में सर्वोच्च राजनीतिक प्रतिबद्धता का संकेत है, जिसकी वे हकदार हैं। पहुँच, किफायत और उपलब्धता जैसी प्रमुख चिंताओं का सरकार ने पूरी तरह समाधान कर दिया है। अब सभी अभिभावकों को इस सुनहरे अवसर के बारे में जागरूक होने की आवश्यकता है, ताकि उनकी 14 साल की बेटियाँ नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निशुल्क टीकाकरण का लाभ उठा सकें। हमारी बेटियों के लिए एक साधारण सा टीका, सर्वाइकल कैंसर के उन्मूलन और विकसित भारत2047 के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा।

लेखक : प्रोफेसर एमेरिटस, राष्ट्रीय कैंसर संस्थान झज्जर, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, दिल्ली के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की पूर्व प्रमुख

## वर्ग पहेली नं. 3392



*बायें से दायें :-* 1) देहान्त, 4) अधिकतम; सबसे अधिक, 6) उष्ण, 8) परिश्रम, 10) शासनसंस्था, 12) भँगार, 13) दो से विभाज्य कोई संख्या, 15) जेलयात्रा, 18) रात, 19) चंद्रमा, 21) आदरसत्कार, 23) एक चर्मवाद्य, 24) माखनचोर कृष्ण, 26) असबाब; सामग्री, 27) स्मृति.

*ऊपर से नीचे :-* 2) विस्तारपूर्वक कथन, 3) अचल; पर्वत, 4) एक-सा; एकरूप, 5) लानत, 7) जलीय अंश *(फल का)*, 8) एक देवांगना, 9) दया, 11) सफल, 14) आँख की पुतली, 16) कमल, 17) एक धातु, 19) निर्वाचन, 20) संख्या, 21) कभी भविष्य में, 22) विश्वास, 25) प्रथा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



## सुडोकू-पहेली-3350

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | | | | | 4 |
| 7 | | | | | | | | 9 |
| | | 8 | 5 | | | 1 | | |
| | 4 | 1 | | | | | | |
| 6 | | 3 | | | 7 | | 8 | |
| | 8 | | 6 | | 2 | | | |
| | | | | | 1 | 5 | | |
| 2 | | 6 | | | 4 | | | |
| | | | 8 | | | 2 | 6 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3349 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 6 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 1 | 2 | 5 | 6 | 3 | 8 | 4 | 9 | 7 |
| 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 5 | 1 | 3 | 6 |
| 2 | 5 | 8 | 3 | 7 | 1 | 6 | 4 | 9 |
| 6 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 3 |
| 7 | 9 | 3 | 8 | 6 | 4 | 2 | 5 | 1 |
| 4 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 | 3 | 2 | 5 |
| 5 | 6 | 2 | 7 | 4 | 3 | 9 | 1 | 8 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 5 | 2 | 7 | 6 | 4 |

# विधानसभा चुनाव के बाद ईंधन के दाम बढ़ा सकती है नरेन्द्र मोदी सरकार : अभिषेक बनर्जी



**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि इस बात की काफी हद तक संभावना है कि 29 अप्रैल को विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार रसोई गैस और परिवहन ईंधन की कीमतें बढ़ा सकती है। झारग्राम जिले के बिनपुर विधानसभा क्षेत्र में तृणमूल उम्मीदवार बिरबाहा हंसदा के लिए चुनाव प्रचार करते हुए बनर्जी ने नरेन्द्र मोदी सरकार पर पश्चिम बंगाल में बढ़ते ईंधन संकट को संभालने के लिए आवश्यक कदम नहीं उठाने का आरोप लगाया। तृणमूल महासचिव बनर्जी ने मोदी और उनके मंत्रियों को चुनौती दी कि वे अपने चुनावी सभाओं में यह वादा करें कि अगले पांच साल तक एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की कीमतें नहीं बढ़ेंगी।

डायमंड हार्बर के सांसद बनर्जी ने कहा, यकीन मानिए, वे (भाजपा के नेता) ऐसा कोई वादा नहीं करेंगे। मेरे शब्द लिखकर ले लीजिए कि चुनाव खत्म होने के बाद 30 अप्रैल को घरेलू एलपीजी की कीमत 2,000 रुपये और पेट्रोल-डीजल 200 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ सकती है। बनर्जी ने भाजपा पर यह अफवाह फैलाने का आरोप लगाया कि अगर तृणमूल कांग्रेस चौथी बार सत्ता में लौटती है तो ममता बनर्जी सरकार महिलाओं की वित्तीय सहायता योजना 'लक्ष्मीर भंडार' को बंद कर देगी। उन्होंने कहा, 'हम योजनाएं वापस नहीं, जारी रखेंगे।' पश्चिम बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा के लिए 23 और 29 अप्रैल को दो चरणों में चुनाव होंगे तथा मतों की गिनती चार मई को होगी।

## कोलकाता दौरे पर अमित शाह, ममता सरकार के खिलाफ आज जारी करेंगे चार्जशीट

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार देर रात कोलकाता पहुंचे। भाजपा की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, शाह शनिवार को कोलकाता के न्यूटाउन स्थित एक होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में राज्य की ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी करेंगे। प्रदेश भाजपा के अनुसार, यह आरोप पत्र दोपहर करीब 12 बजे पत्रकारों के सामने जारी किया जाएगा, जिसमें तृणमूल कांग्रेस सरकार के कार्यकाल से जुड़े विभिन्न मुद्दों और कथित विफलताओं को शामिल किया गया है। भाजपा सूत्रों का कहना है कि इस दस्तावेज में पिछले वर्षों में सामने आए कई विवादों और घटनाओं का उल्लेख किया गया है। इसमें संदेशखाली प्रकरण, आरजी कर अस्पताल से जुड़ा मामला, राशन घोटाला और शिक्षक भर्ती घोटाले जैसे मुद्दों को भी शामिल किया गया है। इस आरोप पत्र के माध्यम से भाजपा राज्य की जनता के सामने तृणमूल सरकार के कार्यकाल से जुड़े सवालों को उठाना चाहती है। साथ ही पार्टी का कहना है कि इस दस्तावेज के जरिए वह यह बताने की कोशिश करेगी कि पिछले लगभग 15 वर्षों के शासन में राज्य की स्थिति कैसी रही है।

बता दें कि शुक्रवार रात खराब मौसम के कारण लगभग 55 मिनट तक आकाश में चक्कर लगाने के बाद कोलकाता एयरपोर्ट पर अमित शाह के प्राइवेट छोटे विमान की लैंडिंग हुयी। इस दौरान शुभेंदु अधिकारी, शमिक भट्टाचार्य व सुकांत मजूमदार ने उनका स्वागत किया।


**पश्चिम मध्य रेल**

निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है:- **निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी-47-2026 दिनांक 24.03.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** सहायक मंडल अभियंता/मुख्यालय/जबलपुर उपमंडल के अंतर्गत पेयजल, स्वच्छता, प्लेटफॉर्म धुलाई, कोच वाटरिंग तथा अन्य यात्री उपयोग हेतु समर्पित एवं विश्वनीय 24×7 जल आपूर्ति की व्यवस्था का प्रावधान, **कार्य का अनुमानित मूल्य रुपये:** ₹9,98,69,283/-, **बयाना राशि रुपये:** ₹19,97,400, **समापन अवधि:** 12 माह, **निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे:** 17.04.2026, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय 15:15 बजे:** 17.04.2026. **नोट:** उपरोक्त ई-निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **"https://ireps.gov.in"** उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। (हस्ता.)

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य)
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर


## हाई कोर्ट ने आयोग के तबादलों को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा

**कोलकाता :** कलकत्ता हाई कोर्ट की खंडपीठ ने शुक्रवार को जनहित याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। इस याचिका में बंगाल में नौकरशाहों और पुलिस अधिकारियों के बड़े पैमाने पर तबादलों, बदलावों और डेपुटेशन को लेकर भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के फैसले को चुनौती दी गई थी।

मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल और न्यायमूर्ति पार्थ सारथी सेन की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई संपन्न हुई। सुनवाई के अंत में, पीठ ने आयोग को नौकरशाहों और पुलिस अधिकारियों के तबादलों, प्रतिस्थापनों और प्रतिनियुक्तियों से संबंधित सभी दस्तावेज 30 मार्च को न्यायालय में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इसके बाद फैसला सुनाया जाएगा। सुनवाई के दौरान, चुनाव आयोग के वकील ने दलील दी कि इस तरह के तबादले, बदलाव और डेपुटेशन सिर्फ बंगाल तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि चुनाव वाले दूसरे राज्यों में भी इसी तरह के कदम उठाए गए हैं।

❑ **आयोग ने कई और राज्यों में हुए तबादले का दिया उदाहरण**

आयोग के वकील ने याचिकाकर्ता और बंगाल सरकार के उन आरोपों का भी खंडन किया कि राज्य में तबादलों का पैमाना अन्य चुनाव वाले राज्यों की तुलना में कहीं अधिक था। चुनाव आयोग के वकील ने तर्क दिया कि बिहार में पिछले विधानसभा चुनाव से पहले 48 अधिकारियों का तबादला किया गया था। इन तबादलों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में मामला दायर किया गया था, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने कोई हस्तक्षेप नहीं किया। महाराष्ट्र में कुल 61, उत्तर प्रदेश में 83 और मध्य प्रदेश में 49 अधिकारियों का तबादला इन राज्यों के विधानसभा चुनावों से पहले किया गया था। बंगाल में केवल 23 नौकरशाहों और पुलिस अधिकारियों का तबादला किया गया था। दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद, खंडपीठ ने अपना फैसला तब तक के लिए सुरक्षित रखने का निर्णय लिया जब तक कि चुनाव आयोग अधिकारियों के तबादलों, प्रतिस्थापनों और प्रतिनियुक्तियों से संबंधित सभी प्रासंगिक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर देता।

## डीए प्रक्रिया पूरी करने के लिए नवान्न में छुट्टी रद्द, शनिवार-रविवार को भी खुला रहेगा दफ्तर

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को महंगाई भत्ता (डीए) देने की प्रक्रिया को समय पर पूरा करने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार डीए भुगतान का काम तेजी से चल रहा है और इसे चालू महीने के अंदर ही पूरा करना है। काम की मात्रा अधिक होने के कारण नवान्न (राज्य सचिवालय) के अकाउंट्स विभाग में सप्ताहांत की छुट्टी रद्द कर दी गई है। इस बीच, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पास मौजूद गृह विभाग द्वारा जारी अधिसूचना में बताया गया कि 28 मार्च (शनिवार) और 29 मार्च (रविवार) को भी नवान्न का अकाउंट्स ब्रांच खुला रहेगा और कर्मचारियों को कार्यालय में उपस्थित रहना होगा। यह व्यवस्था सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार डीए भुगतान की प्रक्रिया को समय पर पूरा करने के लिए की गई है।

नवान्न सूत्रों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष का अंतिम दिन 31 मार्च है और उसी दिन कर्मचारियों के खातों में डीए की पहली किस्त पहुंचानी है। इसलिए लंबित काम समय पर पूरा करने के लिए अकाउंट्स विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को शनिवार और रविवार को भी काम करने का निर्देश दिया गया है। राज्य सरकारी कर्मचारियों को डीए देने को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। कर्मचारी संगठनों के संयुक्त संघर्ष मंच द्वारा दायर मामले की सुनवाई कोलकाता हाईकोर्ट से होते हुए सुप्रीम कोर्ट तक पहुंची थी, जबकि राज्य सरकार ने भी इस मामले में अलग से याचिका दायर की थी। लंबी सुनवाई के बाद इसी महीने सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिया कि बकाया डीए का कम से कम 25 प्रतिशत चालू वित्त वर्ष के अंदर चुका दिया जाए। इस आदेश का पालन करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 15 मार्च को विधानसभा चुनाव कार्यक्रम घोषित होने से पहले कहा था कि निर्धारित दर के अनुसार चरणबद्ध तरीके से डीए दिया जाएगा और कर्मचारियों व पेंशनभोगियों को चालू महीने के भीतर भुगतान किया जाएगा। उसी के तहत नवान्न में डीए भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और 31 मार्च तक काम पूरा करने के लिए अकाउंट्स विभाग के कर्मचारियों की सप्ताहांत की छुट्टी रद्द कर दी गई है।


**कोलकाता–न्यू जलपाईगुड़ी–कोलकाता स्पेशल ट्रेन**

आगामी ग्रीष्म मौसम के दौरान, यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, 03129/03130 **कोलकाता–न्यू जलपाईगुड़ी–कोलकाता** स्पेशल ट्रेन निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, ठहराव, आवागमन की तिथियों और गठन के अनुसार चलेगी:-

| कोलकाता–न्यू जलपाईगुड़ी | | | (03129) (03130) | न्यू जलपाईगुड़ी–कोलकाता | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| शनि | – | 23.40 | ↓ कोलकाता | 00.40 | – | सोम |
| रवि | 00.55 | 00.57 | बैण्डेल | 23.08 | 23.10 | रवि |
| | 03.30 | 03.35 | आजिमगंज | 19.30 | 19.35 | |
| | 06.20 | 06.30 | मालदा टाउन | 17.10 | 17.20 | |
| | 10.45 | – | न्यू जलपाईगुड़ी ↑ | – | 12.45 | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में नैहाटी जंक्शन, नबद्वीप धाम, कटवा, जंगीपुर रोड, बारसोई, किशनगंज और अलुआबाड़ी रोड स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **आवागमन की तिथियाँ/दिन: कोलकाता से** – 03129 दिनांक 16/05, 23/05, 30/05, 06/06 और 13/06/2026 (शनिवार) को = 05 ट्रिप एवं **न्यू जलपाईगुड़ी से** – 03130 दिनांक 17/05, 24/05, 31/05, 07/06 और 14/06/2026 (रविवार) को = 05 ट्रिप। **गठन:** एसी-2 टियर – 01, एसी-3 टियर – 03, शयनयान श्रेणी – 10, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) – 06 और एसएलआरडी- 02 = 22 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**NOTICE**

I, being legal agent of my client North Point Motors, of 63/1, Khudiram Bose Sarani, Kolkata - 700037, do hereby requisition to owners of Vehicle No: WB 60-K 5292 and vehicle no. WB 24-Y 0672 to take delivery of the said vehicles by making payment of dues to my client within fifteen days hereof, failing which my client has no other alternative but to put the said vehicles in auction for recovery of its dues and even without any further reference at your risks and costs.

M.L. SHAW(Advocate)
Ph: 9231522796



**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that a Memorandum of Understanding dated 07.05.2025 has been executed between Mr. Kamal Kumar Bagaria and Mr. Ram Gopal Bagaria for amicable settlement of financial dues. Pursuant thereto, Flat No. 3A, Shivam Apartment, Mouza Krishnapur, Rajarhat, North 24 Parganas is proposed to be transferred in full and final settlement.

Any person having any claim, right, title, interest or objection in respect of the said property must intimate the undersigned in writing.

Such claim/objection must be made within 7 (seven) days from the date of publication of this notice.

Failing which, it shall be conclusively presumed that no such claim exists. All rights, if any, shall be deemed to have been waived and abandoned, and the transaction shall be completed without further reference.


# नदिया के राणाघाट में चुनाव के लिए प्रशिक्षण में ममता का प्रचार दिखाने पर बवाल

❑ **विरोध करने वाले शिक्षक का सिर फटा**

❑ **बीडीओ और सरकारी कर्मियों पर मारपीट का आरोप**



**कोलकाता :** बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले नदिया जिले के राणाघाट में शुक्रवार को एक चुनावी प्रशिक्षण शिविर एक नि निर्वाचन कर्मी शिक्षक को जमकर पीटा गया। प्रशिक्षण लेने आए एक शिक्षक का सिर फटने और गंभीर चोटें आने के बाद सुरक्षा को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। घायल शिक्षक का आरोप है कि ट्रेनिंग के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर राज्य सरकार के प्रचार वीडियो और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तस्वीर दिखाई जा रही थी, जिसका विरोध करने पर उन्हें बेरहमी से पीटा गया।


प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को राणाघाट देवनाथ इंस्टीट्यूट फार बायज स्कूल में मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण चल रहा था। वहां मौजूद शिक्षक सैकत चटर्जी का आरोप है कि प्रशिक्षण की शुरुआत में प्रोजेक्टर पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के विकास कार्यों और दीघा के जगन्नाथ मंदिर निर्माण से संबंधित प्रचार वीडियो दिखाए जा रहे थे। सैकत ने जब इसे चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन बताते हुए आपत्ति दर्ज कराई, तो आरोप है कि बीडीओ कार्यालय के कर्मियों ने उन्हें एक कमरे में बंद कर दिया और उनकी जमकर पिटाई की। शिक्षक के सिर से खून बहता देख वहां अफरा-तफरी मच गई।

❑ **शिक्षक ने की बदसलूकी : बीडीओ**

दूसरी ओर, हांसखाली के बीडीओ सांतन भट्टाचार्य ने मारपीट के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि उक्त शिक्षक शुरुआत से ही बाधा डाल रहे थे और अधिकारियों से पहचान पत्र मांग कर हंगामा कर रहे थे। बीडीओ का कहना है कि धक्का-मुक्की के दौरान गिरकर उन्हें चोट लगी होगी। उन्होंने शिक्षक की मानसिक स्थिति पर भी सवाल खड़े कर दिए।

❑ **राजनीतिक रंग चढ़ा**

इस घटना ने तुरंत राजनीतिक मोड़ ले लिया है। राणाघाट के भाजपा सांसद जगन्नाथ सरकार ने आरोप लगाया कि चूंकि शिक्षक भाजपा समर्थक थे, इसलिए उन पर 'बाहरी गुंडों' से हमला करवाया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया, जबकि घायल शिक्षक ने चुनाव आयोग से मामले में हस्तक्षेप की गुहार लगाई है।

**SUMMON FOR SETTLEMENT OF ISSUE**

(ORDER - V, RULE - 1, 5, 20)

IN THE COURT OF Shri. Atika Achumi Civil Judge SR. Division
Dimapur Nagaland

Suit No. Money Suit No. 83/2024

Plaintiff M/s Tsi Green Venco Industries Pvt Ltd

Defendants M/s Bidesh Plywood Factory Pvt Ltd & Another

To,

M/s Bidesh Plywood Factory Pvt Ltd, Situated at Salbari, Khalgram Po-Dhupguri, District Jalpaiguri 735210, West Bengal

Whereas the plaintiff has instituted a suit against you for Recovery of Rs 23,89,767/- with interest

You are hereby summoned to appear before the Court in person or by pleader duly instructed and able to answer all material questions relating to the suit on 14/04/26 at 10:00 a.m. without fail

Take notice that in default of your appearance on the date mentioned the suit will be heard and determined in your absence.

Given under my hand and the seal of the Court 12th day of March 2026

Civil Judge SR. Division
Dimapur : Nagaland

Forwarded to :-
1. Process server for service
2. The plaintiff for service
3. The Editor Sanmarg newspaper


# भाजपा को केवल 26 सीटों पर करना पड़ेगा संतोष : कुणाल घोष

❑ **कहा- भाजपा चाहे कुछ भी कर ले, ममता बनर्जी फिर से बनेंगी बंगाल की मुख्यमंत्री**



**कोलकाता :** बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और मुख्य विपक्षी भाजपा नेताओं की ओर से अभी से जीत और प्रदेश में अगली सरकार बनाने का दावा किया जा रहा है। इस बीच तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने भाजपा के दावे पर तंज कसते हुए कहा कि सारे दावे झूठे साबित होंगे। घोष ने कहा कि इस बार 2026 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को केवल 26 सीटों पर संतोष करना पड़ेगा। उन्होंने दावा किया कि भाजपा चाहे कुछ भी कर ले, ममता बनर्जी फिर से भारी बहुमत के साथ एक बार फिर बंगाल की मुख्यमंत्री बनेंगी और सत्ता के सिंहासन पर बैठने वाली हैं।

तृणमूल प्रवक्ता व कोलकाता की बेलेघाटा सीट से पार्टी प्रत्याशी घोष ने साल 2021 के पिछले विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा ने दावा किया था कि 200 से ज्यादा सीट जीतकर सरकार बनाएंगे। चुनाव के परिणाम क्या आए थे, बंगाल के साथ पूरे देश की जनता ने देखा था। पत्रकारों से बातचीत में घोष ने कहा कि भाजपा को याद है कि साल 2021 के विधानसभा चुनाव में उनका क्या हाल हुआ था, फिर भी इस चुनाव में सरकार बनाने का दावा पेश कर रहे हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि भाजपा ने 2021 के चुनाव में नारा दिया था, अबकी बार 200 पार। क्या हुआ करारी हार का सामना करना पड़ा था और भाजपा की झोली में सिर्फ 77 सीट आईं। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि 2026 के चुनाव में भाजपा को केवल 26 सीटों पर संतोष करना पड़ेगा।

तृणमूल नेता ने ईवीएम और एसआइआर का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा बंगाल में सरकार बनाने के लिए कुछ भी कर सकती है। ईवीएम में धांधली हो सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव आयोग का इस्तेमाल कर वैध मतदाताओं के नाम को मतदाता सूची से हटा रही है, लेकिन मैं चुनौती देता हूं कि सभी तरह के प्रयास के बावजूद भी इस विधानसभा चुनाव में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ेगा। बंगाल की जनता भाजपा के खिलाफ ही वोट करेगी। उन्होंने कहा कि बंगाल में भाजपा की जो बी टीम है, उसके उम्मीदवारों को एक भी सीट पर जीत नहीं मिलेगी। जनता का वोट टीएमसी को मिलेगा।

# बसंती हिंसा, आयोग ने थाना प्रभारी को किया निलंबित

❑ **अभिजीत पाल के खिलाफ तत्काल विभागीय जांच के आदेश**


❑ **मुख्य सचिव को अनुपालन रिपोर्ट सौंपने का दिया निर्देश**

**कोलकाता :** बंगाल के दक्षिण 24 परगना के बसंती में चुनाव प्रचार के दौरान हुई हिंसा के मामले में चुनाव आयोग ने स्थानीय थाने के प्रभारी (आइसी) अभिजीत पाल को निलंबित कर दिया है। इसी आधार पर अभिजीत पाल के खिलाफ तत्काल विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। आयोग ने इस मामले में राज्य के मुख्य सचिव को शुक्रवार रात नौ बजे तक अनुपालन रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

प्रवर्तन शाखा के इंस्पेक्टर प्रबीर घोष को नया आइसी नियुक्त किया गया है। आरोप है कि गुरुवार को बसंती बाजार क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार विकास सरदार के चुनाव प्रचार के दौरान उन पर हमला किया गया, जिसके बाद स्थिति और बिगड़ गई। तृणमूल और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प में हालात को संभालने पहुंचे पुलिसकर्मियों पर हमला किया गया। इस घटना में आठ पुलिसकर्मी घायल हो गए। आयोग ने राज्य सचिवालय नबान्न को भेजे पत्र में कहा कि कार्यक्रम की अग्रिम सूचना होने के बावजूद पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है कि क्षेत्र में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती के बावजूद उनकी मदद नहीं ली गई, जो गंभीर लापरवाही और गैरजिम्मेदारी को दर्शाता है। चुनाव से पहले संवेदनशील क्षेत्रों में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं करने का स्पष्ट संदेश दिया गया है।

## पुलिस कोअल्टीमेटम, गैर-जमानती वारंट वाले अपराधियों को 10 दिनों में करें गिरफ्तार: आयोग

**कोलकाता :** विधानसभाचुनाव के मद्देनजर निर्वाचन आयोग ने कानून-व्यवस्था को लेकर कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। आयोग ने राज्य पुलिस के शीर्ष अधिकारियों से लेकर निचले स्तर के कर्मियों तक के लिए निर्देश जारी किया है। आयोग ने दो टूक शब्दों में कहा है कि जिन अपराधियों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट लंबित हैं, उन्हें अगले 10 दिनों के भीतर हर हाल में गिरफ्तार किया जाए। शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए आयोग ने पुलिस को पिछले चुनावों के दौरान दर्ज किए गए सभी आपराधिक मामलों को तेजी से निपटाने और उनकी जांच पूरी करने का आदेश दिया है। आयोग का मानना है कि लंबित मामले और खुले घूम रहे अपराधी चुनावी प्रक्रिया में बाधा डाल सकते हैं, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आयोग ने साफ कर दिया कि चुनाव की घोषणा के बाद राज्य के सभी सरकारी कर्मचारी और पुलिस बल वास्तव में निर्वाचन आयोग के प्रति जवाबदेह होते हैं। आयोग ने चेतावनी दी है कि यदि कोई भी कर्मचारी या अधिकारी अपने कर्तव्यों में कोताही बरतता है या पक्षपात करता है, तो आयोग सीधे उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक और दंडात्मक कार्रवाई करने का पूर्ण अधिकार रखता है। इस संदेश से स्पष्ट है कि आयोग निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव कराने के लिए किसी भी प्रकार के प्रशासनिक ढीलेपन को स्वीकार करने के मूड में नहीं है।

**SUMMON FOR SETTLEMENT OF ISSUE**

(ORDER - V, RULE - 1, 5, 20)

IN THE COURT OF Shri. Atika Achumi Civil Judge SR. Division
Dimapur Nagaland

Suit No. Money Suit No. 83/2024

Plaintiff M/s Tsi Green Venco Industries Pvt Ltd

Defendants M/s Bidesh Plywood Factory Pvt Ltd & Another

To,

Shri. Roshan Lal Agrawal, Director/Prop. of M/s Bidesh Plywood Factory Pvt Ltd, 30 C.R. Avenue First Floor, Opp. Indian Airlines Office, Chandani Metro Stoppage, Kolkata - 700012, West Bengal.

Whereas the plaintiff has instituted a suit against you for Recovery of Rs 23,89,767/- with interest

You are hereby summoned to appear before the Court in person or by pleader duly instructed and able to answer all material questions relating to the suit on 14/04/26 10:00 a.m. without fail

Take notice that in default of your appearance on the date mentioned the suit will be heard and determined in your absence.

Given under my hand and the seal of the Court 12th day of March 2026

Civil Judge SR. Division
Dimapur : Nagaland

Forwarded to :-
1. Process server for service
2. The plaintiff for service
3. The Editor Sanmarg newspaper



**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/(सामान्य)/ पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, पूर्व रेलवे, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के सिलसिले में निम्नलिखित ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1291-2025-26-आर, कार्य का विवरण:** एलएचबी टाइप एसी कोचों के स्विचबोर्ड कैबिनेट के एचटी कम्पार्टमेंट में चूहों (रॉडेंट) के प्रवेश को रोकने के लिए। **निविदा मूल्य:** रु. 14,82,940.50, **बयाना राशि:** रु. 29,700/- **समापन अवधि:** 03 माह। **क्रम सं. 2, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1253-2025-26, कार्य का विवरण:** (i) सियालदह मंडल के उन स्टेशनों पर सीआईबी का प्रावधान जहां मेल/एक्सप्रेस गाड़ियां ठहराव प्रदान करने/शुरू होने के लिए निर्धारित हैं। (ii) सियालदह मंडल के तहत 15 स्टेशनों अर्थात बीईबी, बीएफटी, डीईबी, डीएचयू, एमजीएम, पीसीएक्स, पीएलवाई, आरईजे, एसजीवी, एसवीएच, बीक्यूजी, सीएसजेड, जेजेजी, केआरपी और बीपीडी पर ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु.74,83,495/-, **बयाना राशि:** रु. 1,49,700/-, **समापन अवधि:** 06 माह । **क्रम सं. 3, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1307-2025-26, कार्य का विवरण:** सियालदह मंडल के तहत ऊर्जा संरक्षण के उपाय के तौर पर अधिकारियों के कक्षों में ऑक्यूपेंसी सेंसर की व्यवस्था। **निविदा मूल्य:** रु.78,86,937/-, **बयाना राशि:** रु. 1,57,700/-, **समापन अवधि:** 06 माह । **क्रम सं. 4, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1313-2025-26, कार्य का विवरण:** कल्याणी, शांतिपुर और गेदे के लिए अप्रोच लाइटिंग का उन्नयन और अन्य सहायक कार्य। **निविदा मूल्य:** रु.58,23,817/- **बयाना राशि:** रु. 1,16,500/-, **समापन अवधि:** 02 माह । **क्रम सं. 5, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1308-2025-26, कार्य का विवरण:** एसएसई/ इलेक्ट्रिक-जी/एसपीआर और एसडीएएच-1 के तहत विद्युत परिसंपत्तियों के प्रतिस्थापन और उन्नयन द्वारा विभिन्न मौजूदा विद्युत परिसंपत्तियों के प्रदर्शन का संचालन। **निविदा मूल्य:** रु.46,40,162/-, **बयाना राशि:** रु. 92,800/-, **समापन अवधि:** 12 माह। **क्रम सं. 6, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1255-2025-26, कार्य का विवरण:** (i) सियालदह मंडल में 7 स्थानों (एक्यूआर, बीबीटी, केबीजीबी, बीएसएचटी, पीपीजीटी, ईडीजी और जीबीजी) पर आरडीएसओ टाइप ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड को बदलना, जो उनके कोडल लाइफ को पास करेगा। (ii) आरबी द्वारा जारी एमईए के दिशा-निर्देशों और निकटवर्ती ब्लॉक स्टेशन/एनटीईएस के माध्यम कंट्रोलिंग के अधीन सियालदह मंडल के तहत बीएआरयू, बीडीवाईपी, बीजीजेटी, डीएचके, डीकेडीपी, डीएमयू, जीआईए, जीयूआरएन, जेडीपी, केएलकेआर, केवाईपी, एनजीआरआई, एनटीए, पीएलएफ, एसजेपीआर, एसएनयू, एसएसपी, एसएसआरडी, बीजेडबी, जीएन, एचएचआर, टीएएलए, टीकेएफ, बीएलबाईजी, बीआरपीके, पीटीकेआर, डीएकेई, डीजीएनआर, एनबीई, जीजीपी, एचबीई, जेजीडीएल, केएलवाईएस, केएलवाईएम, पीटीएफ, पीएक्सआर, टीएचपी, बीएसपलए (फ्लैग) स्टेशन में ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड का प्रावधान (iii) आरबी द्वारा जारी एमईए के दिशा-निर्देशों के अनुसार सियालदह मंडल के तहत डीपीडीपी, एचटी, केएचजीआर, केडब्ल्यूडीपी, एमएके, एमजीटी, पीक्यूएस, एसबीजीआर, टीएलएक्स, बीबीडीबी, बीबीआर, बीएमजी, बीजेडआरए, डीटीके, जीएमए, एचबी, एमएसएल, बीएआरएन, एजी, बीडीजेड, एएसकेआर, बीआईजे, बीपीएन, एफएलयू, एमएजे, एमआईजे (ब्लॉक) स्टेशन में ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु.2,41,96,679/-, **बयाना राशि:** रु. 2,71,000/-, **समापन अवधि:** 09 माह । **आईआरईपीएस पर निविदा प्रकाशन की तिथि:** 24.03.2026 (क्रम सं. 1 हेतु) और 25.03.2026 (क्रम सं. 2 से 6 हेतु)। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 14.04.2026 को 14.00 बजे (क्रम सं. 1 हेतु) और 16.04.2026 को 14.00 बजे (क्रम सं. 2 से 6 हेतु)। **बोली प्रारंभ होने की तिथि :** 31.03.2026 (क्रम सं. 1 हेतु) और 02.04.2026 (क्रम सं. 2 से 6 हेतु)। निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है।

SDAH-448/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**सियालदह मंडल के तहत रखरखाव कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

सिग्नल रखरखाव कार्य के लिए, सियालदह मंडल के अंतर्गत सियालदह स्टेशन सीमा पर **दिनांक 28.03.2026 (शनिवार) को 23.50 बजे से दिनांक 29.03.2026 (रविवार) को 03.50 बजे तक 04 घंटे के लिए ट्रैफिक ब्लॉक** की आवश्यकता होगी। इसके परिणामस्वरूप, ट्रेनों के आवागमन में निम्नलिखित व्यवस्थाएँ की गई हैं:

- **ट्रेनों का निरस्तीकरण [(दिनांक 28.03.2026 (शनिवार)]** : **सियालदह – डानकुनी:** अप 32249/डाउन 32252; **सियालदह – रानाघाट:** अप 63111; **सियालदह – नैहाटी:** अप 31447/डाउन 31450; **सियालदह – कृष्णनगर:** डाउन 31844; **सियालदह – गेदे:** अप 31927/डाउन 31928
- **ट्रेनों का निरस्तीकरण [(दिनांक 29.03.2026 (रविवार)]** : **सियालदह – कृष्णनगर:** अप 31811
- **संक्षिप्त यात्रा समाप्त/संक्षिप्त यात्रा शुरू [(दिनांक 28/29.03.2026 (शनिवार/रविवार)]** : (i) 63106 **डाउन लालगोला – सियालदह लोकल** (यात्रा शुरू दिनांक 28.03.2026) सियालदह के बदले रानाघाट में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी; (ii) 31542 **डाउन शांतिपुर – सियालदह लोकल** (यात्रा शुरू दिनांक 28.03.2026) सियालदह के बदले बैरकपुर में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी और 31511 **अप सियालदह – शांतिपुर लोकल** (यात्रा शुरू दिनांक 29.03.2026) सियालदह के बदले बैरकपुर से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी; (iii) 33858 **डाउन बनगाँव – सियालदह लोकल** (यात्रा शुरू दिनांक 28.03.2026) सियालदह के बदले दमदम कैंटोनमेंट में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी और 33863 **अप सियालदह – बनगाँव लोकल** (यात्रा शुरू दिनांक 28.03.2026) सियालदह के बदले दमदम कैंटोनमेंट से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी तथा (iv) 33860 **डाउन बनगाँव – सियालदह लोकल** (यात्रा शुरू दिनांक 28.03.2026) सियालदह के बदले दमदम कैंटोनमेंट में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी और 33811 **अप सियालदह – बनगाँव लोकल** (यात्रा शुरू दिनांक 29.03.2026) सियालदह के बदले दमदम जंक्शन से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी।
- **पुनर्निर्धारण : (1) 13106 बलिया – सियालदह एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 28.03.2026) को 02 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा अर्थात बलिया से 08.50 बजे के बदले 10.50 बजे छूटेगी; **(2) 13142 न्यू अलीपुरद्वार – सियालदह तीस्ता तोरसा एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 28.03.2026) को 01 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा अर्थात न्यू अलीपुरद्वार से 11.50 बजे के बदले 12.50 बजे छूटेगी और **(3) 53171 सियालदह – लालगोला पैसेंजर** (यात्रा शुरू दिनांक 29.03.2026) को 01 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा अर्थात सियालदह से 03.45 बजे के बदले 04.45 बजे छूटेगी और कृष्णपुर में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी।

ब्लॉक अवधि के दौरान ट्रेनों के आवागमन में विलंब हो सकता है। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# भाजपा सरकार बनने पर अपराधियों का उत्तर प्रदेश की शैली में मुठभेड़ करेगी पुलिस : दिलीप घोष

**कोलकाता :** भाजपा के वरिष्ठ नेता व खड़गपुर सदर से प्रत्याशी दिलीप घोष ने दावा किया कि अगर उनकी पार्टी बंगाल में चुनाव के बाद सत्ता में आती है, तो पुलिस में पूरी तरह से बदलाव किया जाएगा और वह अपराधियों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश की शैली में मुठभेड़ करना शुरू कर देगी। खड़गपुर में गुरुवार को एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष घोष ने आरोप लगाया कि बंगाल में पुलिस अभी सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के इशारे पर काम करती है और अपराधियों तथा 'माफिया' के खिलाफ कार्रवाई करने में नाकाम



रहती है।

घोष ने कहा कि चार मई को विधानसभा चुनाव के नतीजे के बाद सब कुछ बदल जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस पुलिस को आप आज माफिया के साथ बैठकर चाय पीते हुए और भ्रष्ट नेताओं के 'चमचे' के तौर पर काम करते हुए देखते हैं, उसका चरित्र बदल जाएगा। वही पुलिस उत्तर प्रदेश की शैली में मुठभेड़ करेगी और अपराधियों को सलाखों के पीछे डालेगी।

इधर, घोष के इन बयानों ने राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है। तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा पर खुले तौर पर गैर-न्यायिक तरीके से हिंसा का समर्थन करने का आरोप लगाया।

बेबाक और आक्रामक राजनीतिक शैली रखने वाले घोष ने आलोचनाओं से बेपरवाह रहते हुए तृणमूल पर अपना हमला और तेज कर दिया, और दावा किया कि उन्होंने खड़गपुर में लंबे समय तक 'गुंडों और माफिया' से लड़ाई लड़ी है और आगे भी लड़ते रहेंगे।

घोष ने कहा, मैंने खड़गपुर में गुंडों और माफिया के खिलाफ कई लड़ाइयां लड़ी हैं, और मैं फिर लड़ूंगा। लेकिन शायद इस बार इसकी जरूरत न पड़े। एक बार जब भाजपा सत्ता में आ जाएगी, तो अपराध में शामिल हर व्यक्ति पकड़ा जाएगा और जेल भेजा जाएगा। घोष ने 2016 से 2019 तक विधानसभा में खड़गपुर सदर का प्रतिनिधित्व किया था और उनको भाजपा ने इस सीट पर फिर से मैदान में उतारा है। यह सीट कभी बंगाल में पार्टी के शुरुआती राजनीतिक गढ़ों में से एक थी, जब पार्टी ने अपने पारंपरिक क्षेत्रों से बाहर विस्तार करना शुरू किया था।

घोष ने कहा कि हमारे खिलाफ मामले दर्ज किए गए, जिनमें आरोप लगाया गया कि हमने लोगों को हथियारों के बल पर धमकाया। लेकिन अगर कोई डरता है, तो घोष जाहिर तौर पर उन्हें डराएगा। आपको डरने की क्या जरूरत है? अगर आपमें हिम्मत है, तो आमने-सामने आइए। अगर वे पुलिस की मदद से लूटपाट कर सकते हैं, चोरी कर सकते हैं और मतदाताओं को डरा-धमका सकते हैं, तो हम उन्हें चुनौती क्यों नहीं दे सकते?

उन्होंने कहा कि मैंने हमेशा अपने विरोधियों को चौंकाते हुए राजनीति की है। खड़गपुर के लोगों ने इसी वजह से मुझे वोट दिया था, और वे फिर से मुझे ही वोट देंगे।

इससे पहले दिन में, अपने समर्थकों के साथ चाय पर चर्चा के दौरान घोष ने राज्य प्रशासन पर चुनाव प्रचार के दौरान सत्ताधारी पार्टी के पक्ष में भेदभाव करने का आरोप लगाया।

उन्होंने आरोप लगाया कि शिकायतें मिलने के बावजूद पुलिस मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के 'कटआउट' हटाने में आनाकानी कर रही थी, और भाजपा ने इस मुद्दे पर निर्वाचन आयोग से संपर्क किया है।

## प्रेसिडेंसी विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षाओं को लेकर एसएफआई का धरना प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी

**कोलकाता :** कोलकाता में प्रेसिडेंसी विश्वविद्यालय में एसएफआई द्वारा विश्वविद्यालय की ओर से खुद की प्रवेश परीक्षा कराने और छात्र संघ चुनाव की मांगों को लेकर किया जा रहा धरना शुक्रवार को चौथे दिन भी जारी रहा। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के छात्र संगठन ने विश्वविद्यालय अधिकारियों द्वारा उनकी मांगों को पूरा किए जाने तक आंदोलन जारी रखने का संकल्प लिया है। एसएफआई की प्रवक्ता उषाश्री मित्रा ने कहा, 'हम प्रेसिडेंसी विश्वविद्यालय के धरना स्थल को तब तक नहीं छोड़ेंगे जब तक अधिकारी यह आश्वासन नहीं देते कि प्रवेश प्रक्रिया विश्वविद्यालय की अपनी प्रवेश परीक्षाओं पर आधारित होगी और इस संबंध में दिशानिर्देश अधिसूचित किए जाएंगे।'

फिलहाल, प्रेसिडेंसी विश्वविद्यालय की स्नातक और स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षाएं पश्चिम बंगाल संयुक्त प्रवेश परीक्षा बोर्ड (डब्ल्यूबीजेईबी) द्वारा आयोजित की जाती हैं। गर्मी और उमस के बीच लगभग 50 छात्र विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। आंदोलनकारी छात्रों ने आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) और छात्र संघ का तत्काल चुनाव कराने की भी मांग की। एक प्रदर्शनकारी ने कहा, हम चाहते हैं कि आईसीसी और छात्र संघ के चुनाव बिना किसी देरी के लोकतांत्रिक तरीके से कराए जाएं।

# बंगाल के नंदीग्राम में शुभेंदु अधिकारी ने रामनवमी के अवसर पर शोभायात्रा निकाली

**कोलकाता :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले में स्थित अपने निर्वाचन क्षेत्र नंदीग्राम में रामनवमी की शोभायात्रा निकाली। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व में इस क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) समर्थित गुंडों द्वारा ऐसी रैलियों पर हमले किए जाते थे। शोभायात्रा के दौरान अल्पसंख्यक समुदाय के लोग अधिकारी और शोभायात्रा में शामिल अन्य लोगों को पानी, मिठाई और फल भेंट करते हुए देखे गए। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अधिकारी ने कहा कि रामनवमी रैली का स्वागत करने वाले 'राष्ट्रवादी



मुसलमानों' और सत्तारूढ़ 'टीएमसी से जुड़े कट्टरपंथियों' के बीच अंतर स्पष्ट है। नंदीग्राम से दोबारा चुनाव लड़ रहे अधिकारी ने दावा किया कि आठ साल के अंतराल के बाद इस क्षेत्र में ऐसी रैली का आयोजन किया गया, क्योंकि 'रामनवमी समारोह के दौरान पूर्व में निकाली गईं शोभायात्राओं पर टीएमसी समर्थित गुंडों ने हमला किया था।' इस अवसर पर भाजपा विधायक ने राज्य में रोजगार, किसानों की समृद्धि, विकास और शांति के लिए प्रार्थना की। बृहस्पतिवार को अधिकारी ने भवानीपुर में रामनवमी की शोभायात्रा का नेतृत्व किया था, जहां वह मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले, शुक्रवार को कई भाजपा उम्मीदवारों ने अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में रामनवमी शोभायात्रा निकाली, जिनमें बीरभूम का सैंथिया, झारग्राम का गोपीबल्लभपुर और बालुरघाट तथा बहरामपुर शामिल हैं। राज्य में विधानसभा चुनाव दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को होगा। मतगणना चार मई को होगी।

# प्रसिद्ध आसनसोल क्लब में देर रात बवाल, दो गुटों के बीच झड़प से मचा हड़कंप

**रानीगंज :** पश्चिम बंगाल के सुप्रसिद्ध आसनसोल क्लब में बुधवार देर रात कार्यक्रम समाप्त होने के बाद दो गुटों के बीच विवाद हो गया। घटना के बाद दोनों पक्षों की ओर से हीरापुर थाना में शिकायत दर्ज कराई गई है। क्लब के पूर्व अध्यक्ष सोमनाथ बिस्वाल ने आरोप लगाया कि वे पिछले 22 वर्षों से क्लब के सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष वर्तमान प्रबंधन ने उन पर क्लब के पैसे के गबन का झूठा आरोप लगाकर उन्हें निष्कासित कर दिया था। इसके खिलाफ उन्होंने कोलकाता अदालत में याचिका दायर की थी, जहां लगभग एक वर्ष बाद अदालत ने उनके पक्ष में फैसला सुनाते हुए उन्हें फिर से क्लब में शामिल करने का आदेश दिया। बिस्वाल का आरोप है कि बुधवार



रात जब वे क्लब के कार्यक्रम में पहुंचे तो वर्तमान कोषाध्यक्ष और उनके समर्थकों ने उनके साथ बदसलूकी की, कपड़े फाड़ दिए और उनकी बीएमडब्ल्यू कार में तोड़फोड़ की। वहीं, क्लब के वर्तमान अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह भरारा ने कहा कि उन्हें घटना की सूचना मिलने पर वे क्लब पहुंचे और स्थिति को शांत करने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज करा दी गई है। सोमनाथ बिस्वाल ने कहा कि घटना की वीडियो फुटेज उनके पास मौजूद है, जिसे जरूरत पड़ने पर प्रशासन को सौंपा जाएगा।

## अजमल दुबई ने रणवीर सिंह को ब्रांड एंबेसडर घोषित किया और योर अनसीन पावर अभियान लॉन्च किया

**नई दिल्ली/कोलकाता :** अजमल दुबई ने रणवीर सिंह को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की है, जो योर अनसीन पावर नामक अपने नवीनतम अभियान के लॉन्च के साथ एक साहसिक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है। योर अनसीन पावर अभियान अजमल दुबई की तीन प्रतिष्ठित फ्रेगरेंस को प्रस्तुत करता है, जिनमें से प्रत्येक आधुनिक अभिव्यक्ति के एक विशिष्ट पहलू का प्रतिनिधित्व करती है। रणवीर सिंह, ब्रांड एंबेसडर, अजमल दुबई ने कहा, अजमल दुबई विरासत, कारीगरी और इस विचार का प्रतीक है कि सुगंध व्यक्तित्व का विस्तार है, जिससे मैं व्यक्तिगत रूप से जुड़ाव महसूस करता हूं।

# शिक्षा के क्षेत्र में चिरस्मरणीय रहेगा बासुदेव टिकमानी का योगदान

**हावड़ा :** बेटियों की उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तीन दशक पूर्व लिलुआ में अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन की स्थापना करने वाले महान शिक्षाव्रती श्रद्धेय बासुदेव टिकमानी को उनके छठे प्रयाण दिवस पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में स्थापित उनकी प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य सरोज कुमार श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर और प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई।

इस दौरान उन्होंने कहा कि टिकमानी जी ने हावड़ा में बेटियों को



सर्वोत्तम सुविधाओं के साथ शिक्षा उपलब्ध कराने के संकल्प को साकार किया। साथ ही लिलुआ शिल्पांचल को शिक्षांचल के रूप में विकसित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने बताया कि अग्रसेन बालिका स्कूल और अग्रसेन बॉयज स्कूल सहित कई शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना और उनके सुचारु संचालन में टिकमानी जी का निस्वार्थ मार्गदर्शन रहा। आज हजारों छात्र-छात्राएं शिक्षा प्राप्त कर अपने भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। इस मौके पर विद्यालय के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने भी उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि टिकमानी जी का सेवाभाव और प्रेरणादायक व्यक्तित्व सदैव स्मरणीय रहेगा।

## बिनायक एनक्लेव में सजा राम दरबार



**कोलकाता, समाज्ञा :** बिनायक एनक्लेव मंदिर प्रांगण में प्रभु श्री राम के अवतरण दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पूजा पाठ के कार्यक्रम के बाद फेरी लगाई गई। एनक्लेव के लोगों ने बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ राममय वातावरण में हर्षोल्लास के साथ रामनवमी का पावन त्यौहार मनाया। इसके साथ ही भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। सुप्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा भजनों की अमृत वर्षा की गई, जिससे एन्क्लेववासी भक्तिरस में झूम उठे। हजारों की संख्या में लोगों ने महाभोग का आनंद लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर कमिटी एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों की भूमिका सराहनीय रही। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही धूम धाम से किया गया। कार्यक्रम में बराहनगर की विधायक और तृणमूल कांग्रेस की प्रत्याशी सायंतिका बनर्जी पहुंचकर लोगों का उत्साहवर्धन किया।

## गोल्ड लोन की बदल रही छवि, अब 'आखिरी सहारा' नहीं बल्कि पहली पसंद : कोटक महिंद्रा बैंक

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत में गोल्ड लोन को लेकर लोगों की सोच तेजी से बदल रही है। पहले इसे आर्थिक संकट में लिया जाने वाला आखिरी विकल्प माना जाता था, लेकिन अब यह कई परिवारों और पेशेवरों के लिए एक योजनाबद्ध वित्तीय साधन बनता जा रहा है। कोटक महिंद्रा बैंक के अनुसार, लोग अब घरों में रखे पुश्तैनी गहनों को गिरवी रखकर मॉर्टगेज या अनसिक्योर्ड लोन के मुकाबले कम समय में और कम ब्याज पर धन जुटा रहे हैं। बैंक के प्रेसिडेंट और हेड-गोल्ड लोन्स श्रीपद जाधव ने कहा कि स्थिर आय वाले ग्राहक भी अब अस्थायी रूप से अपनी ज्वेलरी गिरवी रखकर शिक्षा, व्यवसाय विस्तार और निवेश जैसे अवसरों के लिए फंड जुटा रहे हैं। सोने की कीमतों में हालिया तेजी से घरों में रखे गहनों का मूल्य बढ़ा है, जिससे छोटी और मध्यम अवधि की वित्तीय जरूरतें पूरी करना आसान हुआ है। बैंक के मुताबिक, कम कागजी प्रक्रिया, तेज मंजूरी और लचीले भुगतान विकल्पों के कारण गोल्ड लोन की मांग देशभर में लगातार बढ़ रही है।

## एक्सिस बैंक की जंगलों को बचाने की मुहिम, असम और बंगाल में 15.19 लाख से ज्यादा पौधे लगाए

**कोलकाता, समाज्ञा :** अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर एक्सिस बैंक ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ी पहल करते हुए असम और पश्चिम बंगाल में व्यापक स्तर पर वनीकरण अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत 969 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में 15.19 लाख से ज्यादा पौधे लगाए जा रहे हैं, जिससे जैव विविधता संरक्षण और पारिस्थितिकी संतुलन को मजबूती मिलेगी। असम के माजुली जिले के कार्तिक चापोरी क्षेत्र में बालिपारा ट्रैक्ट एंड फ्रंटियर फाउंडेशन के सहयोग से खराब हो चुके जंगलों को पुनर्जीवित किया जा रहा है। परियोजना के तहत 785 हेक्टेयर वन क्षेत्र का पुनर्स्थापन और 65 हेक्टेयर में कृषि-वनीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। वहीं, पश्चिम बंगाल के सुंदरबन क्षेत्र में नेचर एनवायरनमेंट एंड वाइल्डलाइफ सोसाइटी के साथ मिलकर 119 हेक्टेयर भूमि पर 7.14 लाख मैंग्रोव पौधे लगाए जा रहे हैं, जिससे तटीय सुरक्षा और स्थानीय आजीविका को भी मजबूती मिलेगी।

## उम्मीदवारों की घोषणा से पहले ही मैदान में उतरे कांग्रेसी दावेदार

❑ **सूची में देरी से बढ़ी बेचैनी, समर्थकों के साथ खुद ही शुरू किया प्रचार अभियान**

**कोलकाता :** बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में उम्मीदवारों की घोषणा में हो रही देरी के बीच कांग्रेस के संभावित प्रत्याशी अब खुद ही मैदान में उतरने लगे हैं। आधिकारिक सूची जारी न होने के बावजूद कई दावेदारों ने अपने-अपने क्षेत्रों में प्रचार अभियान शुरू कर दिया है। पार्टी नेतृत्व की ओर से 294 सीटों पर चुनाव लडऩे की घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं में जो उत्साह दिखा था, वह उम्मीदवारों के नाम तय न होने से धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। इस स्थिति में कई दावेदारों ने इंतजार छोडक़र जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ा दी है। संभावित उम्मीदवार समर्थकों के साथ घर-घर संपर्क कर रहे हैं, स्थानीय मुद्दों को उठा रहे हैं और खुद को पार्टी का चेहरा बताकर प्रचार में जुट गए हैं। अधीर चौधरी, मोहित सेनगुप्ता, अली इमरान, रामज विक्टर और अमल आचार्य जैसे नेताओं के समर्थक भी अपने-अपने क्षेत्रों में उन्हें ही उम्मीदवार मानकर प्रचार कर रहे हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह स्थिति पार्टी के अंदर समन्वय की कमी को उजागर करती है। जहां अन्य दल अपने उम्मीदवारों के साथ पूरी ताकत से चुनाव प्रचार में जुटे हैं, वहीं कांग्रेस में अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। हालांकि, पार्टी सूत्रों के अनुसार इस गतिरोध के जल्द खत्म होने की उम्मीद है। शनिवार को दिल्ली में कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक प्रस्तावित है, जिसमें उम्मीदवारों के नाम पर अंतिम मुहर लग सकती है। अगर ऐसा होता है तो दावेदारों की यह 'स्वतंत्र सक्रियता' जल्द ही आधिकारिक प्रचार में बदल सकती है।

## एनडीआरएफ जवानों ने मनाई रामनवमी, भंडारे का आयोजन



**कोलकाता :** एनडीआरएफ की 2वी वाहिनी अंतर्गत कोलकाता स्थित रिजनल रिस्पांस सेंटर (आरआरसी) परिसर में शुक्रवार को बल के जवानों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ रामनवमी उत्सव मनाया। इस दौरान कमांडेंट मनीष रंजन के मार्गदर्शन में तथा सहायक कमांडेंट संतोष कुमार ठाकुर के नेतृत्व में आरआरसी परिसर स्थित मंदिर में विशेष पूजा और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें एनडीआरएफ के बचाव कर्मियों के साथ स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर भंडारा शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में राहगीरों और स्थानीय निवासियों में प्रसाद (भोग) का वितरण किया गया। कार्यक्रम के जरिए एनडीआरएफ ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि वह न सिर्फ आपदा के समय बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजनों में भी लोगों के साथ खड़ी रहती है और राष्ट्र सेवा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## पूर्व रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स कांचरापाड़ा जिला द्वारा 16वीं जिला रैली का सफल आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स कांचरापाड़ा जिला संघ द्वारा आयोजित 16वीं जिला रैली का सफलतापूर्वक आयोजन 25 से 27 मार्च को जिला प्रशिक्षण केंद्र, कांचरापाड़ा में बड़े उत्साह, अनुशासन एवं व्यापक सहभागिता के साथ संपन्न हुआ। यह रैली भविष्य का मार्गदर्शन, राष्ट्र की सेवा थीम पर आधारित थी, जिसका उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, अनुशासन एवं राष्ट्र सेवा की भावना को विकसित करना था। रैली का उद्घाटन का मुख्य कार्यशाला प्रबंधक सुभाष चंद्र द्वारा किया गया, जिससे तीन दिवसीय इस भव्य आयोजन का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर पूर्व रेलवे के एजीएम शीलेंद्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे थे पुर्व रेलवे के पीसीपीओ ज़रीना फिरदौसी 26 मार्च को विशिष्ट अतिथि के रूप में उप-



स्थित रहीं। रैली का शुभारंभ ध्वज-ारोहण समारोह, सामूहिक सलामी, एवं मार्च पास्ट के साथ हुआ। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें प्रमुख हैं।फिजिकल डिस्प्ले, एडवेंचर एक्सपेडिशन ज़ोन एवं लिटिल एक्सप्लोरर्स लैंड, पायनियरिंग एवं रचनात्मक प्रतियोगिताएं, रंगोली, हस्तशिल्प एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, बैंड डिस्प्ले एवं मार्च पास्ट (मानक मूल्यांकन), लोक नृत्य एवं क्रिएटिव डां, रैली रील्स प्रस्तुति किया गया।प्रतिभागियों ने पूरे कार्यक्रम के दौरान अनुशासन, कौशल एवं टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।यह रैली न केवल स्काउटिंग एवं गाइडिंग की भावना को सुदृढ़ करने में सफल रही, बल्कि युवाओं को एक जिम्मेदार एवं राष्ट्रसेवी नागरिक बनने के लिए भी प्रेरित किया।

## सियालदह रेल मंडल का मेगा सफाई अभियान, बिराती-श्यामनगर स्टेशनों से हटाया गया कई टन कचरा

❑ **स्टेशन परिसरों में साफ-सफाई को लेकर लगातार जनजागरूकता अभियान चला रहा सियालदह मंडल**

**कोलकाता :** यात्रियों को स्वच्छ और बेहतर सुविधाएं देने के उद्देश्य से पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल ने सफाई अभियान तेज कर दिया है। लंबे समय से जमा कचरा हटाने की पहल के तहत बिराती और श्यामनगर स्टेशनों पर विशेष अभियान चलाकर ट्रैक के किनारे वर्षों से जमा कचरे को हटाया गया।

सियालदह मंडल द्वारा शुक्रवार को एक बयान में बताया गया कि बिराती स्टेशन से करीब 5 लॉरी कचरा हटाया गया, जिसका वजन लगभग 2 टन है। वहीं, श्यामनगर स्टेशन पर अब तक करीब 100 किलो कचरे का निपटान किया जा चुका है, जबकि अतिरिक्त 100 किलो कचरा हटाने की प्रक्रिया जारी है।

मंडल प्रशासन की ओर से स्टेशन परिसरों में पोस्टर और बैनर के माध्यम से साफ- सफाई को लेकर लगातार जनजागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। रेल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि स्वच्छता बनाए रखना केवल रेलवे की नहीं, बल्कि आम नागरिकों की भी जिम्मेदारी है।

यात्रियों से अपील की गई है कि वे कूड़ेदान का इस्तेमाल करें और प्लेटफार्म या ट्रैक पर कचरा न फैलाएं। रेलवे अधिनियम के तहत गंदगी फैलाने या थूकने पर 500 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

सियालदह मंडल का लक्ष्य बड़े स्तर पर सफाई के साथ-साथ नागरिक अनुशासन को बढ़ावा देकर यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुखद यात्रा अनुभव प्रदान करना है।

## गोयनका मंदिर में चैत्र नवरात्रि एवं बरजी दादी जन्मोत्सव संपन्न

**कोलकाता :** गोयनका मंदिर कोलकाता में श्री श्री बीरां बरजी सेवा समिति द्वारा शुक्रवार को चैत्र नवरात्रि उत्सव एवं बरजी दादी जी का 459वां जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में आयोजित दुर्गा सप्तशती पाठ का समापन कविता प्रदीप कुमार गोयनका द्वारा माता रानी के पूर्णाहुति हवन तथा अंजू सुभाष चंद्र गोयनका द्वारा नौ कन्याओं का विधिवत पूजन किया गया तथा उन्हें उपहार एवं दक्षिण प्रदान की। शाम को बरजी दादी का 459वां जन्मोत्सव पर दादी जी का बेला एवं गुलाब के फूलों से मनभावन श्रृंगार किया गया तथा 56 भोग, मिष्ठान, फल, पान तथा मिल्क केक का भोग लगाया गया तथा दादी की रसोई में सभी भक्तों ने सुस्वादु प्रसाद का आनंद उठाया। सुप्रसिद्ध भजन प्रवाहक देवेंद्र बेगानी, कमल गोयनका, पवन गोयनका (सोनू) ने भजनों की मधुर सरिता प्रवाहित की इसका सभी भक्तों ने उत्साह पूर्वक



आनंद उठाया।

इस कार्यक्रम में गोविंद राम गोयनका, गिरधारी लाल गोयनका, सुशील गोयनका, सज्जन गोयनका, रामस्वरूप गोयनका, संजय गोयनका, पवन गोयनका (अरबाना), विनोद गोयनका, पवन गोयनका (लार्ड्स), ईश्वर प्रसाद गोयनका, राजेश गोयनका (अलीपुर), प्रसिद्ध समाजसेवी पवन बंसल, सुभाष चंद्र गोयनका, कमल गोयनका, प्रमोद गोयनका, महेश गोयनका, पवन गोयनका (पंचवटी), निर्मल गोयनका, प्रदीप कुमार गोयनका, श्रवण गोयनका, राम रतन गोयनका, पवन गोयनका (सोनू), विपुल गोयनका, पवन गोयनका (काकुड़गाछी), सुमित झुनझुनवाला, राज गोयनका, मंजू गोयनका, सीमा गोयनका, कुसुम गोयनका, आशा गोयनका, हेमा गोयनका, राधा गोयनका, अंजू गोयनका, रेनू गोयनका (काकुड़गाछी), माया गोयनका, शीला गोयनका, कविता गोयनका, रेनू गोयनका, शिखा गोयनका, सरोज गोयनका, मोना गोयनका, पूजा गोयनका सहित महानगर के सभी दादी भक्तों तथा स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। यह जानकारी समिति के सचिव सुभाष चंद्र गोयनका ने दी।

## हावड़ा डिवीजन में विकास कार्य के लिए ट्रेनों का संचालन प्रभावित, कई लोकल और पैसेंजर ट्रेनें रद्द

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा डिवीजन के हावड़ा-बंडेल सेक्शन में रिसड़ा स्टेशन के पास लेवल क्रॉसिंग गेट संख्या-03 पर लिमिटेड हाइट सबवे निर्माण कार्य के चलते 28 और 29 मार्च को कई ट्रेनों के संचालन में बदलाव किया गया है। इस कार्य के लिए 28 मार्च की रात 22:40 बजे से 29 मार्च सुबह 06:50 बजे तक अप और रिवर्सिबल लाइन पर तथा 28 मार्च रात 22:40 बजे से 29 मार्च सुबह 03:55 बजे तक डाउन लाइन पर ट्रैफिक और पावर ब्लॉक रहेगा।

इसके कारण 28 मार्च को हावड़ा-बंडेल (37283, 37285, 37287, 37289, 37291), हावड़ा-तारकेश्वर (37347, 37349, 37351) और हावड़ा-वर्दवान (37857) ईएमयू ट्रेनें रद्द रहेंगी। वहीं, बंडेल-हावड़ा (37286, 37288, 37290), तारकेश्वर-हावड़ा (37358), गोघाट-हावड़ा (37382, 37384) और वर्दवान-हावड़ा (37854) डाउन ईएमयू भी रद्द रहेंगी। इसके अलावा, वर्दवान-हावड़ा मेमू (63502) तथा पैसेंजर ट्रेन 53001 (हावड़ा से) और 53002 (आजीमगंज से) भी नहीं चलेंगी। 29 मार्च को हावड़ा-बंडेल (37211, 37213), हावड़ा-गोघाट (37371, 37373), हावड़ा-तारकेश्वर (37311, 37313, 37315), हावड़ा-वर्दवान (37811, 37813, 37815) और हावड़ा-कटवा (37911) ईएमयू ट्रेनें रद्द रहेंगी। वहीं, बंडेल-हावड़ा (37212, 37214, 37216, 37218), तारकेश्वर-हावड़ा (37312, 37314, 37316, 37318, 37320), वर्दवान-हावड़ा (37812, 37814, 37816) और कटवा-हावड़ा (37912) डाउन ईएमयू भी रद्द रहेंगी। साथ ही, हावड़ा-वर्दवान मेमू (63501) तथा पैसेंजर ट्रेन 53012 (आजीमगंज से) और 53009 (कटवा से) रद्द रहेंगी।

इसके अलावा, 28 मार्च को 13027 हावड़ा-आजीमगंज कविगुरु एक्सप्रेस और 13029 हावड़ा-मोकामा एक्सप्रेस को हावड़ा-वर्दवान कॉर्ड लाइन (हावड़ा-डानकुनी-वर्दवान) के रास्ते डायवर्ट किया जाएगा और इनका ठहराव डानकुनी व कमारकुंडू में होगा। इसके साथ ही, कुछ ट्रेनों का समय भी बदला गया है, 13033 हावड़ा-कटिहार एक्सप्रेस 7 घंटे देरी से 29 मार्च को सुबह 06:35 बजे हावड़ा से चलेगी, जबकि 13034 कटिहार-हावड़ा एक्सप्रेस 28 मार्च को 2 घंटे देरी से 17:30 बजे और 29 मार्च को 3 घंटे 30 मिनट देरी से 19:00 बजे कटिहार से प्रस्थान करेगी। 29 मार्च को कई मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों को रास्ते में नियंत्रित किया जाएगा।

इनमें, 13017 हावड़ा-आजीमगंज गणदेवता एक्सप्रेस (30 मिनट), 22387 हावड़ा-धनबाद ब्लैक डायमंड एक्सप्रेस (20 मिनट), 13024 गया-हावड़ा एक्सप्रेस (1 घंटा 30 मिनट), 13030 मोकामा-हावड़ा एक्सप्रेस (1 घंटा 40 मिनट), 13022 रक्सौल-हावड़ा एक्सप्रेस (1 घंटा) और 15960 डिब्रूगढ़-हावड़ा कामरूप एक्सप्रेस (30 मिनट) शामिल हैं।

# सेवामूलक कार्यों से ही जीवन की शुरूआत हुई : विजय उपाध्याय


जोड़ासांको विधानसभा से तृणमूल प्रत्याशी विजय उपाध्याय

**कोलकाता, समाज्ञा :** देश में केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी सहित पांच राज्यों में चुनावी विगुल बज चुका है। पश्चिम बंगाल का विधान सभा चुनाव देश के अन्य राज्यों से अलग भी है और अहम भी है। अलग इसलिए है कि यहां सत्ता परिवर्तन एक लंबे अंतराल के बाद होता आया है। अहम इसलिए कि केंद्र में सत्ता में काबिज भारतीय जनता पार्टी पश्चिम बंगाल में विशेष रूप से आगामी चुनावों की रणनीति और संगठनात्मक मजबूती पर ध्यान केंद्रित कर रही है। पश्चिम बंगाल में चल रही राजनीतिक हलचल के बीच राज्य की सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस तो हमलावर है ही, देश के अन्य विपक्षी दल भी भाजपा पर निशाना साध रहे हैं। चुनावी मैदान में असली लड़ाई तृणमूल और भाजपा के बीच ही है और इस बार जोर आजमाइस दोनों ओर से पूरी ताकत झोंक देने की है। एक ओर जहां दीदी मुस्लिम वोटो और अपनी जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर जीत के प्रति आश्वस्त है। वहीं, भाजपा को प्रधानमंत्री मोदी की छवि और हिंदुत्ववादी वोटरों का भरोसा है। ऐसे में सामान्य वोटर अपने क्षेत्र और उम्मीदवार के बारे में जानने को उत्सुक रहता है। इस कड़ी में प्रस्तुत है हमारे संवाददाता अरविंद कुमार ठाकुर से जोड़ासांको विधानसभा क्षेत्र के तृणमूल कांग्रेस प्रत्याशी विजय उपाध्याय से हुई बातचीत के कुछ अंश:

**❑ सवाल : विजय उपाध्याय किस पृष्ठभूमि के नेता है, सामाजिक या राजनयिक?**

**जवाब :** मैं भूमिपुत्र हूं, नेता हूं ही नहीं। मेरा घर मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी के नजदीक होने के कारण मैं 16-17 वर्ष की आयु से ही लोगों को सोसाइटी में भर्ती कराना, उनके सहायतार्थ अन्य सेवामूलक कार्य करना मेरी दिनचर्या बन गई। जब ऐसा आगाज मिला तो अंजाम ये होना ही था। मेडिसिन और शिक्षा के क्षेत्र में मैं पहले तो शारीरिक फिर आर्थिक मदद कर कमजोर लोगों के लिए अपना जीवन खपाने लगा।

**❑ सवाल : कौन सी बात विजय उपाध्याय को अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी से भिन्न बनाती है?**

**जवाब :** धर्म में मेरी आस्था अटूट है, पिताजी मंदिर में पुजारी थे। मंदिर का चढ़ावा, प्रसाद पाकर ही मैं बड़ा हुआ। मुझसे बड़ा कोई धार्मिक नहीं, लेकिन मैं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सोच से अनुप्रेरित हूं। हिन्दू धर्म में अटूट विश्वास और आस्था रखते हुए मैं अन्य धर्मों और धर्मावलम्बियों का आदर और सम्मान बिना किसी आडंबर के करता हूं। दूसरे किसी कौम के प्रति नफरत के बीज नहीं बोता।

**❑ सवाल : क्षेत्र की मुख्य समस्या जर्जर मकान और जल जमाव के निस्तारण हेतु क्या योजना है?**

**जवाब :** जर्जर मकान जो सरकारी है वो सरकारी फण्ड से बन जायेगा। इसमें कोई अधिक अड़चन नहीं आनी चाहिए। गैर सरकारी इमारतों की मरम्मत या नवीनीकरण में कुछ मुश्किलें हैं, जैसे माकन मालिक का आर्थिक रूप से कमजोर होना, माकन मालिक और किरायेदार में असहमति। ऐसी परिस्थिति में दोनों पक्षों को बैठाकर आगे बढ़ा जा सकता है। मकान मालिक को नुकसान न हो इसके लिए राज्य सरकार की एक स्कीम भी है। जल जमाव की समस्या का समाधान मैने अपने वार्ड में किया है, उसी प्रकार मैं पूरे क्षेत्र की समस्या को हल कर पाऊंगा।

**❑ सवाल : काउन्सिलर रहते इलाके में कुछ सराहनीय कार्य।**

**जवाब :** भूतनाथ मंदिर के सामने दुकानों को पुनर्निर्मित और व्यवस्थित करना। कई मंदिरों का जीर्णोद्धार और शिक्षा के क्षेत्र में मेधावी छात्र छात्राओं में निःशुल्क लैपटॉप वितरण।

**❑ सवाल : जीत को लेकर कितने आश्वस्त हैं और क्यों?**

**जवाब :** सौ प्रतिशत आश्वस्त हैं, दीदी की जन कल्याणकारी योजनाओं और राज्य में हर क्षेत्र में हुए विकास कार्यों के लेकर संदेह की कोई गुंजाइश ही नहीं है, धन्यवाद।

# बहुत अच्छा था पायलट, मेरी जान बचाई : ममता

**कोलकाता :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने खराब मौसम के चलते एक दिन पहले कोलकाता एयरपोर्ट पर उनके चार्टर्ड विमान की लैंडिंग की अनुमति नहीं मिलने पर आसमान में एक घंटे से अधिक समय तक चक्कर काटने की घटना पर शुक्रवार को पायलट की जमकर सराहना की। ममता ने कहा कि पायलट बहुत अच्छा था, उसने हमारी जान बचाई। मालूम हो कि चुनावी रैलियों के बाद गुरुवार को अंडाल से कोलकाता लौटते वक्त अचानक तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि के कारण मुख्यमंत्री का चार्टर्ड विमान समय पर नहीं उतर सका और करीब एक घंटे 20 मिनट तक कोलकाता के आसमान में चक्कर काटता रहा। मौसम में सुधार होने पर निर्धारित समय से एक घंटे से अधिक की देरी के बाद मुख्यमंत्री का विमान कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुरुवार शाम 5.19 बजे सुरक्षित उतर सका। इस घटनाक्रम का असर मुख्यमंत्री के अगले दिन के कार्यक्रम पर भी पड़ा। शुक्रवार सुबह खराब मौसम की आशंका के चलते चुनाव प्रचार को उनके पुनः अंडाल दौरे पर जाने को लेकर असमंजस बना रहा। पहले सड़क मार्ग से जाने की योजना बनी, लेकिन बाद में मौसम सामान्य रहने के संकेत मिलने पर तय कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री ने अपने चार्टर्ड विमान से ही रवाना होने का फैसला किया गया। अंडाल के लिए रवाना होने से पहले कोलकाता में पत्रकारों से बातचीत में ममता ने पायलट की सूझबूझ की जमकर सराहना की।

# उत्तर बंगाल से चुनावी बिगुल फूंकेंगे पीएम मोदी, पांच अप्रैल को अलीपुरद्वार में पहली रैली संभव

**❑ विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद पीएम की बंगाल में होगी पहली रैली**



**कोलकाता :** बंगाल में विधानसभा चुनाव की घोषणा के करीब दो हफ्ते बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जल्द ही राज्य में चुनाव प्रचार की कमान संभालेंगे और इसकी शुरुआत उत्तर बंगाल से करेंगे। भाजपा सूत्रों के अनुसार, पीएम मोदी पांच अप्रैल को उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार में पहली चुनावी रैली को संबोधित कर सकते हैं। इस दौरान वह आसपास के विधानसभा क्षेत्रों के उम्मीदवारों के समर्थन में भी प्रचार करेंगे, जिनमें अलीपुरद्वार से भाजपा उम्मीदवार लक्ष्मण लिंबू शामिल हैं। बताते चलें कि राज्य में उत्तर बंगाल भाजपा का सबसे मजबूत क्षेत्र माना जाता है। 2021 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने यहां शानदार प्रदर्शन किया था। हालांकि बाद के लोकसभा चुनाव में पार्टी वह बढ़त बरकरार नहीं रख सकी और तृणमूल कांग्रेस ने कई सीटों पर वापसी की। इस पृष्ठभूमि में पीएम मोदी का उत्तर बंगाल से प्रचार शुरू करना रणनीतिक रूप से अहम माना जा रहा है। पार्टी यहां अपने पुराने प्रदर्शन को दोहराने और खोई जमीन वापस पाने की कोशिश में है। बताते चलें कि पीएम मोदी इससे पहले चुनाव की घोषणा से एक दिन पहले बीते 14 मार्च को बंगाल के दौरे पर आए थे और उन्होंने कोलकाता के ऐतिहासिक ब्रिगेड मैदान में भाजपा की राज्यव्यापी परिवर्तन यात्रा के समापन पर आयोजित मेगा रैली को संबोधित किया था।

**❑ तृणमूल भी पूरी ताकत के साथ मैदान में**

दूसरी ओर, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस भी पूरी ताकत के साथ मैदान में है। मुख्यमंत्री व तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी ने भी हाल में उत्तर बंगाल से ही अपने चुनाव प्रचार की शुरुआत की थी। ऐसे में उत्तर बंगाल दोनों दलों के लिए प्रतिष्ठा का रणक्षेत्र बन गया है, जहां अपनी सीटें बचाने के साथ बढ़त बनाना भी बेहद अहम

# बंगाल के बांकुड़ा में आतंकी संगठनों से संबंध के संदेह में युवक गिरफ्तार

## ट्रांजिट रिमांड पर तेलंगाना ले गई एसटीएफ

**कोलकाता :** बंगाल के बांकुड़ा जिले में आतंकी संगठनों से कथित संबंधों के संदेह में 20 वर्षीय युवक मीर आसिफ अली को गिरफ्तार किया गया है। तेलंगाना पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने खातरा थाना क्षेत्र के खरबन मोड़ इलाके में स्थानीय पुलिस के सहयोग से कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार और ट्रांजिट रिमांड पर तेलंगाना ले गई। सूत्रों के अनुसार, तेलंगाना में हाल में तीन लोगों को आइएसआइएस और अल-कायदा जैसे अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठनों से जुड़े होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उन आरोपितों के मोबाइल फोन और इंटरनेट मीडिया की जांच के दौरान मीर आसिफ अली का नाम सामने आया, जिसके बाद एसटीएफ ने बांकुड़ा में छापेमारी की।

जांच एजेंसियों के मुताबिक, आसिफ के इंटरनेट मीडिया हैंडल पर कई संदिग्ध गतिविधियों के संकेत मिले हैं। उसके एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर एक तस्वीर भी पाई गई, जिसमें वह एके सीरीज की राइफल के साथ नजर आ रहा है। हालांकि प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि यह तस्वीर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) की मदद से बनाई गई हो सकती है। इसके अलावा, जांचकर्ताओं का दावा है कि उसके इंटरनेट मीडिया प्रोफाइल पर राष्ट्रविरोधी सामग्री से जुड़े कई पोस्ट भी मिले हैं। इन्हीं तथ्यों के आधार पर एसटीएफ ने 25 मार्च की देर रात खातरा क्षेत्र के खदबन इलाके में छापेमारी कर उसे उसके घर से गिरफ्तार किया। बाद में उसे खातरा उपमंडल न्यायालय में पेश किया गया, जहां अदालत ने उसे ट्रांजिट रिमांड पर तेलंगाना ले जाने की अनुमति दे दी। वहीं, आरोपित के परिवार ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए उसे निर्दोष बताया है।

# बंगाल में एसआइआर सूची से सेवानिवृत्त न्यायाधीश का नाम गायब, प्रक्रिया पर उठाए सवाल

**कोलकाता :** बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) को लेकर एक नया विवाद सामने आया है। कलकत्ता हाई कोर्ट के हाल में सेवानिवृत्त न्यायाधीश शाहिद उल्लाह मुंशी का नाम एसआइआर की अतिरिक्त मतदाता सूची से हटा दिया गया है। इतना ही नहीं, उनकी पत्नी और दो बेटों के नाम भी सूची में शामिल नहीं किए गए हैं। मुंशी, जो कोलकाता के एंटाली विधानसभा क्षेत्र के मतदाता हैं, ने इस घटनाक्रम पर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने बताया कि सुनवाई के दौरान उन्होंने अपना पासपोर्ट जमा किया था और अन्य दस्तावेज जैसे आधार कार्ड और पैन कार्ड भी देने की इच्छा जताई थी, लेकिन उन्हें स्वीकार नहीं किया गया। इसके बावजूद पहले उनके परिवार का नाम 'विचाराधीन' सूची में रखा गया और अब पूरक सूची से पूरी तरह हटा दिया गया। मुंशी ने कहा कि वे इस फैसले को चुनौती देने के लिए न्यायाधिकरण (ट्रिब्यूनल) का रुख करेंगे, लेकिन अपील प्रक्रिया को लेकर स्पष्ट दिशानिर्देशों के अभाव पर उन्होंने चिंता जताई। उन्होंने कहा कि यह साफ नहीं है कि आवेदन कैसे और कब तक दायर करना है, और उसका निपटारा कितने समय में होगा। मुंशी ने आम नागरिकों की स्थिति पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि अगर मुझ जैसे पूर्व हाई कोर्ट के न्यायाधीश को इस तरह की समस्या का सामना करना पड़ रहा है, तो आम आदमी कहां जाएगा?


राम नवमी के अवसर पर जोड़ासांको में निकाली गयी शोभा यात्रा में उपस्थित तृणमूल प्रत्याशी विजय उपाध्याय, पूर्व विधायक विवेक गुप्ता, पूर्व विधायक संजय बक्शी, अशोक ओझा व अन्य।



कोलकाता के एस्प्लेनेड ट्राम डिपो में शुक्रवार को मनोज कुमार अग्रवाल ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 से पहले मतदाता जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'स्वीप ट्राम कार जॉय राइड' का शुभारंभ किया।


जादवपुर निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा के चुनावी अभियान में शरबानी मुखर्जी।


जादवपुर निर्वाचन क्षेत्र में जनता से वोट देने का आग्रह करते माकपा प्रत्याशी बिकास रंजन भट्टाचार्य

### ममता के खिलाफ आपत्तिजनक वीडियो मामले में एफआइआर दर्ज

**कोलकाता :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ कथित तौर पर अश्लील और अपमानजनक वीडियो प्रसारित किए जाने के मामले में कोलकाता के शेक्सपियर सरणी थाने में एफआइआर दर्ज कराई गई की है। शिकायत में कहा गया है कि इंटरनेट मीडिया पर कई वीडियो प्रसारित हुए हैं, जिनमें मुख्यमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक और विवादित टिप्पणियां की गई हैं। आरोप है कि इन वीडियो को जानबूझकर प्रसारित किया गया, जिससे उनकी छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई। एफआइआर में यह भी उल्लेख किया गया है कि वीडियो में की गई टिप्पणियां न केवल अश्लील और अपमानजनक हैं, बल्कि इससे सांप्रदायिक तनाव और हिंसा भडक़ने की भी आशंका है। मामले में भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत कुल 16 धाराएं लगाई गई हैं। हालांकि, खबर लिखे जाने तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और वीडियो के स्रोत तथा प्रसार की कड़ी तलाश कर रही है। यह घटना ऐसे समय सामने आई है जब बंगाल में विधानसभा चुनाव नजदीक हैं।

### कोलकाता में 'इंडिया इंटरनेशनल ट्रैवल मार्ट' की शुरुआत

**कोलकाता :** 'इंडिया इंटरनेशनल ट्रैवल मार्ट' कोलकाता के विश्व बांग्ला कन्वेंशन सेंटर' में शुरू हो गया। यह 27 से 29 मार्च 2026 तक चलने वाला तीन-दिवसीय कार्यक्रम है, जिसमें यात्रा और पर्यटन उद्योग से जुड़े लोग एक साथ आए हैं। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन कई गणमान्य व्यक्तियों मौजूदगी में हुआ। इस अवसर पर बोलते हुए, 'स्फीयर ट्रैवल मीडिया एंड एग्जीबिशनस' के निदेशक संजय हखू ने कहा, हमें एक बार फिर कोलकाता में 'इंडिया इंटरनेशनल ट्रैवल मार्ट' आयोजित करके बेहद खुशी हो रही है। पूर्वी भारत यात्रा के लिए एक मज़बूत और बढ़ता हुआ बाज़ार बना हुआ है।'

# हावड़ा में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान का आश्वासन

## जिलाधिकारी ने चुनाव आयोग के निर्देशों पर दिया जोर

**हावड़ा, समाज्ञा :** आगामी चुनाव को लेकर हावड़ा जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने का आश्वासन जिलाधिकारी दीपाप्रिया पी ने दिया है। शुक्रवार को आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि चुनाव आयोग ने मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारु बनाने के लिए छह महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों के तहत प्रभाव-मुक्त, हिंसा-मुक्त और भय-मुक्त मतदान सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोकने के लिए बूथ जाम या बूथ के बाहर भीड़ जमा होने जैसी घटनाओं पर सख्त नजर रखी जाएगी। साथ ही फर्जी या तथाकथित 'भूतिया मतदाताओं' को मतदान प्रक्रिया से दूर रखने के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। दीपाप्रिया पी ने आगे बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक मतदान केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा, ताकि मतदाता बिना किसी डर या दबाव के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रशासन निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# चुनाव आयोग ने साइकिल रैली से किया मतदाताओं को जागरुक

**कोलकाता :** बंगाल में विधानसभा चुनाव 2026 से पहले भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआइ) ने पूरे राच्य में मतदाता जागरूकता अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में हावड़ा में चुनाव का पर्व, पश्चिम बंगाल का गर्व साइकिल रैली का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) और जिला चुनाव अधिकारी (डीईओ) ने भी हिस्सा लिया। हावड़ा ब्रिज पर चुनाव आयोग से जुड़े अधिकारियों ने शपथ ग्रहण समारोह में सक्रिय रूप से भाग लिया। जिलाधिकारी दीपाप्रिया पी और सीपी हावड़ा ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें बड़ी संख्या में स्कूल और कालेज के छात्रों और पहली बार मतदान करने वाले युवाओं ने हिस्सा लिया। यह रैली सुबह 7:00 बजे हावड़ा ब्रिज चेक पोस्ट से शुरू होकर रेल म्यूजियम के रास्ते रामकृष्णपुर फेरी घाट पर समाप्त हुई। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें लोकगीत, नृत्य और नाटक के माध्यम से मतदान के महत्व और चुनावी उत्सव का संदेश दिया गया। इसके अलावा, मतदाता जागरूकता बोट फेरी जैसे अन्य स्वीप कार्यक्रमों की भी शुरुआत की गई। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण लोकप्रिय एनिमेशन पात्र छोटा भीम और चुटकी रहे, जिन्होंने खासकर युवा और पहली बार वोट करने वाले मतदाताओं के बीच जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कार्यक्रम में भाग लिया।



# हावड़ा राम जानकी समिति ने धूमधाम से मनाया नवरात्रि महोत्सव



**हावड़ा :** हावड़ा राम जानकी समिति 54 गंगाराम बैरागी लेन स्थित चैत्र नवरात्रि के नवमी के दिन 108 कन्याओं से ज्यादा कन्याओं को पूजा, भोजन यवंग गिफ्ट दे कर सुबह की कार्यकर्म को सफल बनाया। संध्या समय पंडित नमामि शंकर शुक्ला जी के मधुर आवाज़ द्वारा भगवान श्री रामचंद्र एवं शक्ति की देवी माँ दुर्गा की आरधना और भजन ने उपस्थित भक्तो को मन्त्र मुग्ध कर दिया। सारे कार्यक्रम 30 गंगा राम बैरागी लेन स्तिथ हावड़ा रामजानकी शिव मंदिर की प्रांगण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मुख्य रूप से संस्था के सचिव संजय गुप्ता, उपाध्यक्ष राधेश्याम जायसवाल, ब्रजेश जायसवाल, जयप्रकाश जायसवाल, विशिष्ट अतिथि की रूप में राजेंद्र साव, रामजी जायसवाल, ओमप्रकाश जायसवाल, दिनेश साव, गोरख जायसवाल, सतेंद्र जायसवाल, भोला जायसवाल, गोरख जायसवाल, कृष्ण जायसवाल, राजेश जायसवाल, देवी जायसवाल, अजय गुप्ता, रामसाजीवन जायसवाल, वक़ील गिरी, गौतम जायसवाल, रमेश विश्वकर्मा, श्रीनाथ जायसवाल, बाबूलाल जायसवाल, अखिलश्वर जायसवाल, लखी जायसवाल, महेंद्र जायसवाल, अमरनाथ जायसवाल, नारायण दुबे, सहर्ष जायसवाल, अमित जायसवाल, लखी जायसवाल, पवन जायसवाल, राम तारक जायसवाल, अनूप जायसवाल, शंभु जायसवाल, श्याम जायसवाल, संतोष जायसवाल, मुकेश जायसवाल, महिला सदस्यों में लीला जायसवाल, बबिता जायसवाल, उषा जायसवाल, शशि जायसवाल, माया जायसवाल, सरिता जायसवाल, मोनिका साव, लक्ष्मी विश्वकर्मा, संजना जायसवाल, अशोका, जायसवाल, उषा जायसवाल, सबिता ठाकुर, दुर्गा जायसवाल, सबिता ठाकुर, मुक्ता जायसवाल, रीता जायसवाल और अन्य सदस्य उपस्थित रहे। संस्था अध्यक्ष उमेश जायसवाल ने आए हुए सभी गणमान्य अथितियों एवं सदस्यों का स्वागत किए और कार्यक्रम को सफल बनाने की लिए सभी को धन्यवाद ज्ञापन किए।

# चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हुए पूर्व फुटबालर अरिंदम भट्टाचार्य

**❑ कहा- लंबे समय से पार्टी का समर्थक हूं**

**❑ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा- बंगाल में परिवर्तन की लहर चल रही**

**कोलकाता :** बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय फुटबाल टीम के पूर्व गोलकीपर अरिंदम भट्टाचार्य ने शुक्रवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। उन्होंने कोलकाता के साल्टलेक स्थित प्रदेश कार्यालय में बंगाल भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य की उपस्थिति में पार्टी का झंडा थामा।

इस दौरान अरिंदम भट्टाचार्य ने पत्रकारों से कहा कि मैं भारतीय जनता पार्टी का लंबे समय से समर्थक रहा हूं। फुटबाल की वजह से मुझे पार्टी की सदस्यता लेने और इसके लिए काम करने का समय नहीं मिल रहा था। मैंने अब फुटबाल से संन्यास ले लिया है, इसलिए पार्टी ज्वाइन कर ली।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पत्रकारों से कहा कि बंगाल में परिवर्तन की लहर है। पिछले 15 साल में बंगाल में फुटबाल की दशा खराब हुई है। उसमें सुधार के लिए बेहतरीन फुटबालर रहे अरिंदम भट्टाचार्य ने भाजपा का दामन थामा है। हम उनका स्वागत करते हैं। आगामी विधानसभा चुनाव में वह प्रमुखता से आगे रहेंगे। यह राज्य के फुटबालरों के साथ-साथ हर वर्ग के लोगों को पार्टी के साथ जोडऩे का काम करेंगे।

# रेलवे ट्रैक पर मवेशियों की बढ़ती घटनाओं पर पूर्व रेलवे की चेतावनी, लोगों से सतर्क रहने की अपील

**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व रेलवे ने रेलवे पटरियों पर मवेशियों के आने से होने वाली दुर्घटनाओं को लेकर स्थानीय लोगों से सतर्क रहने और अपने पशुओं को रेलवे ट्रैक से दूर रखने की अपील की है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि ट्रैक केवल ट्रेनों के आवागमन के लिए बनाए गए हैं और किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि इससे जान-माल का भी खतरा बढ़ जाता है।

रेलवे के अनुसार, लोग यह समझते हैं कि रेलवे लाइन को अनधिकृत रूप से पार करना खतरनाक हो सकता है, लेकिन कई बार मवेशियों को खुला छोड़ देने के कारण वे ट्रैक तक पहुंच जाते हैं। बेजुबान पशु खतरे को नहीं समझ पाते और दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं। इसलिए पशुपालकों से अपील की गई है कि वे अपने मवेशियों को खुला न छोड़ें और यह सुनिश्चित करें कि वे रेलवे लाइन के आसपास न जाएं। पूर्व रेलवे समय-समय पर स्थानीय ग्रामीणों को शामिल करते हुए जागरूकता अभियान भी चलाता है। इसके तहत लोगों को बताया जाता है कि वे न तो स्वयं रेलवे ट्रैक के पास जाएं और न ही अपने पालतू पशुओं को वहां जाने दें। कई स्थानों पर पटरियों के किनारे अवरोध (बैरीयर) भी लगाए जा रहे हैं ताकि ट्रैक पार करने की घटनाओं को रोका जा सके। हालांकि रेलवे का मानना है कि स्थानीय लोगों की जागरूकता और सहयोग के बिना इन घटनाओं को पूरी तरह रोकना संभव नहीं है।

रेलवे के आंकड़ों के अनुसार, 1 जनवरी 2026 से 25 मार्च 2026 के बीच पूर्वी रेलवे क्षेत्र में मवेशियों के ट्रेन से कटने की कुल 72 घटनाएं दर्ज की गई हैं। इन घटनाओं के कारण न केवल पशुओं की जान गई है, बल्कि कई बार ट्रेनों के संचालन में भी देरी हुई है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि सीतारामपुर-मधुपुर, अंडाल-आसनसोल, देवघर-बांका, सैंथिया-नलहाटी, भागलपुर-बांका, साहिबगंज-बरहरवा और किउल-भागलपुर ऐसे क्षेत्र हैं, जहां इस तरह की घटनाएं अधिक सामने आई हैं। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम मांझी ने लोगों से जिम्मेदार व्यवहार अपनाने और अपने मवेशियों को रेलवे ट्रैक से दूर रखने की अपील की है।

# उत्तर हावड़ा में राम नवमी पर भव्य शोभायात्रा, हथियारों के साथ शामिल हुए हजारों राम भक्त

**हावड़ा, समाज्ञा :** राम नवमी के अवसर पर उत्तर हावड़ा में शुक्रवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में राम भक्त शामिल हुए। इस दौरान कई श्रद्धालु पारंपरिक रूप से हाथों में अस्त्र-शस्त्र लेकर जुलूस में शामिल हुए। शोभायात्रा दोपहर में गुलमोहर इलाके से हावड़ा खटिक समाज की ओर से निकाली गई। जुलूस से पहले अस्त्र-पूजन किया गया, जिसके बाद श्रद्धालुओं ने हथियारों के साथ बैंड-बाजे और डीजे की धुन पर शोभायात्रा में भाग लिया। इस अवसर पर पूरे इलाके में उत्सव जैसा माहौल देखा गया। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। जुलूस के मार्ग पर पुलिस के साथ-साथ रैपिड एक्शन फोर्स (रैफ) और केंद्रीय बल के जवान भी तैनात रहे। गोलाबाड़ी थाना क्षेत्र में निकले इस जुलूस में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।



इस दौरान उत्तर हावड़ा के विदाई तृणमूल कांग्रेस विधायक और इस बार के तृणमूल उम्मीदवार गौतम चौधरी भी जुलूस में शामिल हुए। उन्होंने हाथ में भगवा ध्वज लेकर जय श्रीराम के नारे लगाए। वहीं, भाजपा उम्मीदवार उमेश राय भी इस शोभायात्रा में शामिल होते दिखाई दिए। हावड़ा खटिक समाज के अध्यक्ष विवेक सोनकर ने बताया कि राम नवमी के अवसर पर हथियारों के साथ शोभायात्रा निकालना उनकी पारंपरिक धार्मिक परंपरा का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का राजनीति से कोई संबंध नहीं है। यदि इस संबंध में अदालत कोई जानकारी मांगती है तो संगठन अपनी बात रखने के लिए तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि इस शोभायात्रा में सभी धर्मों के लोग बिना किसी भेदभाव के भाग लेते हैं। पिलखाना क्षेत्र में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने भी इस आयोजन में सहयोग किया और जुलूस में शामिल लोगों के लिए पानी और ठंडे पेय पदार्थों का वितरण किया। इसी तरह आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ यह परंपरा लंबे समय से चली आ रही है।

# यूपी में गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं, पुलिस करे सख्त कार्रवाई: योगी आदित्यनाथ

## बच्ची ने मुख्यमंत्री को उपहार में दिया खिलौना बुलडोजर



उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में स्थित गोरखनाथ मंदिर में शुक्रवार को चार वर्षीय एक बच्ची की मासूमियत ने सभी के चेहरे पर मुस्कान ला दी, जब उसने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक खिलौना बुलडोजर उपहार में दिया। यह घटना मुख्यमंत्री की नियमित मंदिर यात्रा के दौरान हुई। इस दौरान उन्होंने आगंतुकों के बीच मौजूद नर्सरी की छात्रा यशस्विनी सिंह को अपने पास बुलाया और उसे चॉकलेट दी। दोनों के बीच संक्षिप्त बातचीत भी हुई। बातचीत के दौरान बच्ची ने मुख्यमंत्री से अपनी आंखें बंद करने को कहा और बताया कि उसके पास उनके लिए एक उपहार है। जैसे ही योगी आदित्यनाथ ने आंखें बंद कीं, बच्ची ने उनके हाथों में एक छोटा खिलौना बुलडोजर रख दिया। इस पर वहां मौजूद लोग हंस पड़े और माहौल खुशनुमा हो गया। बच्ची ने कहा, आपको बुलडोजर पसंद हैं, इसलिए मैं आपके लिए यह लेकर आई हूं। इस पर मुख्यमंत्री भी मुस्कुराते नजर आए।

## चैत्र नवरात्र की नवमी पर योगी आदित्यनाथ ने किया कन्या पूजन



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने वासंतिक (चैत्र) नवरात्र की नवमी पर शुक्रवार को गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुसार कन्या पूजन किया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर के अन्न क्षेत्र में आयोजित कन्या पूजन अनुष्ठान में दुर्गा स्वरूपा नौ कन्याओं के चरण पखारे, उनका विधि-विधान से पूजन किया, चुनरी ओढ़ाई, आरती उतारी और श्रद्धापूर्वक भोजन कराया। उन्होंने दक्षिणा और उपहार देकर उनका आशीर्वाद भी लिया। परंपरा के तहत मुख्यमंत्री ने बटुक पूजन भी किया।

**गोरखपुर:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कमजोर तबके पर दबंगई दिखाने वालों को शुक्रवार को चेताया कि राज्य में गुंडागर्दी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और पुलिस को ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। कमजोर तबके के लोगों को कुछ दबंगों द्वारा डराने-धमकाने की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों से कहा, 'गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी, ऐसे तत्वों के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाए। यदि कोई अभियुक्त जमानत पर छूटने के बाद वादी को धमका रहा हो, तो उसकी जमानत निरस्त कराने की कार्रवाई की जाए।' महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने सभी प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को भेजते हुए त्वरित और संतोषजनक निस्तारण के निर्देश दिए और कहा कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान सरकार का संकल्प है। योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बिना भेदभाव सभी को न्याय मिले, हर पात्र व्यक्ति को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जाए, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित हो और जमीन कब्जाने वाले भू-माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

## प्रयागराज में गंगा नदी में डूबने से चार बच्चों की मौत

**प्रयागराज:** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में बामपुर गांव के पास शुक्रवार की सुबह गंगा नदी में नहाते समय चार बच्चों के डूबने से मृत्यु हो गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (यमुना नगर) विवेक चंद्र यादव ने बताया कि यह घटना जिले के यमुना नगर के मांडा थाना क्षेत्र की है, जब आज सुबह करीब 10 बजे बामपुर गांव के चार बच्चे पास ही गंगा नदी में नहाने गए थे और नहाते समय चारों डूब गए। उन्होंने बताया कि सभी चारों बच्चों का शव बरामद कर लिया गया है। इनकी पहचान कुणाल (12), दीपक (17), निहाल (10) और कमलेश (10) के रूप में हुई है। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## अगले दो दिनों में झारखंड के अधिकतर हिस्सों में तूफान आने तथा गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना

**रांची:** झारखंड के अधिकतर हिस्सों में अगले दो दिनों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने शनिवार को आंधी-तूफान आने को लेकर 'येलो अलर्ट' जारी किया है। आईएमडी ने बताया कि गढ़वा, पलामू, चतरा और लातेहार जिलों को छोड़कर राज्य के अधिकतर हिस्सों में शनिवार को हल्की से मध्यम बारिश होने, 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने, बिजली गिरने और ओलावृष्टि होने की संभावना है। राज्य के आठ उत्तरपूर्वी जिलों में रविवार को हल्की बारिश होने की संभावना है।

## राजस्थान में पीएम-कुसुम योजना के तहत अब तक 1,617 सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित

**जयपुर:** भारत सरकार की किसानों के लिए शुरू की गई 'पीएम-कुसुम' योजना के तहत राजस्थान में अब तक 3,585 मेगावाट क्षमता के 1,617 सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में इस योजना के माध्यम से राज्य में 'ऊर्जा क्षेत्र में नई क्रांति का सूत्रपात हो रहा है।'' बयान में कहा गया कि कुसुम योजना के 'कंपोनेंट-ए' और 'कंपोनेंट-सी' के तहत गांव-ढाणियों में ये संयंत्र लगाए गए हैं जिनमें से 3,462 मेगावाट क्षमता के 1,525 संयंत्र पिछले दो वर्ष तीन माह में स्थापित किए गए हैं।

## बिहार : औरंगाबाद में पारिवारिक विवाद में तीन बच्चों की हत्या

**औरंगाबाद:** बिहार के औरंगाबाद जिले में शुक्रवार की सुबह एक व्यक्ति ने अपने दो भतीजे और एक भतीजी की कथित तौर पर गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक यह घटना जिले के हसपुरा थाना क्षेत्र स्थित खुठान गांव की है। इस घटना में आरोपी स्वयं भी घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान गुड्डू पाल के पुत्र अनीश कुमार (10), आयुष कुमार (7) व अनुष्का कुमारी (5) के रूप में की गई है। हसपुरा थाने के प्रभारी ने 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में कहा, पारिवारिक विवाद के कारण आरोपी ने धारदार हथियार से गला रेतकर अपने दो भतीजों और एक भतीजी की हत्या कर दी। उन्होंने कहा, शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले के अन्य पहलुओं का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

## अदालत ने नाबालिग लड़की के पिता का पता लगाने के लिए डीएनए परीक्षण का आदेश दिया, गुजारा भत्ता आदेश रद्द किया

**प्रयागराज:** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक नाबालिग लड़की के जैविक पिता का पता लगाने के लिए डीएनए परीक्षण कराने का निर्देश दिया और उस पारिवारिक अदालत के आदेश को रद्द कर दिया है जिसके तहत उसे गुजारा भत्ता दिया गया था। न्यायमूर्ति मदन पाल सिंह ने 17 मार्च को यह आदेश पारित किया, जिसमें उन्होंने सोनभद्र की पारिवारिक अदालत के मार्च 2025 के फैसले के खिलाफ जवाहर लाल जायसवाल द्वारा दायर आपराधिक पुनरीक्षण याचिका को स्वीकार किया। एक नाबालिग लड़की को गुजारा भत्ता देने के परिवार अदालत के आदेश को दरकिनार करते हुए उच्च न्यायालय ने कहा कि विशेष तथ्यों और परिस्थितियों से जुड़े मामलों में पिता और बेटी दोनों को जैविक सत्यता जानने का अधिकार है।

## मंत्री 45 मिनट इंतजार के बाद कार्यक्रम से चले गए,भाजपा कार्यकर्ताओं का विरोध प्रदर्शन

**कन्नौज** : उत्तर प्रदेश के मंत्री असीम अरुण द्वारा कन्नौज में एक सरकारी कार्यक्रम में कथित कुप्रबंधन और देरी को उजागर करने के एक दिन बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को जिला अधिकारी के खिलाफ प्रदर्शन किया और कुछ देर के लिए यातायात अवरुद्ध कर दिया। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री को लिखे एक पत्र में समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने सरकार के नौ साल पूरे होने के अवसर पर बृहस्पतिवार को रोमा स्मारक पर आयोजित एक कार्यक्रम से जुड़ी व्यवस्थाओं को लेकर गहरा खेद व्यक्त किया। अरुण ने लिखा, ''मुझे शाम 5:30 बजे मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था और मैं एक अनुशासित नागरिक के रूप में समय पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गया। हालांकि, यह अनुभव शिष्टाचार और समय की पाबंदी के बिल्कुल विपरीत था।''उन्होंने कहा कि मुख्य आयोजक और उप जिलाधिकारी(सदर) वैशाली उनके पहुंचने के 15 मिनट बाद पहुंचीं और उनके बाद अपर जिलाधिकरी पहुंचे। पत्र में कहा गया है, मैंने कार्यक्रम शुरू होने के लिए लगभग 45 मिनट तक इंतजार किया। घोषणाएं होती रहीं कि यह आपके आने के बाद शुरू होगा, लेकिन किसी को नहीं पता था कि आप कब पहुंचेंगे। मेरे पास कार्यक्रम से जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। अनुशासन के महत्व पर जोर देते हुए पूर्व आईपीएस अधिकारी अरुण ने कहा कि लोक सेवकों को नरेन्द्र मोदी और योगी आदित्यनाथ से प्रेरणा लेनी चाहिए, जो समय की पाबंदी के लिए जाने जाते हैं।उन्होंने कहा, ''अनुशासन प्रशासन की नींव है और मैं अपनी टीम से भी ऐसे ही समयबद्ध आचरण की उम्मीद करता हूं।' पत्र के बाद भाजपा कार्यकर्ता शुक्रवार को मकरंदनगर तिराहा पर एकत्र हुए और डीएम व एसपी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। कुछ प्रदर्शनकारियों ने थोड़ी देर के लिए सड़क जाम कर दिया। जानकारी मिलने पर राज्य मंत्री अरुण के अलावा पुलिस क्षेत्राधिकारी और स्थानीय थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को शांत किया, लगभग एक घंटे के बाद सामान्य यातायात बहाल हुआ।

## बिहार : राज्यपाल, मुख्यमंत्री और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पटना में रामनवमी शोभा यात्रा में लिया हिस्सा

**पटना:** बिहार के राज्यपाल सैयद अता हसनैन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने शुक्रवार को पटना में आयोजित रामनवमी शोभा यात्रा में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम का उद्घाटन पारंपरिक दीप प्रज्वलन कर किया। पटना के विभिन्न हिस्सों से आई रामनवमी की कुल 52 झांकियों को डाक बंगला चौराहा पर मुख्यमंत्री, नितिन नवीन और अन्य नेताओं द्वारा सम्मानित किया गया। भाजपा द्वारा जारी बयान के अनुसार, कार्यक्रम का संचालन स्वयं नितिन नवीन ने किया। उन्होंने कहा, 'भगवान राम केवल आस्था के प्रतीक नहीं हैं, बल्कि भारतीय संस्कृति, मर्यादा और उच्च आदर्शों के भी प्रतीक हैं। रामनवमी का यह पावन अवसर एकता, सेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण का संदेश देता है।' भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लोगों से भगवान राम के आदर्शों का अनुसरण करने और





राष्ट्रीय प्रगति में योगदान देने का आग्रह किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार, राज्यसभा सदस्य संजय झा, लोकसभा सांसद मनोज तिवारी तथा वरिष्ठ मंत्री विजय चौधरी सहित कई अन्य नेता भी मौजूद थे। शोभा यात्रा में झांकियों को देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ी। इससे पहले दिन में रामनवमी के अवसर पर राज्यभर के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी, जहां लोगों ने पूजा-अर्चना कर उत्सव को धार्मिक उत्साह के साथ मनाया। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने राजधानी पटना के प्रसिद्ध महावीर मंदिर सहित कई मंदिरों में पूजा-अर्चना की। सुबह संवाददाताओं से बातचीत में नवीन ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि भगवान राम के जीवन में निहित मूल्यों को सभी के जीवन का मार्गदर्शक बनना चाहिए। महावीर मंदिर से अपने जुड़ाव को याद करते हुए नवीन ने कहा कि वह बचपन से इस मंदिर में आते रहे हैं और उन्होंने इसे आस्था का प्रमुख केंद्र बताया।

## एक वयस्क महिला के साथ विवाहित पुरुष का सहजीवन संबंध में रहना अपराध नहीं : इलाहाबाद उच्च न्यायालय

**प्रयागराज:** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि किसी विवाहित पुरुष का एक वयस्क महिला के साथ उसकी सहमति से सहजीवन (लिव-इन) संबंध में रहना कानून के तहत अपराध नहीं है। न्यायमूर्ति जे.जे. मुनीर और न्यायमूर्ति तरुण सक्सेना की खंडपीठ ने यह टिप्पणी एक मामले में दो याचिकाकर्ताओं को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण देते हुए की। अदालत ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए कहा, यदि एक विवाहित पुरुष किसी वयस्क महिला के साथ उसकी सहमति से सहजीवन संबंध में रह रहा है, तो यह कोई अपराध नहीं है। नैतिकता और कानून को अलग-अलग रखना होगा। यदि कानून के तहत कोई अपराध नहीं बनता, तो सामाजिक विचार और नैतिकता अदालत का मार्गदर्शन नहीं करेंगे। यह मामला उस समय अदालत के समक्ष आया, जब महिला की मां ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोप लगाया कि उसकी 18 वर्षीय बेटी को उक्त व्यक्ति बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। याचिका के अनुसार हालांकि महिला ने शाहजहांपुर के पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि वह वयस्क है और अपनी इच्छा से उक्त व्यक्ति के साथ सहजीवन संबंध में रह रही है। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि उसके परिजन इस संबंध का विरोध कर रहे हैं और उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, जिससे झूठी शान की खातिर की जाने वाली हत्या (ऑनर किलिंग) की आशंका है। उसके अनुसार, इस शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया और मामले की अगली सुनवाई आठ अप्रैल को तय की। उच्च न्यायालय ने आदेश दिया कि अगली सुनवाई तक याचिकाकर्ताओं के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी।

## कौशांबी में श्रद्धालुओं को ले जा रहे पिकअप वाहन की ट्रेलर से टक्कर, आठ लोगों की मौत

**कौशांबी:** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में शुक्रवार को श्रद्धालुओं को ले जा रहे एक पिकअप वाहन के राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े एक ट्रेलर ट्रक से टकरा जाने के कारण पांच महिलाओं और तीन बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह हादसा जिले के सैनी थाना क्षेत्र के डोरमा पेट्रोल पंप के पास लगभग शाम चार बजे हुआ। पिकअप वाहन प्रयागराज से फतेहपुर जा रहा था और सड़के किनारे खड़े ट्रेलर से टकरा गया। मृतकों की पहचान फतेहपुर जिले के जहानाबाद-बिंदकी क्षेत्र के निवासियों के रूप में हुई है। वे 'मां शीतला' के मंदिर कड़ा धाम में दर्शन करके लौट रहे थे। इससे पहले, वे एक बच्चे के मुंडन संस्कार में शामिल होने प्रयागराज गए थे। पुलिस के अनुसार, हादसे के समय पिकअप वाहन में महिलाओं और बच्चों समेत करीब दो दर्जन श्रद्धालु सवार थे। प्रयागराज जोन के



अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) ज्योति नारायण ने भी दुर्घटना स्थल का दौरा किया और 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि इस हादसे में आठ लोगों की मौत हुई है जबकि कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि घायल यात्री सड़क पर पड़े थे और मदद के लिए गुहार लगा रहे थे। स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और अधिकारियों को सूचित किया। पुलिस और आपातकालीन विभाग की टीमों ने राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया और कई एम्बुलेंस भेजकर घायलों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी के अनुसार, 20 से अधिक घायल व्यक्ति अस्पताल लाए गए, जिनमें कुछ में हड्डी टूटने की चोटें थीं, जबकि कई को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया। कुछ घायलों ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। इस हादसे के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा, लेकिन बाद में यातायात बहाल कर दिया गया।

## नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन से पहले कड़ी सुरक्षा, सात हजार पुलिसकर्मी तैनात

**नोएडा:** उत्तर प्रदेश में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर शनिवार को व्यापक और बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम स्थल पर सात हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है, जबकि 300 हाई-रिजॉल्यूशन सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। ड्रोन उड़ाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। अपर पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि कार्यक्रम के लिए पांच स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। सभी प्रवेश द्वारों पर सख्त जांच की जा रही है और बिना तलाशी, पहचान पत्र व बैग की जांच के किसी को प्रवेश



नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम से पहले और दौरान सुरक्षा जांच, बम निरोधक जांच और अन्य सुरक्षा उपाय लगातार किए जाएंगे। परिसर में मेटल डिटेक्टर लगाए गए हैं और महिलाओं की जांच के लिए अलग व्यवस्था की गई है। सुरक्षा में पुलिस के साथ पीएसी, आरएएफ, एटीएस और सीआईएसएफ की टीमें भी तैनात हैं। ड्रोन से संभावित खतरे को देखते हुए एंटी-ड्रोन यूनिट्स को भी सक्रिय किया गया है और पूरे क्षेत्र को रेड जोन घोषित किया गया है। सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है, ताकि किसी प्रकार की अफवाह न फैल सके। निगरानी के लिए हवाई अड्डा परिसर में नियंत्रण कक्ष बनाया गया है, जहां वरिष्ठ अधिकारी तैनात रहेंगे। नोएडा एक्सप्रेसवे पर अति विशिष्ट (वी-वीआईपी) लोगों की आवाजाही की निगरानी आईएसटीएमएस के जरिए की जाएगी। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और राज्यपाल के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए अन्य जिलों से भी अतिरिक्त बल बुलाया गया है। दस आईपीएस अधिकारियों के साथ पीएसी की 10 कंपनी और आरएएफ की दो कंपनी की तैनाती की गई है।

## मथुरा समेत कई जिलों में धूमधाम से मनायी गयी राम नवमी

**मथुरा/वाराणसी/हापुड़ (उप्र):** उत्तर प्रदेश के मथुरा और वाराणसी समेत कई जिलों के प्रमुख मंदिरों में शुक्रवार को राम नवमी धूमधाम से मनायी गयी। वाराणसी में मुस्लिम महिलाओं ने भगवान श्री राम की मूर्ति की आरती उतार कर विश्व शांति का संदेश दिया। व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मथुरा के द्वारकाधीश मंदिर में ठाकुर जी का महाभिषेक भगवान राम के रूप में किया गया। मंदिर के मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी ने बताया, यह गोस्वामी तुलसीदास की भावनाओं को ताजा करने के लिए किया गया, जब वह ब्रज भूमि गए थे और उन्हें श्री राम कहीं नहीं मिले थे।' तब, दुखी तुलसीदास ने कहा था,'कहा कहौ छवि आज की भले बने हो नाथ, तुलसी मस्तक तब नवै, धनुष बाण लेउ हाथ। तिवारी ने बताया कि कहा जाता है कि तुलसीदास की करुणामयी प्रार्थना सुनकर भगवान कृष्ण गोस्वामी तुलसीदास के सामने भगवान श्रीराम के रूप में प्रकट हुए।

## न्यूज अपडेट

### अगले सप्ताह विधान परिषद से इस्तीफा दे सकते हैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार: संजय झा



**पटना:** राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जल्द ही राज्य विधान परिषद (एमएलसी) की सदस्यता से इस्तीफा दे सकते हैं। उनके करीबी सहयोगी और जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने शुक्रवार को यह संकेत दिया। झा ने हालांकि, यह स्पष्ट नहीं किया कि कुमार कब तक अपनी एमएलसी सीट छोड़ेंगे। उन्होंने कहा, संविधान में प्रावधान है कि 14 दिनों के भीतर इस्तीफा देना होता है। उसी के अनुसार आगे की प्रक्रिया होगी। उल्लेखनीय है कि नीतीश कुमार 16 मार्च को राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए थे। संविधान के अनुसार, यदि कोई राज्य विधायक या विधान परिषद सदस्य संसद के लिए चुना जाता है, तो उसे 14 दिनों के भीतर अपनी पूर्व सदस्यता छोड़नी होती है।

### राजस्थान के कई शहरों में डाकघरों व पासपोर्ट कार्यालयों में विस्फोटक रखे होने की धमकी

**जयपुर:** राजस्थान के कई शहरों में शुक्रवार को ईमेल के जरिए डाकघरों और पासपोर्ट कार्यालयों में विस्फोटक रखे होने की धमकी मिली। बहरहाल, पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों की जांच में कुछ संदिग्ध नहीं मिला। पुलिस ने बताया कि जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर और अजमेर समेत कई शहरों में डाकघरों की इमारतों की तलाशी ली गयी। जैसलमेर में एक ईमेल भेजा गया कि डाकघर और पासपोर्ट कार्यालय में विस्फोटक रखे हुए हैं। जानकारी मिलने पर पुलिस प्रशासन ने परिसर को तुरंत खाली करा लिया और गहन तलाशी ली। हालांकि, कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। इसी तरह बाड़मेर में भी ऐसी धमकी मिलने पर मुख्य डाकघर को खाली कराया गया और परिसर की व्यापक तलाशी ली गई। पुलिस ने बताया कि घंटों की जांच के बाद भी कुछ संदिग्ध बरामद नहीं हुआ और कर्मचारियों को काम पर लौटने की अनुमति दे दी गई। बीकानेर में अधिकारियों को एक ईमेल मिला जिसमें प्रधान डाकघर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। एहतियात के तौर पर परिसर को खाली करा लिया गया और बम निरोधक दस्ते तथा श्वान दस्ते ने उसकी तलाशी ली। अजमेर में भी ऐसा ही वाकया हुआ। उल्लेखनीय है कि इस महीने की शुरुआत में भी राज्य के डाकघरों और पासपोर्ट कार्यालयों में विस्फोटक रखे होने की ऐसी धमकियां मिलीं थीं जो जांच पड़ताल के बाद फर्जी निकलीं।

### राजस्थान : पाकिस्तानी गैंगस्टर से संबंध रखने वाला व्यक्ति गिरफ्तार



**जयपुर:** राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तानी आतंकी से संपर्क रखने और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में संलिप्तता के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक आरोपी की पहचान आकाशदीप (20) के रूप में हुई है और वह केसरीपुर का निवासी है। पुलिस के अनुसार, वह इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप के माध्यम से पाकिस्तान स्थित गैंगस्टर शहजाद भट्टी समेत कुछ व्यक्तियों के संपर्क में था। लालगढ़ के थाना प्रभारी गुरनेल सिंह ने बताया कि आकाशदीप को बृहस्पतिवार को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 152 (भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कृत्य) के तहत गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी के पास से बरामद मोबाइल फोन की जांच में उसके पाकिस्तानी संपर्कों के साथ बातचीत के साक्ष्य मिले हैं। वह सोशल मीडिया पर शहजाद भट्टी को फॉलो करता था और उसके साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से बनाई गई एक तस्वीर भी अपने पास रखता था, जिसे वह स्थानीय लोगों को दिखाकर उससे संबंध होने का दावा करता था।


## झारखंड में रामनवमी के अवसर पर मुख्यमंत्री सोरेन ने रांची मंदिर में पूजा-अर्चना की



**रांची:** झारखंड में शुक्रवार को रामनवमी के अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राजधानी रांची के एक मंदिर में पूजा-अर्चना की, वहीं राज्य भर के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मुख्यमंत्री अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ निवारणपुर स्थित श्री राम जानकी तपोवन मंदिर में आयोजित अनुष्ठान में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा, 'रामनवमी का उत्सव सभी के लिए अपार खुशी का अवसर है। यह भव्य आयोजन जनता के सहयोग और समर्थन के बिना संभव नहीं हो पाता।' उन्होंने कहा, ''भगवान राम के प्रति आदर और श्रद्धा के साथ ही भगवान हनुमान के बलिदान एवं तपस्या की स्मृतियां युगों-युगों तक हमारे हृदय और वातावरण में अंकित रहेंगी।' सोरेन ने कहा कि 'तपोवन भूमि' के सौंदर्यीकरण का कार्य जारी है। उन्होंने कहा, मैं भगवान राम से प्रार्थना करता हूं कि यह सौंदर्यीकरण कार्य जल्द से जल्द पूरा हो जाए। इस बीच, अधिकारियों ने बताया कि त्योहार के मद्देनजर पूरे राज्य में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा कि ड्रोन, सीसीटीवी कैमरे और त्वरित प्रतिक्रिया टीम की तैनाती कर निगरानी की जा रही है और संवेदनशील इलाकों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, अधिकतर जिलों में शोभायात्राएं आज निकाली जाएंगी जबकि संवेदनशील क्षेत्र माने जाने वाले हजारीबाग और जमशेदपुर में ये शनिवार को आयोजित की जाएंगी।

## झारखंड में राम नवमी शोभायात्रा के दौरान हुई झड़प में 20 लोग गिरफ्तार

**गढ़वा (झारखंड):** झारखंड के गढ़वा जिले में राम नवमी शोभायात्रा के दौरान एक मामूली मुद्दे पर दो गुटों के बीच हुई झड़प के सिलसिले में शुक्रवार को 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना बृहस्पतिवार रात को कौवाखो शिव चतुर्थ क्षेत्र के पास हुई, जब राम नवमी उत्सव के महाष्टमी दिवस पर एक विशेष समुदाय के एक समूह ने धार्मिक ध्वज फहराने और पटाखे फोड़ने पर आपत्ति जताई। अधिकारियों ने बताया कि इस मुद्दे पर हुई कहासुनी जल्द ही हिंसक हो गई और पुलिस के स्थिति को शांत करने के प्रयासों के बावजूद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए बल प्रयोग किया। उन्होंने बताया कि इस घटना में पुलिसकर्मियों समेत कई लोग घायल हुए। अनुमंडल अधिकारी (रंका) रुद्र प्रताप ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया,



सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने पत्थरबाजी करने वाली भीड़ का नेतृत्व करने वाले उपद्रवियों की पहचान कर ली है और 20 लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इलाके में और आसपास अतिरिक्त पुलिस बल को तैनात किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पलामू के उप महानिरीक्षक किशोर कौशल और पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमन कुमार घटनास्थल पर हैं और स्थिति पर नजर रख रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज एक दर्जन से अधिक अखाड़ा समितियों द्वारा निकाली जाने वाली राम नवमी शोभा यात्राओं से पहले पूरे जिले में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

# रामनवमी पूरे देश में धूमधाम से मनाई गई

## अयोध्या में लाखों श्रद्धालु पहुंचे



**नयी दिल्ली/अयोध्या :** अयोध्या के राम मंदिर में 'सूर्य तिलक' समारोह से लेकर पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और झारखंड में जगह-जगह शोभायात्रा निकाले जाने के साथ शुक्रवार को देश के विभिन्न हिस्सों में रामनवमी भक्ति और भव्यता के साथ मनाई गई। भगवान राम के जन्म के उपलक्ष्य में मनाया जाना वाला यह त्योहार देश के अधिकतर हिस्सों में बृहस्पतिवार को मनाया गया। हालांकि, अयोध्या समेत कई क्षेत्रों में यह उत्सव शुक्रवार को मनाया गया। उत्तर प्रदेश सरकार ने रामनवमी के उपलक्ष्य में बृहस्पतिवार और शुक्रवार की दो दिन की छुट्टी घोषित की थी। अयोध्या में, रामनवमी का पर्व लाखों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में बेहद भव्यता और श्रद्धा के साथ मनाया गया। राम मंदिर में रामलला का 'सूर्य तिलक' किया गया। इस दौरान करीब नौ मिनट तक सूर्य की किरणें सीधे भगवान के ललाट पर पड़ीं। गर्भगृह में 14 पुजारियों ने वैदिक परंपरा के अनुसार अनुष्ठान संपन्न किए। समारोह के बाद मंदिर के कपाट कुछ समय के लिए बंद कर भगवान को 56 व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया। श्रीराम की प्रतिमा की स्थापना के बाद यह दूसरा 'सूर्य तिलक' समारोह था। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि श्रद्धालुओं के लिए अनुष्ठानों और संबंधित समारोहों का प्रसारण करने के लिए शहर भर में बड़ी स्क्रीन लगाई गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'सूर्य तिलक' समारोह को ऑनलाइन माध्यम से देखा। दिन के आरंभ में, भगवान को पीले वस्त्रों से सजाया गया और सुबह लगभग साढ़े पांच बजे आरती की गई। अधिकारियों का अनुमान है कि इस अवसर पर लगभग 10 लाख श्रद्धालु मंदिर में दर्शन करने आए, और राम पथ, भक्ति पथ तथा जन्मभूमि पथ सहित पूरे परिसर और आसपास के मार्गों पर भारी भीड़ देखी गई।

### तेलंगाना में धूमधाम से मनाई जा रही है रामनवमी



**हैदराबाद :** तेलंगाना में शुक्रवार को रामनवमी भक्ति और उत्साह के साथ मनाई जा रही है। श्रद्धालु विशेष पूजा करने के लिए मंदिरों में उमड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने परंपरा के अनुसार, भद्राचलम के प्रसिद्ध श्री सीता रामचंद्रस्वामी मंदिर में अधिष्ठाता देवता के दिव्य विवाह समारोह के दौरान रेशमी वस्त्र और 'मुत्याला तलम्ब्रालु' (मोती और अन्य पवित्र भेंट) भेंट किए। उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क और अन्य मंत्री भी भद्राचलम मंदिर में आयोजित पूजा में शामिल हुए, जिसे अक्सर दक्षिण का अयोध्या कहा जाता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मंदिर में राज्य सरकार द्वारा लगभग 351 करोड़ रुपये की लागत से किए जा रहे विकास कार्यों के पहले चरण के लिए 'भूमि पूजन' (शिलान्यास समारोह) किया।

## माता वैष्णो देवी मंदिर में विश्व शांति के लिए विशेष महायज्ञ का समापन हुआ



**जम्मू :** जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में राम नवमी उत्सव के अवसर पर नौ दिवसीय 'शत चंडी महायज्ञ' का समापन हुआ। श्राइन बोर्ड के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) द्वारा विश्व शांति, सद्भाव, समृद्धि और मानवता के कल्याण के लिए विशेष पूजा का आयोजन किया गया था। उन्होंने कहा कि वैदिक मंत्रों के बीच पारंपरिक उत्साह और भक्ति के साथ 'पूर्ण आहुति' और अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए गए। अधिकारी ने बताया कि श्राइन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सचिन कुमार वैश्य, बोर्ड के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों ने पवित्र अनुष्ठानों में भाग लिया। पद्म श्री प्रोफेसर विश्वमूर्ति शास्त्री के नेतृत्व में पंडितों के एक प्रतिष्ठित समूह द्वारा महायज्ञ किया गया। नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की ओर से जबरदस्त उत्साह देखने को मिला, जिसमें तीन लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने माता वैष्णो देवी के दर्शन किए।

### केसीआर की बेटी कविता 25 अप्रैल को अपने नये राजनीतिक दल की घोषणा करेंगी

**हैदराबाद :** तेलंगाना जागृति की अध्यक्ष के. कविता ने शुक्रवार को कहा कि वह 25 अप्रैल को अपने नये राजनीतिक दल के गठन की घोषणा करेंगी, जिसका मुख्य ध्यान तेलंगाना-केंद्रित मुद्दों पर होगा। निजामाबाद में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी का नाम और झंडा 25 अप्रैल को सुबह 10 बजे हैदराबाद के बाहरी इलाके मुनीराबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में घोषित किया जाएगा। प्रमुख दलों द्वारा किसानों सहित आम लोगों के मुद्दों की उपेक्षा किये जाने का आरोप लगाते हुए भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख के. चंद्रशेखर राव की बेटी कविता ने कहा कि 'सर्वोदय तेलंगाना' (सभी की प्रगति) हासिल करने के लिए राज्य में एक नई राजनीतिक शक्ति की आवश्यकता है। जब उनसे पूछा गया कि क्या पार्टी की घोषणा से जुड़े कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर के किसी नेता को आमंत्रित किया जाएगा, तो उन्होंने नकारात्मक जवाब दिया और कहा कि उनकी पार्टी तेलंगाना की क्षेत्रीय पार्टी होगी।

### साल 1971 में हुए अत्याचार के मामले में बांग्लादेश की न्याय की गुहार का भारत ने किया समर्थन

**नयी दिल्ली :** भारत ने 1971 में पाकिस्तान की ओर से किए गए बर्बर सैन्य दमन और लाखों निर्दोष बांग्लादेशी नागरिकों की हत्या के खिलाफ बांग्लादेश की न्याय की गुहार के प्रति शुक्रवार को अटूट समर्थन जताया। इससे तीन दिन पहले बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने उस साल के पाकिस्तान के ऑपरेशन सर्चलाइट को इतिहास के सबसे क्रूर नरसंहारों में से एक बताया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हम सभी 1971 में 'ऑपरेशन सर्चलाइट' के दौरान पाकिस्तान की ओर से किए गए भयावह अत्याचारों से वाकिफ हैं। इस नरसंहार में लाखों निर्दोष बांग्लादेशी लोगों की योजनाबद्ध तरीके से निशाना बनाकर हत्या की गई और महिलाओं के खिलाफ सामूहिक यौन अपराध किए गए। उन्होंने कहा, इसके कारण लाखों लोग देश छोड़कर भारत में शरणार्थी बन गए। इन अत्याचारों ने दुनिया की अंतरात्मा को झकझोर दिया। पाकिस्तान आज तक अपने अपराधों को मानने से इनकार कर रहा है।

### बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार नासिक के 'बाबा' के संबंध में एसआईटी को 50 से अधिक फोन कॉल मिलीं

**मुंबई :** स्वयंभू 'बाबा' और बलात्कार के आरोपी अशोक खरात के खिलाफ जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) को पिछले पांच दिन में 50 से अधिक फोन कॉल मिली हैं, जिनमें उसके द्वारा कथित तौर पर किए गए अपराधों के बारे में जानकारी दी गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा नियुक्त एसआईटी ने खरात के संबंध में जानकारी साझा करने या उसके द्वारा किए गए किसी भी अपराध की रिपोर्ट करने के लिए दो मोबाइल फोन नंबर जारी किए थे। पुलिस ने यौन उत्पीड़न, जबरन वसूली और आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने के आरोपों से जुड़ी कई शिकायतें मिलने के बाद नासिक निवासी खरात के खिलाफ अब तक आठ प्राथमिकी दर्ज की हैं।

## भारतीय वायुसेना की सूर्य किरण टीम ने चंडीगढ़ में एअर शो किया



**चंडीगढ़ :** भारतीय वायुसेना की सूर्य किरण एरोबेटिक टीम (एसकेएटी) ने शुक्रवार को यहां एक एअर शो के दौरान सुखना झील के ऊपर शानदार हवाई करतब दिखाए। अधिकारियों के अनुसार, आधा घंटे तक चले इस कार्यक्रम में छात्रों समेत बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे। इस दौरान आसमान में बादल छाए थे। 'हॉक एमके-132' विमानों ने 'लूप', 'बैरल रोल', 'इनवर्टेड फ्लाइंग' और हवाई गोताखोरी जैसे करतब दिखाए, साथ ही धुएं का इस्तेमाल करते हुए 'डीएनए' और 'वाई' (युवा) जैसी आकृतियां भी बनाईं। वायुसेना स्टेशन से उड़ान भरने वाले ये विमान शो के दौरान झील के ऊपर से गुजरे। चंडीगढ़ के मुख्य सचिव एच राजेश प्रसाद और उपायुक्त निशांत कुमार यादव सहित वरिष्ठ अधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित थे। एसकेएटी के सदस्यों ने एअर शो से पहले बृहस्पतिवार को पंजाब लोक भवन में पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया से शिष्टाचार भेंट की।

## राहुल जगह-जगह जाकर देश की अर्थव्यवस्था के बारे में गलत बोलते हैं, उन्हें ट्यूशन दिया जाए: कंगना



**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद कंगना रनौत ने शुक्रवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर देश की अर्थव्यवस्था के बारे में गलत दावे करने का आरोप लगाया और तंज कसते हुए कहा कि उन्हें ''ट्यूशन दिया जाना चाहिए।'' रनौत ने दिवाला और शोधन अक्षमता (संशोधन) विधेयक, 2025 पर चर्चा में भाग लेते हुए दावा किया कि कांग्रेस के शासन काल में उद्योगपतियों को ऋण देने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री बैंकों को फोन किया करते थे। उन्होंने कहा, ''एक वक्त था जब कांग्रेस के प्रधानमंत्री बड़े-बड़े उद्योगपतियों को ऋण फोन पर दिलाया करते थे...बैंक इतने खस्तहाल हो गए थे कि उनकी रिकवरी दर पांच प्रतिशत से लेकर मात्र 20 प्रतिशत तक थी।'' उन्होंने दावा किया, ''कांग्रेस के समय वित्त मंत्री कहते थे कि यह अनपढ़, गंवार लोगों का देश है। ये क्या डिजिटल भुगतान करेंगे? कांग्रेस के लोगों ने भारतीयों का आत्मविश्वास तार-तार कर दिया था, लेकिन हमारे प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) ने उसे जगाने का काम किया...प्रधानमंत्री मोदी ने बैंकों का सशक्तीकरण किया है।'' रनौत ने कहा कांग्रेस के शासन काल के दौरान बैंकों की गैर निष्पादित आस्तियां (एनपीए) 11.5 प्रतशित थीं, जो मार्च 2025 में घटकर 2.25 प्रतिशत रह गईं।'' उन्होंने सदन में नेता प्रतिपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, ''लेकिन राहुल जी कहते हैं कि हमारी अर्थव्यवस्था तो डूब रही है। कहीं-कहीं जाकर वह देश के बारे में इतना गंदा बोलते हैं कि उन्हें एक ट्यूशन दिया जाना चाहिए। उन्हें शर्म आनी चाहिए कि हर जगह जाकर भारत की अर्थव्यवस्था के बारे में इतना गलत बोलते रहते हैं।''

## भाजपा सत्ता में लौटी तो असम में बांग्लादेशी 'मियां' समुदाय की कमर तोड़ देगी : हिमंत



**ढाकुआखाना (असम) :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि अगर अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाला गठबंधन सत्ता में वापस आता है, तो उनकी सरकार राज्य में बांग्लादेशी 'मियां' समुदाय की ''कमर तोड़ देगी।'' उन्होंने कहा कि सरकार एक ''मजबूत असमिया समाज'' के निर्माण के लिए काम करेगी और अवैध प्रवासी मूल निवासियों को चुनौती नहीं दे सकेंगे। लखीमपुर जिले के ढाकुआखाना में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा, ''हमने राज्य के मूल निवासियों के लिए बहुत मेहनत की है। जो लोग बांग्लादेश से आकर असम की जमीन और घरों पर अतिक्रमण कर रहे थे, हमने राजनीतिक रूप से उनके हाथ-पैर तोड़ दिए।'' उन्होंने कहा, ''इस बार हम बांग्लादेशी मियाओं की कमर तोड़ देंगे, ताकि वे असमिया लोगों के लिए चुनौती बनने की हिम्मत न कर सकें।'' 'मियां' मूल रूप से असम में बांग्ला भाषी मुसलमानों के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक अपमानजनक शब्द है, और गैर-बांग्ला भाषी लोग आम तौर पर उन्हें बांग्लादेशी अप्रवासी मानते हैं। बिहपुरिया में एक अन्य रैली में, शर्मा ने अपने अगले कार्यकाल में युवाओं के लिए दो लाख सरकारी नौकरियों का वादा किया, जबकि 10 लाख युवाओं को उद्यम के लिए दो लाख रुपये प्रति व्यक्ति की सहायता प्रदान की जाएगी।

## राष्ट्रीय सुरक्षा में सेंधमारी के मामले में सात विदेशी नागरिकों की एनआईए हिरासत 10 दिन बढ़ी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने राष्ट्रीय सुरक्षा में सेंध लगाने के आरोपी छह यूक्रेनी नागरिकों समेत सात विदेशी नागरिकों की एनआईए हिरासत शुक्रवार को 10 दिन के लिए बढ़ा दी। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के मुख्यालय में सुनवाई करने वाले एजेंसी के विशेष न्यायाधीश प्रशांत शर्मा ने निर्देश दिया कि आरोपियों को हिरासत में पूछताछ पूरी होने के बाद छह अप्रैल को अदालत में पेश किया जाए। शुक्रवार सुबह न्यायाधीश ने छह यूक्रेनी और एक अमेरिकी नागरिक के खिलाफ न्यायिक कार्यवाही को एजेंसी के मुख्यालय में आयोजित करने को अनुमति दी। अदालत ने कहा कि यह मामला राष्ट्रीय सुरक्षा में सेंध लगाने से संबंधित है और इसकी जांच अत्यंत संवेदनशील है, जिसका वैश्विक प्रभाव भी है। अदालत ने 16 मार्च को आरोपियों को 11 दिन की एनआईए हिरासत में भेज दिया था। आरोपियों की पहचान अमेरिकी नागरिक मैथ्यू आरोन वैन डाइक और यूक्रेनी नागरिकों हुर्बा पेत्रो, स्लिवियक तारास, इवान सुकमानोवस्की, स्टेफांकीव मरियन, होंचारुक मैक्सिम और कामिन्स्की विक्टर के रूप में हुई है। अदालत के सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार को विदेशी नागरिकों ने निष्पक्ष न्यायिक कार्यवाही के लिए स्वतंत्र अनुवादक मुहैया कराने की याचिका दायर की।

## श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर हिमस्खलन के कारण सात लोगों की मौत, पांच अन्य घायल




**श्रीनगर :** श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार को हिमस्खलन की कई घटनाएं हुईं, जिनमें सात लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हुए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोपहर के समय 'जीरो पॉइंट' और मिनिमार्ग के बीच के इलाके में हिमस्खलन की कई घटनाएं हुईं जिससे वाहन मलबे के नीचे दब गए। अधिकारियों ने बताया कि तत्काल बचाव अभियान शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि बर्फ को हटाने और फंसे लोगों को निकालने के प्रयास जारी हैं। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस घटना में सात लोगों की मौत की पुष्टि की। सिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''जोजिला दर्रे पर हिमस्खलन के कारण सात लोगों की दुखद मौत और पांच लोगों के घायल होने की खबर सुनकर गहरा सदमा लगा है। मैं शोकसंतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।'' उन्होंने कहा कि घायलों को हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है।

## देश में रेलवे की 1,068 हेक्टेयर जमीन पर अतिक्रमण: अश्विनी वैष्णव



**नयी दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा को बताया कि देशभर में भारतीय रेल की लगभग 1,068 हेक्टेयर जमीन पर अतिक्रमण है, जो कुल 4.99 लाख हेक्टेयर भूमि का करीब 0.21 प्रतिशत है। उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का जवाब देते हुए वैष्णव ने कहा कि रेलवे की कुल भूमि में से लगभग 80 प्रतिशत पटरियों के पास और 5 प्रतिशत उसके आसपास है तथा शेष 15 प्रतिशत भूमि स्टेशनों, कॉलोनियों, अस्पतालों तथा अन्य विकास कार्यों के लिए उपयोग में लाई जाती है। उन्होंने कहा, देश में रेलवे की लगभग 0.21 प्रतिशत भूमि पर अवैध अतिक्रमण है। मंत्री ने इसे गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि समय-समय पर कार्रवाई की जाती रही है, लेकिन हर बार मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाता है, क्योंकि रेलवे की भूमि पर झुग्गियां मुख्य रूप से गरीब लोगों द्वारा बसाई गई हैं। ''जहां संभव होता है, वहां राज्य सरकारों के साथ मिलकर व्यावहारिक समाधान निकाला जाता है।'' उन्होंने बताया कि रेलवे भूमि की सुरक्षा के लिए कई तकनीकी कदम उठाए गए हैं, जिनमें भूमि का पूर्ण डिजिटलीकरण और इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड को पोर्टल पर उपलब्ध कराना शामिल है। मंत्री ने कहा कि प्रत्येक भूखंड का उचित मानचित्रण कर उसे इलेक्ट्रॉनिक रूप से सुरक्षित किया गया है और ड्रोन व सैटेलाइट के माध्यम से सर्वेक्षण भी किया गया है। ''इससे नए अतिक्रमण को काफी हद तक रोकने में मदद मिली है।'' उन्होंने सूरत का उदाहरण देते हुए कहा कि राज्य सरकार के सहयोग से अतिक्रमणकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास देने का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए भूमि खाली कराई गई और विकास कार्य आगे बढ़ाया गया।

## भारत में 2023 में बच्चों के जन्म के समय प्रति एक लाख में से 24,700 माताओं की मौत: विश्लेषण



**नयी दिल्ली :** भारत 2023 में दक्षिण एशिया और उप-सहारा अफ्रीका के उन देशों में शामिल था जहां मातृ मृत्यु दर सबसे अधिक थी तथा देश में प्रति एक लाख जीवित बच्चों के जन्म के समय 24,700 माताओं की मौत हुई। 'द लैंसेट ऑब्स्टेट्रिक्स, गायनेकोलॉजी और वुमेन्स हेल्थ जर्नल' में प्रकाशित एक नए वैश्विक विश्लेषण में यह खुलासा किया गया है। अनुमान के अनुसार, पाकिस्तान में उसी वर्ष प्रति एक लाख जीवित जन्मों के जन्म के समय 10,300 माताओं की मौत हुई, जबकि अफ्रीकी देशों इथियोपिया और नाइजीरिया में यह आंकड़ा क्रमशः 11,900 और 32,900 था। अमेरिका की वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी के 'इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मैट्रिक्स एंड एवैलुएशन' (आईएचएमई) और वैश्विक सहयोगियों के नेतृत्व में हुए अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बताया कि पिछले तीन दशकों में मातृ मृत्यु दर कम हुई है, लेकिन हाल के वर्षों में गिरावट का रफ्तार धीमी रही है। 'ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज' (जीबीडी) 2023 शोध में 204 देशों और क्षेत्रों में 2023 तक मातृ मृत्यु दर के रुझानों का सबसे ताजा वैश्विक आकलन दिया गया है। साल 2023 में विश्व में कुल 2.4 लाख माताओं की मृत्यु हुई, जो प्रति एक लाख जीवित जन्मों पर 190.5 माताओं की मृत्यु है। यह 1990 की तुलना में एक-तिहाई कम है जब प्रति एक लाख जीवित जन्मों पर 321 माताओं की मौत हुई थी। हालांकि, 204 देशों और क्षेत्रों में से 104 ने अभी तक सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) का लक्ष्य हासिल नहीं किया है। यह एसजीडी प्रति एक लाख जीवित जन्मों पर मातृ मृत्यु 70 से नीचे रखना है। एक ओर मातृ मृत्यु के प्रमुख कारण स्थान के अनुसार भिन्न पाए गए, वहीं वैश्विक रूप से मातृ रक्तस्राव और गर्भावस्था के दौरान उच्च रक्तचाप संबंधी विकारों के कारण सबसे अधिक मौतें हुईं।

### प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों को हटाने के प्रावधान वाले विधेयकों संबंधी समिति का कार्यकाल बढ़ाया गया

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को गंभीर आरोपों में लगातार 30 दिन तक हिरासत में रहने की स्थिति में पद से हटाने के प्रावधान वाले तीन विधेयकों पर विचार करने वाली संसदीय समिति को रिपोर्ट देने के लिए आगामी मानसून सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक का समय दिया गया है। समिति की अध्यक्ष अपराजिता सारंगी ने शुकवार को लोकसभा में 'संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025', 'संघ राज्य क्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2025' और 'जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025' के संबंध में कार्यकाल विस्तार का यह प्रस्ताव रखा जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूर कर लिया।

## वंदे भारत के यात्री को दही में मिले कीड़े: आईआरसीटीसी ने अमूल से स्पष्टीकरण मांगा

**नयी दिल्ली :** भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने शुक्रवार को बताया कि उसने प्रमुख डेयरी ब्रांड अमूल को तलब किया है और पटना-टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस में एक यात्री को परोसे गए उसके पैकेटबंद दही में कथित तौर पर कीड़े मिलने के बाद उससे जवाब मांगा है। निगम की यह कार्रवाई रेल मंत्रालय की उस फटकार के बाद आई है, जिसमें न केवल भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) और सेवा प्रदाता, कृष्णा एंटरप्राइजेस पर भारी जुर्माना लगाया गया, बल्कि उसके (सेवा प्रदाता) अनुबंध को समाप्त करने का निर्देश भी दिया गया। निगम ने एक बयान में कहा, ''पटना-टाटा वंदे भारत ट्रेन में परोसे जाने वाले अमूल दही की गुणवत्ता के बारे में मिली शिकायतों को बहुत गंभीरता से लिया गया है।'' इसमें कहा गया है कि इसने न केवल लाइसेंसधारी और अमूल पर भारी जुर्माना लगाया है, बल्कि अनुबंध को समाप्त करने और लाइसेंसधारक को 'ब्लैकलिस्ट' करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

## ईडी ने पीएमएलए के दूसरे मामले में अल फलाह समूह के अध्यक्ष को गिरफ्तार किया



**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने दिल्ली में 45 करोड़ रुपये की जमीन को धोखाधड़ी से खरीदने से जुड़े धन शोधन के एक नए मामले में अल फलाह समूह के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी को फिर से गिरफ्तार किया है। सिद्दीकी (61) को पहली बार नवंबर 2025 में संघीय जांच एजेंसी ने धनशोधन के एक अलग मामले में गिरफ्तार किया था, जो उसके शिक्षण संस्थानों की मान्यता और प्रमाणन को गलत तरीके से प्रस्तुत करके छात्रों के साथ कथित धोखाधड़ी से जुड़ा है। फरीदाबाद (हरियाणा) स्थित विश्वविद्यालय 10 नवंबर, 2025 को लाल किला के पास हुए विस्फोट से जुड़े एक 'सफेश पोश' आतंकी मॉड्यूल की जांच के दौरान संदेह के घेरे में आया था। इस विस्फोट में 15 लोगों की मौत हो गई थी। विश्वविद्यालय से जुड़े अस्पताल के चिकित्सकों में से एक, डॉ. उमर-उन-नबी पर इस मामले में आत्मघाती हमलावर होने का आरोप है। उसी दिन विस्फोटक से भरी कार चलाते समय उसकी मौत हो गई थी।

## पश्चिम एशिया संकट : पायलटों के संगठन ने उड़ानों, चालक दल के लिए जोखिम का आकलन करने की मांग की

**मुंबई :** पायलटों के संगठन 'एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन (एल्पा) इंडिया' ने शुक्रवार को नागर विमानन मंत्रालय और विमानन नियामक डीजीसीए से आग्रह किया कि पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट के बीच उच्च जोखिम वाले संघर्ष क्षेत्रों के लिए उड़ान संचालन को तब तक निलंबित किया जाए, जब तक केंद्रीय स्तर पर जोखिम का आकलन नहीं हो जाता। संगठन ने युद्ध जोखिम बीमा की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे क्षेत्रों में उड़ान भरने वाले चालक दल के सभी सदस्यों के लिए वैध बीमा कवरेज तुरंत शुरू किया जाए और वैध बीमा कवरेज का सत्यापन किया जाए। उसने कहा कि इस बीमा कवरेज में युद्ध जोखिम से जुड़े प्रावधान शामिल हों। अमेरिका, इजराइल और ईरान से जुड़े पश्चिम एशिया के संघर्ष ने हवाई सेवाओं को काफी प्रभावित किया है, जिसके चलते कई एयरलाइन ने अपनी उड़ानें सीमित कर दी हैं। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को लिखे पत्र में एल्पा इंडिया ने कहा कि वाणिज्यिक एयरलाइन के पास संघर्ष क्षेत्रों में खतरों का सही आकलन करने के लिए आवश्यक खुफिया, निगरानी और भू-राजनीतिक विश्लेषण की क्षमता नहीं होती, इसलिए डीजीसीए को तत्काल समीक्षा कर ऐसे क्षेत्रों में उड़ानों को रोकना चाहिए।

## झारखंड: धनबाद में रामनवमी शोभा यात्रा के दौरान पथराव में छह लोग घायल



**धनबाद :** झारखंड के धनबाद जिले के भिकराईपुर में राम नवमी शोभा यात्रा के दौरान शुक्रवार शाम हुई पथराव की घटना में करीब छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। सभी घायलों की हालत स्थिर है और इलाज के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) प्रभात कुमार ने कहा, ''शोभा यात्रा के दौरान दो समुदायों के किशोरों के बीच पथराव की मामूली घटना हुई। पुलिस ने हस्तक्षेप किया और स्थिति जल्द ही नियंत्रण में आ गई। फिलहाल इलाके में सब कुछ सामान्य है। धनबाद सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने कहा कि आधे घंटे के भीतर स्थिति सामान्य हो गई।

## लाल किला विस्फोट : एनआईए ने जांच पूरी करने के लिए 45 दिन का और समय दिया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को पिछले साल 10 नवंबर को लाल किले के पास हुए विस्फोट के संबंध में अपनी जांच पूरी करने के लिए 45 दिन का और समय दिया। विशेष न्यायाधीश प्रशांत शर्मा ने एजेंसी को अतिरिक्त समय दिया और कई आरोपियों की न्यायिक हिरासत भी बढ़ा दी। अब तक आतंकवाद रोधी एजेंसी ने इस मामले में 11 गिरफ्तारियां की हैं। इससे पहले, 23 मार्च को एजेंसी ने समय बढ़ाने के लिए याचिका दायर की थी और इसका एक कारण यह था कि फरवरी में हुई नयी गिरफ्तारियों के कारण उसे पूरी साजिश की जांच के लिए और समय चाहिए। पिछले महीने एनआईए ने दिल्ली बम विस्फोट से संबंधित साजिश में सक्रिय रूप से शामिल होने के आरोप में जम्मू कश्मीर से जमीर अहमद अहनगर और तुफैल अहमद भट को गिरफ्तार किया था। उसी दिन एजेंसी द्वारा दायर एक आवेदन में कहा गया कि कई आरोपियों को उनके डिजिटल उपकरणों से हासिल की गयी ''कट्टरपंथी सामग्री'' की व्याख्या करने के लिए आमने-सामने पूछताछ करने की आवश्यकता है।

## ईशान किशन आत्मविश्वास से भरा खिलाड़ी और कप्तान है : विटोरी



**बेंगलुरू:** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने शुक्रवार को कहा कि ईशान किशन को कार्यवाहक कप्तान बनाने का फैसला लेने में टीम प्रबंधन को हिचक नहीं हुई क्योंकि वह आत्मविश्वास से भरा खिलाड़ी और कप्तान है। नियमित कप्तान पैट कमिंस कमर की चोट के कारण आईपीएल 2026 के शुरूआती चरण से बाहर रहेंगे। विटोरी ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा,' ईशान लंबे समय से आईपीएल खेल रहा है। वह कई टीमों के साथ खेला है और काफी सफल रहा है। उसमें आत्मविश्वास कूट कूटकर भरा है।' उन्होंने कहा,' वह अंडर 19 टीमों और इस साल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीतने वाली अपने प्रदेश की टीम का कप्तान रह चुका है। वह आत्मविश्वास से भरा खिलाड़ी और कप्तान है और यही देखकर उसे कप्तानी दी गई।' उन्होंने कहा,' अभिषेक और उसका तालमेल अच्छा है। दोनों अच्छे दोस्त हैं और टीम को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। इस सत्र में दोनों मोर्चे से अगुवाई करेंगे।' विटोरी ने कहा कि कमिंस अगले पखवाड़े में कप्तानी के लिये लौट सकते हैं। उन्होंने कहा,' उसकी फिटनेस जबर्दस्त रही है और कुछ समय से खेल से बाहर होने के कारण उसके पास फिटनेस पर काम करने के लिये समय भी है। गेंदबाजी का कार्यभार ही चुनौती थी और उसे लेकर एक बार क्रिकेट आस्ट्रेलिया से मंजूरी मिलने के बाद वह अगले 10 . 12 दिन में आ सकता है।'

## नवनीत कौर और हार्दिक सिंह को हॉकी इंडिया वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार



**नयी दिल्ली:** अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर और मिडफील्डर हार्दिक सिंह को यहां आठवें सालाना पुरस्कारों में वर्ष 2025 के सर्वश्रेष्ठ महिला और पुरुष खिलाड़ी का हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार दिया गया। दोनों खिलाड़ियों को पुरस्कार के तौर पर 20 लाख रुपये का चेक दिया गया। इसके साथ ही 1980 मॉस्को ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे जफर इकबाल को मेजर ध्यानचंद 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से नवाजा गया। जफर इकबाल ने इस मौके पर कहा, 'मैं चाहता हूं कि भारतीय हॉकी टीम फिर से ओलंपिक चैम्पियन बने। ओलंपिक और विश्व कप जीतना आसान नहीं होता लेकिन मुझे टीम पर पूरा यकीन है कि हम फिर स्वर्ण पदक जीतेंगे।' वर्ष 2025 की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का बलजीत सिंह पुरस्कार बिछू देवी खारीबम को दिया गया जबकि हॉकी इंडिया परगट सिंह सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का पुरस्कार संजय ने जीता। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर का अजित पाल सिंह पुरस्कार सुमित को और सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड का धनराज पिल्लै पुरस्कार सुखजीत सिंह को मिला। सभी खिलाड़ियों को पांच पांच लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया।

# आरसीबी की नजर खिताब बचाने पर, सीएसके, केकेआर और मुंबई भी प्रबल दावेदार



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के नए सत्र की शुरुआत के साथ ही क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है। मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) इस बार अपने खिताब का बचाव करने के इरादे से मैदान में उतरेगी, जबकि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके), मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) जैसी दिग्गज टीमें अपनी खोई प्रतिष्ठा वापस पाने की कोशिश करेंगी। बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी अपने अभियान की शुरुआत सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ करेगी। टीम की नजर जीत के साथ आगाज करने पर होगी, लेकिन पिछले साल खिताब जीत के जश्न के दौरान हुई भगदड़ की घटना के कारण माहौल भावुक भी रहेगा। इस हादसे में जान गंवाने वाले 11 लोगों की स्मृति में स्टेडियम में 11 सीटें खाली रखी जाएंगी और खिलाड़ी विशेष रूप से उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। आरसीबी के लिए इस बार सबसे बड़ी चुनौती गेंदबाजी विभाग में संतुलन बनाना होगा। जोश हेज़लवुड और यश दयाल की अनुपस्थिति टीम को खलेगी, ऐसे में भुवनेश्वर कुमार, क्रुणाल पंड्या और अन्य गेंदबाजों पर जिम्मेदारी बढ़ेगी। दूसरी ओर, सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस शुरुआती मैचों में उपलब्ध नहीं होंगे और ईशान किशन टीम की कमान संभालेंगे। दोनों टीमों की ताकत उनकी बल्लेबाजी है। आरसीबी के पास विराट कोहली, रजत पाटीदार, टिम डेविड और फिल साल्ट जैसे धाकड़ बल्लेबाज हैं, जबकि हैदराबाद की ओर से ट्रैविस हेड, हेनरिक क्लासेन और अभिषेक शर्मा बड़ा स्कोर खड़ा करने में सक्षम हैं। दूसरी ओर, मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स पर भी सबकी नजरें रहेंगी। मुंबई अपनी छठी ट्रॉफी के लक्ष्य के साथ उतरेगी, जबकि चेन्नई को महेंद्र सिंह धोनी से एक बार फिर बड़ी उम्मीदें होंगी, जो संभवत: अपना आखिरी आईपीएल खेल सकते हैं। केकेआर की कमान अजिंक्य रहाणे के हाथों में है और रिंकू सिंह फिनिशर की भूमिका निभाएंगे। इस सत्र में रोहित शर्मा और विराट कोहली पर भी खास नजरें रहेंगी। रोहित अपने बल्लेबाजी प्रदर्शन को बेहतर बनाने की कोशिश करेंगे, जबकि कोहली पिछली सफलता को दोहराने के इरादे से उतरेंगे। इसके अलावा राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटन्स भी खिताब के प्रबल दावेदार हैं, जबकि दिल्ली कैपिटल्स, पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपरजायंट्स पहली बार ट्रॉफी जीतने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरेंगी। कुल मिलाकर, आईपीएल का यह सत्र रोमांच, प्रतिस्पर्धा और नए सितारों के उभार से भरपूर होने वाला है, जिसमें अगले दो महीनों तक दर्शकों को शानदार क्रिकेट देखने को मिलेगा।

## कोहली अभी भी अपने खेल के शिखर पर है : आरसीबी मुख्य कोच फ्लावर

**बेंगलुरू:** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने शुक्रवार को कहा कि आईपीएल के 18 साल में विराट कोहली का एक खिलाड़ी के तौर पर नयी ऊंचाइयों को छूने का जज्बा और भूख कम नहीं हुई है और वह अभी भी अपने खेल के शिखर पर है। कोहली ने पिछले साल आरसीबी के लिये सर्वाधिक 657 रन बनाये जिसकी मदद से टीम ने पहली बार खिताब जीता। फ्लावर ने मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा,' मैं उसे करीब से (कोहली को नेट्स पर बल्लेबाजी करते) देख रहा हूं। वह अपने खेल के शिखर पर है और सुपर फिट भी। वह जबर्दस्त फिट, छरहरा और जीत का भूख लग रहा है।' उन्होंने कहा,' वह हमेशा से पक्का इरादा रखने वाला रहा है और मुझे लगता है कि वह जिस मानसिक और भावनात्मक स्थिति में वह है , उसमें एक इंसान के तौर पर खुद के साथ बहुत सहज है, लेकिन वह एक पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर खुद को आगे बढ़ाने के लिए भी बहुत भूखा है।' न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू वनडे श्रृंखला के बाद कोहली का यह पहला टूर्नामेंट होगा। फ्लावर ने हालांकि कहा,' हमने इस अंतराल के बारे में बात की है। मुझे शीर्ष खिलाड़ियों को खेलने के अलावा अभ्यास करते देखने में बहुत मजा आता है। जब मैं खेलता था तब मैं सचिन को अभ्यास करते देखता था। अब कोच के तौर पर भी मुझे धुरंधरों को अभ्यास करते देखना अच्छा लगता है।'

## हम 31 मई को चिन्नास्वामी में खेलेंगे और ट्रॉफी जीतेंगे: पंजाब किंग्स के बल्लेबाज शशांक सिंह



**नयी दिल्ली:** पिछले साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल में चूकने के बाद शशांक सिंह को पूरा भरोसा है कि पंजाब किंग्स इस सत्र में 31 मई को बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतेगी। पंजाब किंग्स एक दशक के लंबे इंतजार के बाद फाइनल में पहुंची थी लेकिन टीम खिताबी मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से छह रन से हारकर मौका चूक गई। शशांक ने शुक्रवार को कहा, 'मुझे पता है कि 31 मई को हम चिन्नास्वामी में खेलेंगे और कप जीतेंगे। यह सिर्फ एक अहसास नहीं है, बल्कि मुझे यह पक्का पता है कि ऐसा जरूर होगा।'उन्होंने कहा, 'यह खुद पर और टीम पर भरोसा है। हर किसी की एक ही सोच है। हर कोई आत्मविश्वास से भरा है।' पंजाब किंग्स का पिछला सत्र शानदार रहा था जिसमें उन्होंने 14 मैच में नौ जीत के साथ लीग चरण में शीर्ष स्थान हासिल किया था और फिर दूसरे क्वालीफायर में मुंबई इंडियंस को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की थी। जब उनसे पूछा गया कि वे पिछले साल के प्रदर्शन को दोहराने की क्या योजना बना रहे हैं तो शशांक ने 'जियोस्टार प्रेस रूम' में कहा, 'हम एक बार में एक मैच पर ही ध्यान लगाएंगे क्योंकि हमारा अंतिम लक्ष्य ट्रॉफी जीतना है।'

## कंपाउंड तीरंदाजों का दबदबा रहा, भारत ने 10 पदक जीते



**बैंकॉक:** बैंकॉक में आयोजित एशिया कप विश्व रैंकिंग तीरंदाजी टूर्नामेंट के पहले चरण में भारतीय कंपाउंड तीरंदाजों का दबदबा देखने को मिला, जहां भारत ने कुल 10 पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। इनमें दो स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं। यह प्रदर्शन पिछली बार के आठ पदकों से बेहतर रहा, हालांकि तब भारत ने पांच स्वर्ण जीते थे। दिन का सबसे बड़ा आकर्षण पुरुषों के कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में भारत का क्लीन स्वीप रहा। उदय कंबोज ने बेहद रोमांचक फाइनल में प्रथमेश जवकर को 145-144 से हराकर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीता। वहीं अनुभवी रजत चौहान ने कांस्य पदक मुकाबले में थाईलैंड के पीरावत रत्तनपोंगकियात को इसी अंतर से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। इस तरह भारत ने इस स्पर्धा के तीनों पदक अपने नाम किए। मिश्रित टीम स्पर्धा में चिकिता तनिपार्थी और रजत चौहान की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मलेशिया को 158-156 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। मुकाबला बेहद करीबी रहा, जिसमें भारतीय जोड़ी ने संयम और सटीकता का परिचय दिया। अंतिम सेट में लगातार चार 10 अंक लगाकर उन्होंने जीत सुनिश्चित की। महिला कंपाउंड टीम स्पर्धा में भारत को फाइनल में कजाखस्तान के हाथों 227-229 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे उसे रजत पदक से संतोष करना पड़ा। चिकिता, राज कौर और तेजल साल्वे की टीम ने अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन तीसरे सेट में कमजोर प्रदर्शन ने मैच का रुख बदल दिया। महिला व्यक्तिगत कंपाउंड वर्ग में 18 वर्षीय तेजल साल्वे ने कांस्य पदक जीतकर भारत की झोली में एक और सफलता डाली। उन्होंने रूसी खिलाड़ी मारिया दिमिडियुक को 144-135 से हराया।हालांकि रिकर्व वर्ग में भारत को निराशा हाथ लगी, जहां कोई भी तीरंदाज स्वर्ण पदक नहीं जीत सका। महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में रिधि को फाइनल में मंगोलिया की ओयुन एर्डेन बासंडोर्ज से हारकर रजत पदक मिला। वहीं पुरुष टीम स्पर्धा में भारतीय टीम को कजाखस्तान के खिलाफ शूट-ऑफ में हार का सामना करना पड़ा और उसे भी रजत पदक से संतोष करना पड़ा। कुल मिलाकर, कंपाउंड वर्ग में भारत का प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा, जिसने टूर्नामेंट में उसकी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई।

## चिन्नास्वामी स्टेडियम में आईपीएल के पहले मैच से पहले सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया

**बेंगलुरु:** मुख्य सचिव शालिनी रजनीश ने शुक्रवार को अधिकारियों और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की जिसमें एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच से पहले सुरक्षा और बचाव के इंतजामों का जायजा लिया गया। आईपीएल कार्यक्रम के मुताबिक दुनिया की सबसे बड़ी टी20 लीग का 19वां सत्र 28 मार्च से शुरू हो रहा है। इस टूर्नामेंट का पहला मैच यहीं खेला जाएगा जिसमें मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। फिर पांच अप्रैल को आरसीबी का मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से होगा।

समाज्ञा

# व्यापार

## जन विश्वास विधेयक में 'ड्राइविंग लाइसेंस' की वैधता समाप्त होने के बाद 30 दिन की छूट अवधि का प्रस्ताव



**नयी दिल्ली:** सरकार ने मोटर वाहन अधिनियम में संशोधन करने का प्रस्ताव रखा है। इसके तहत ड्राइविंग लाइसेंस की अवधि समाप्त होने के बाद 30 दिन की छूट अवधि दी जाएगी। इस दौरान लाइसेंस वैध बना रहेगा। यह प्रस्ताव जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक, 2026 का हिस्सा है, जिसे शुक्रवार को लोकसभा में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने पेश किया। इस विधेयक के तहत 23 मंत्रालयों के अंतर्गत आने वाले 79 केंद्रीय कानूनों में संशोधन का प्रस्ताव है। कुल 784 प्रावधानों में बदलाव किए जाने का प्रस्ताव है, जिनमें से 717 प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से हटाकर व्यवसाय सुगमता बढ़ाने के लिए संशोधित किया जाएगा। वहीं 67 प्रावधानों में आम लोगों की जीवन को सुगम बनाने के लिए संशोधन प्रस्तावित हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार, मोटर वाहन अधिनियम के तहत 20 संशोधन प्रस्तावित हैं, जिनका उद्देश्य अधिनियम के कुछ नियमों में राहत देना और कानूनी अस्पष्टताओं को दूर करना है। विधेयक के प्रस्ताव के अनुसार, अब वाहन का पंजीकरण पूरे राज्य में किया जा सकेगा, किसी विशेष क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा। इसके अलावा, यदि ड्राइविंग लाइसेंस की अवधि समाप्त होने के बाद नवीनीकरण के लिए आवेदन किया जाता है, तो लाइसेंस नवीनीकरण की तारीख से प्रभावी होगा, न कि समाप्ति की तारीख से।

## आईफोन उपयोगकर्ता भी अब एक ही फोन पर चला पाएंगे व्हाट्सऐप के दो खाते

**नयी दिल्ली:** मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सऐप ने कई नई सेवाएं शुक्रवार को पेश कीं। इनके तहत एप्पल आईफोन उपयोगकर्ता अब एक ही फोन पर दो खाते एक साथ चला सकेंगे। इसके अलावा तस्वीर संपादन और संदेश लिखने के लिए नए कृत्रिम मेधा (एआई) उपकरण भी जोड़े गए हैं। कंपनी ने कहा कि 'टू अकाउंट्स, वन फोन' सेवा जो पहले केवल एंड्रॉयड उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध थी अब आईओएस पर भी शुरू की जा रही है। व्हाट्सऐप ने अपने 'ब्लॉग पोस्ट' में कहा कि इस 'अपडेट' के बाद उपयोगकर्ताओं को व्यक्तिगत एवं कामकाजी बातचीत के लिए दो अलग-अलग फोन रखने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। ऐप के नीचे वाले 'टैब' में दिखाई देने वाली 'प्रोफाइल' तस्वीर के जरिये उपयोगकर्ता सक्रिय खाते की पहचान कर सकेंगे। जनरेटिव यानी सृजन से जुड़े एआई के बढ़ते उपयोग के बीच व्हाट्सऐप ने मेटा एआई को सीधे 'चैट' में एकीकृत किया है। उपयोगकर्ता अब किसी तस्वीर को भेजने से पहले तस्वीर में सुधार कर सकते हैं, अनचाहे तत्व हटा सकते हैं, पृष्ठभूमि बदल सकते हैं या अलग-अलग शैली लागू कर सकते हैं। एआई उपकरण से जुड़ी संभावित सुरक्षा चिंताओं पर कंपनी ने जोर देते हुए कहा कि उपयोगकर्ताओं की चैट 'पूरी तरह निजी' रहेंगी।

## डीजल, एटीएफ निर्यात पर लगाए गए अप्रत्याशित लाभ कर की हर पखवाड़े होगी समीक्षा: सीबीआईसी

**नयी दिल्ली:** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन विवेक चतुर्वेदी ने शुक्रवार को कहा कि सरकार डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) पर लगाए गए विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क या अप्रत्याशित लाभ कर की हर पखवाड़े समीक्षा करेगी। चतुर्वेदी ने संवाददाताओं को जानकारी देते हुए कहा कि विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) लगाने का उद्देश्य डीजल और एटीएफ की घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि एसएईडी से पहले पखवाड़े में लगभग 1,500 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होने का अनुमान है।

# वैश्विक अनिश्चितताओं, कच्चे तेल में तेजी के साथ सेंसेक्स 1,690 अंक लुढ़का, निफ्टी भी नुकसान में



**मुंबई:** स्थानीय शेयर बाजारों में शुक्रवार को दो दिन की तेजी थम गयी और बीएसई सेंसेक्स 1,690 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी में 487 अंक की गिरावट आई। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और पश्चिम एशिया में संघर्ष में कमी आने के संकेत के अभाव में बाजार में गिरावट आई। कारोबारियों के अनुसार कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर रहने, रुपये में गिरावट और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली ने भी बाजार की धारणा को कमजोर किया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,690.23 अंक यानी 2.25 प्रतिशत गिरकर 73,583.22 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,739.04 अंक टूटकर 73,534.41 तक पहुंच गया। बीएसई में सूचीबद्ध कुल शेयरों में से 3,544 शेयरों में गिरावट, 822 में बढ़त और 135 शेयर स्थिर रहे। एनएसई का 50 शेयरों वाला निफ्टी 486.85 अंक यानी 2.09 प्रतिशत गिरकर 22,819.60 पर बंद हुआ। छुट्टियों के कारण कम कारोबारी दिवस वाले सप्ताह में, बीएसई सेंसेक्स 949.74 अंक टूटा और निफ्टी 294.9 अंक नीचे आ गया। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (अनुसंधान) अजीत मिश्रा ने कहा, अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष के कारण निवेशकों की धारणा कमजोर रही। इस संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर के पार चली गईं। लगातार विदेशी निवेशकों की बिकवाली और रुपये में गिरावट ने जोखिम लेने की क्षमता और कम कर दी। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में सबसे ज्यादा 4.55 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, उसके बाद इंटरग्लोब एविएशन, बजाज फाइनेंस, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, इटरनल और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में भी गिरावट आई। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारती एयरटेल और पावर ग्रिड कॉरपोरेशन में बढ़त दर्ज की गई। बीएसई मिडकैप सिलेक्ट सूचकांक में 2.12 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि स्मॉलकैप सिलेक्ट सूचकांक 1.77 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.72 प्रतिशत बढ़कर 109.9 डॉलर प्रति बैरल हो गया। रुपया 86 पैसे कमजोर होकर 94.82 के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का 'कॉस्पी' और जापान का 'निक्की नुकसान में रहे, जबकि शंघाई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग कस हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए।

### भारतीय ईंधन की खेप शनिवार को पहुंचेगी श्रीलंका: अधिकारी

**कोलंबो:** भारत से 38,000 टन डीजल और पेट्रोल की संयुक्त खेप शनिवार को श्रीलंका पहुंचने वाली है। भारतीय उच्चायोग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच 24 मार्च को टेलीफोन पर हुई बातचीत के परिणामस्वरूप ईंधन खेप कोलंबो बंदरगाह पर पहुंचेगी। इस 38,000 टन की खेप में 20,000 टन डीजल और 18,000 टन पेट्रोल शामिल है। खेप इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) के स्थानीय परिचालन, लंका आईओसी (एलआईओसी) के माध्यम से आपात सहायता के रूप में यहां पहुंचेगी। पश्चिम एशिया में अस्थिर स्थिति को देखते हुए ऊर्जा स्थिरता के लिए सहायता के संबंध में श्रीलंका ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बातचीत की थी। अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी से ईरान के खिलाफ संयुक्त हमले शुरू किए जिसने बदले में जवाबी कार्रवाई की। इससे युद्ध पूरे खाड़ी क्षेत्र में फैल गया।

## नोएडा हवाई अड्डा वाणिज्य एवं संपर्क को बढ़ावा देगा: प्रधानमंत्री मोदी

**आज प्रधानमंत्री मोदी 11,282 करोड़ रुपये की लागत वाले नोएडा हवाई अड्डे के पहले चरण का करेंगे उद्घाटन**



**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा वाणिज्य और संपर्क को बढ़ावा देगा तथा दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे पर भीड़भाड़ कम करेगा। प्रधानमंत्री ने हवाई अड्डे के उद्घाटन से एक दिन पहले कहा कि नोएडा हवाई अड्डा देश की प्रमुख नई परियोजनाओं में से एक है। यात्री सेवाओं के अलावा इसमें एक मजबूत मालवाहक प्रणाली भी होगी जिससे लॉजिस्टिक क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। मोदी शनिवार को उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले में नवनिर्मित नोएडा हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे जिसे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रवेश द्वार के रूप में परिकल्पित किया गया है। उन्होंने कहा,' कल 28 मार्च को उत्तर प्रदेश और एनसीआर के लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण दिन है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन होगा। इससे वाणिज्य और संपर्क को बढ़ावा मिलेगा। यह दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) पर भीड़भाड़ कम करेगा।' नोएडा हवाई अड्डे को दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) क्षेत्र के लिए दूसरे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में विकसित किया गया है जो दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का पूरक होगा। आधिकारिक बयान में कहा गया कि इसका उद्घाटन भारत की वैश्विक विमानन केंद्र बनने की दिशा में यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नोएडा हवाई अड्डा भारत की सबसे बड़ी नई हवाई अड्डा परियोजनाओं में से एक है। बयान में कहा गया कि दिल्ली और नोएडा हवाई अड्डे मिलकर एक एकीकृत विमानन प्रणाली के रूप में कार्य करेंगे, जिससे भीड़भाड़ कम होगी, यात्री क्षमता बढ़ेगी और दिल्ली-एनसीआर को विश्व के प्रमुख विमानन केंद्रों में स्थान मिलेगा। नोएडा हवाईअड्डे के पहले चरण को सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत 11,200 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है। इस हवाईअड्डे की यात्री संभालने की क्षमता शुरुआत में प्रतिवर्ष 1.2 करोड़ यात्रियों की होगी। पूरी तरह विकसित होने पर इसे बढ़ाकर प्रतिवर्ष सात करोड़ यात्रियों तक बढ़ाया जा सकेगा।

## न्यूज अपडेट

### अदालत ने रिलायंस इंडस्ट्रीज, मुकेश अंबानी के खिलाफ सीबीआई जांच की याचिका खारिज की

**मुंबई:** बंबई उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और उसके चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जांच की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि कंपनी ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ओएनजीसी के कृष्णा-गोदावरी बेसिन क्षेत्रों से प्राकृतिक गैस का अवैध रूप से निकाला गया है।। मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति सुमन श्याम की पीठ ने याचिकाकर्ता जितेंद्र मारू की याचिका को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता ने चोरी, बेईमानी, गबन और आपराधिक विश्वासघात जैसे अपराधों के लिए प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की थी। अदालत के आदेश की प्रति अभी उपलब्ध नहीं हुई है।

### केंद्र की वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में बाजार से 8.20 लाख करोड़ रुपये उधार लेने की योजना

**नयी दिल्ली:** केंद्र सरकार राजस्व अंतर को पूरा करने के लिए 2026-27 के अप्रैल-सितंबर अवधि के दौरान दिनांकित प्रतिभूतियों के जरिये बाजार से आठ लाख करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि 2026-27 के बजट अनुमान में सकल बाजार उधारी 17.20 लाख करोड़ रुपये थी। बजट पेश होने के बाद से परिपक्व हो चुकी कुछ सरकारी प्रतिभूतियों की पुनर्खरीद हुई, जिससे सकल बाजार उधारी घटकर 16.09 लाख करोड़ रुपये रह गई। उसने कहा,' 16.09 लाख करोड़ रुपये में से 8.20 लाख करोड़ रुपये (51 प्रतिशत) पहली छमाही में दिनांकित प्रतिभूतियों के जरिये उधार लेने की योजना है। इसमें 15,000 करोड़ रुपये के सरकारी हरित बॉन्ड (एसजीआरबी) भी शामिल हैं।' वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 प्रतिशत के बराबर अनुमानित राजकोषीय घाटे को पूरा करने के लिए 17.2 लाख करोड़ रुपये उधार लेने का प्रस्ताव रखा था। कुल राशि के रूप में 2026-27 के लिए राजकोषीय घाटा 16.9 लाख करोड़ रुपये आंका गया है।

### बीते वर्ष बेरोजगारी मामूली घटकर 3.1 प्रतिशत पर

**नयी दिल्ली :** देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए समग्र बेरोजगारी दर जनवरी से दिसंबर 2025 के दौरान मामूली घटकर 3.1 प्रतिशत रह गई, जो एक वर्ष पहले 3.2 प्रतिशत थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) 2025 में कहा गया कि बेरोजगारी दर के अनुमान विभिन्न क्षेत्रों और स्त्री एवं पुरुष में बेरोजगारी कम करने की दिशा में निरंतर प्रगति का संकेत देते हैं। सर्वेक्षण के अनुसार देश में महिलाओं की बेरोजगारी दर 2025 में 3.1 प्रतिशत पर ही बनी रही, जो एक वर्ष पहले के स्तर के बराबर है। वहीं पुरुषों के लिए यह 2025 में 3.3 प्रतिशत से घटकर 3.1 प्रतिशत हो गई। इसमें कहा गया कि 2025 में ग्रामीण बेरोजगारी दर 2.4 प्रतिशत रही, जो एक वर्ष पहले 2.5 प्रतिशत थी। ग्रामीण क्षेत्रों में महिला बेरोजगारी दर 2.1 प्रतिशत रही, जो पुरुषों की बेरोजगारी दर (2.6 प्रतिशत) से कम है। शहरी क्षेत्रों में पुरुष और महिला बेरोजगारी दर क्रमशः 4.2 प्रतिशत और 6.4 प्रतिशत तक कम हुई। स्व-रोजगार का हिस्सा कुल स्तर पर 2024 के 57.5 प्रतिशत से घटकर 2025 में 56.2 प्रतिशत रह गया। पुरुषों में यह 52.9 प्रतिशत से घटकर 52 प्रतिशत और महिलाओं में 66.5 प्रतिशत से घटकर 64.2 प्रतिशत हो गया । रिपोर्ट में कहा गया कि इस कमी के साथ नियमित वेतनभोगी रोजगार का हिस्सा बढ़कर 22.4 प्रतिशत से 23.6 प्रतिशत हो गया। यह वृद्धि पुरुषों में 25.4 प्रतिशत से बढ़कर 26.5 प्रतिशत और महिलाओं में 16.6 प्रतिशत से बढ़कर 18.2 प्रतिशत हुई।

वर्ष 11, पूर्णांक 3544 अंक 010 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in